* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 270

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

'पीएम प्रणाम योजना' की सीकर से शुरुआत करेंगे प्रधानमंत्री, किसान सम्मान की 14वीं किस्त भी करेंगे जारी






## मुख्यमंत्री ने गिरिडीह को दी 188 योजनाओं की सौगात

# प्रवासी मजदूरों के हितों को लेकर भी सरकार गंभीर : हेमंत सोरेन

- महाराष्ट्र में झारखंड के मजदूरों के लिए खुलेगा सेंटर, अधिकारी भी होंगे प्रतिनियुक्त
- समस्याओं को लटकाने की बजाए उसके निपटारे की नीति पर कर रहे कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य से रोजगार के लिए बड़ी संख्या में मजदूरों का पलायन होता है। इन मजदूरों के कल्याण और हितों के संवर्धन के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में विभिन्न राज्यों के साथ समझौता करने की कार्य योजना बनायी है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र के साथ समझौता हो चुका है। यहां अब झारखंड के मजदूरों के लिए सेंटर होगा। यहां अधिकारी भी प्रतिनियुक्त किये जायेंगे, जो मजदूरों की समस्याओं को सुनेंगे और उसका समाधान करेंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को गिरिडीह के डुमरी में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।



### तस्वीर और तकदीर बदलने का कर रहे काम

हेमंत ने कहा कि झारखंड के अलग राज्य बने दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार और कई अन्य क्षेत्र में राज्यवासियों की उम्मीदें पूरी नहीं हो सकी। गरीबी और पिछड़ापन का टैग झारखंड के साथ जुड़ा रहा। हमारी सरकार विभिन्न चुनौतियों के बीच लगातार राज्य के विकास को गति दे रही है। हम कोरोना काल में भी लोगों को जीवन और जीविका के साधन उपलब्ध कराये और अब झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए पूरी ताकत के साथ काम कर रहे हैं।

### बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों का सिलसिला शुरू हो चुका है । कई विभागों में बड़े पैमाने पर अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे जा चुके हैं और आगे भी यह जारी रहेगा। प्रतियोगिता परीक्षाओं का रिजल्ट समय पर प्रकाशित हो और इसमें पूरी पारदर्शिता का ख्याल रखा जाये, इस बाबत अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये गये हैं।

### वर्षों से लंबित समस्याओं का कर रहे समाधान

हेमंत ने कहा कि हमारी सरकार समस्याओं को लटकाने की बजाय उसके निपटारे की नीति पर कार्य कर रही है। पारा शिक्षकों और सहायिका-सेविका के वर्षों से लंबित मांगों को पूरा किया है, तो सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना फिर से बहाल कर दी गयी है। दूसरी तरफ 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम से सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के दरवाजे पर पहुंचकर अधिकारियों ने आपकी समस्याओं का समाधान किया है। आपको विभिन्न योजनाओं से जोड़ा है।

### बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में देने की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इसका उदाहरण है। यहां के शिक्षकों को आइआइएम से प्रशिक्षण दिलाया गया है।

### खेलों को नया आयाम देने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास की दिशा में भी कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। गांव - पंचायतों में खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं । पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है।

### हर वर्ग और हर तबके के लिए चल रहीं योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को पेंशन दे रहे हैं तो युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना है। किसानों-पशुपालकों के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना चल रही है तो हड़िया- शराब बेचने वाली महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए फूलो- झानो आशीर्वाद योजना है। पढ़ने वाली बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए मरङ गोमके छात्रवृत्ति योजना चल रही है।

## पतरातू में सोमवार को हुई थी गोलीबारी

# डीएसपी और दारोगा पर गोली चलाने वाला बॉबी साव गिरफ्तार

- एटीएस डीएसपी नीरज और दारोगो सोनू हो गये थे घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** पतरातू में एटीएस डीएसपी नीरज कुमार और दारोगा सोनू पर गोलीबारी करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्यवाई की है। पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी बॉबी साव को हथियार के साथ पकड़ने की बात सामने आ रही है। पुलिस आरोपी को गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है। उसके निशानदेही पर लगातार छापामारी कर रही है। पुलिस को बड़े हथियार की तलाश है। फिलहाल मुख्य आरोपी पतरातु पुलिस के हिरासत में है।



### सोमवार रात को हुई थी घटना

गौरतलब है कि कुख्यात अपराधी अमन साहू गैंग के गुर्गा चंदन साव के निशानदेही पर एटीएस रांची की टीम डीएसपी नीरज कुमार के नेतृत्व में बॉबी साव एवं अन्य को पकड़ने के लिए सोमवार रात को पतरातू थाना क्षेत्र के टेरपा पहुंची थी। इसी दौरान बॉबी साव ने टीम पर फायर कर दिया। जिससे डीएसपी नीरज और दारोगा सोनू घायल हो गये। जिसके बाद बॉबी के तलाश में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया था।

### लोहरदगा से किया गिरफ्तार

पुलिस सूत्र ने बताया बॉबी साव पुलिस टीम को 24 घंटे खूब इधर उधर घुमाया। इसी दौरान मंगलवार की देर रात्रि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि बॉबी साव लोहरदगा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र में अपने एक रिश्तेदार के यंहा है। जिसके बाद वन्हा छापामारी की गयी। पहले उसकी पत्नी को हिरासत में लिया गया। जिसके बाद आरोपी बॉबी खुद पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। बॉबी को लेकर पुलिस पतरातू आ गयी है। सूत्रों ने बताया कि बॉबी साव के पास से पुलिस चार हथियार बरामद किये हैं। साथ ही और भी हथियार मिलने की आसार हैं। उसकी निशानदेही पर हथियार बरामद करने में जुटी है।

### पुलिस को है एके-47 की तलाश

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पतरातू में अमन के गुर्गे के पास एके-47 जैसे आधुनिक हथियार हैं। जो बॉबी को पता है। इसी को लेकर पुलिस ने एटीएस से समय लेकर बॉबी से पूछताछ कर संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है। हालांकि अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है।

### पत्नी के गर्भवती होने के कारण नहीं भाग सका बॉबी

पुलिस सूत्र ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद बॉबी पत्नी के साथ झारखंड से बाहर भागना चाहता था। वह मोटरसाइकिल से पत्नी को लेकर बाहर भाग रहा था। इसबीच पुलिस की दबिश ज्यादा पड़ गयी।

# पहली बार 26 हजार पदों पर निकली नियुक्ति

- शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को अग्रणी बनाना हेमंत सरकार का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने नियुक्ति प्रक्रिया को गति देने की दिशा में तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत झारखंड के इतिहास में पहली बार एक साथ 26 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। जिन 26 हजार पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, वे सभी राज्य के विद्यालयों में नियुक्त किये जाने वाले सहायक आचार्य के पद हैं। इसके साथ झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने अभी तक लगभग 35 हजार से अधिक रिक्तियों के लिए विज्ञापन निकाल दिया है। सहायक आचार्यों की नियुक्ति होने से विद्यालयों में पठन-पाठन को बल मिलेगा। साथ ही इससे विद्यालयों में शिक्षकों की जो कमी है, उसे पूरा कर शिक्षक-छात्र अनुपात में भी बढ़ोत्तरी होगी।

## न्यूज रील्स

### योगी सरकार 948 विरासत वृक्षों को संवारेगी

लखनऊ (आजाद सिपाही)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार विरासत वृक्ष अंगीकरण योजना के तहत प्रदेश के 948 विरासत वृक्षों को संवारेगी। 100 वर्ष से अधिक आयु के 28 प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया गया है। यह वृक्ष प्रदेश के सभी 75 जनपदों में हैं। वाराणसी में सर्वाधिक 99, प्रयागराज में 53, हरदोई में 37, गाजीपुर में 35 और उन्नाव में विभिन्न प्रजातियों के 34 विरासत वृक्ष हैं। सभी जनपद में विलुप्त हो रहे वृक्ष प्रजातियों के संरक्षण को लेकर जागरूकता भी पैदा की जायेगी।

### मायावती का एलान, अकेले चुनाव लड़ेंगी

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को नयी दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। मायावती ने कहा कि वह एनडीए और इंडिया दोनों के साथ नहीं हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी।

### गोरखपुर से प्रयागराज तक चलेगी वंदे भारत

गोरखपुर। गोरखपुर से प्रयागराज आने-जाने वाले यात्रियों को जल्द ही एक बड़ी सौगात मिल सकती है। गोरखपुर से लखनऊ के बीच चल रही वंदे भारत ट्रेन प्रयागराज तक चलेगी। इसके लिए रेलवे की ओर से तैयारियां शुरू हो गयी है। लखनऊ से प्रयागराज के बीच यह ट्रेन रायबरेली और मऊ के रास्ते चलायी जायेगी। इस ट्रेन को 15 अगस्त तक शुरू करने की तैयारी है।

### चमोली के नमामि गंगे प्रोजेक्ट में करंट, 15 की मौत

चमोली। उत्तराखंड के चमोली स्थित नमामि गंगे ऑफिस के सीवेर ट्रीटमेंट प्लांट में बुधवार सुबह 11:35 बजे करंट फैल गया। 22 लोग करंट की चपेट में आ गये। इनमें से 15 लोगों की मौत हो गयी। वहीं, 7 लोग घायल हो गये, जिनमें 2 गंभीर हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर दुख जताया है।

### महाकाल की सवारी के दौरान थूकने वाले का घर ढहाया

उज्जैन। उज्जैन में महाकाल की सवारी के दौरान छत से? थूकने वाले आरोपी का घर प्रशासन ने बुधवार सुबह बुलडोजर से गिरा दिया। सुबह 10 बजे नगर निगम और पुलिस की टीम ढोल और डीजे लेकर घर गिराने पहुंची। कार्रवाई होने तक शहर के टंकी चौक इलाके की दुकानों को खुलने नहीं दिया गया। टीम ने सबसे पहले आरोपी अदनान मंसूरी के घर को खाली करवाया, फिर बुलडोजर चलाया।

## बिहार के मुख्यमंत्री ने बेंगलुरु से पहले लौटने की बतायी वजह

# ना नाराज हूं, ना संयोजक बनने की चाह है: नीतीश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नालंदा।** बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार ने बेंगलुरु में 26 विपक्षी दलों की बैठक खत्म होने के बाद से गठबंधन के नये नाम आइएनडीआइए और खुद को संयोजक ना बनाने की वजह से अपनी नाराजगी की खबरों का खंडन किया है। नीतीश ने राजगीर में मलमास मेला के उद्घाटन के बाद मीडिया से कहा कि ना वो नाराज हैं, ना ही उनको विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनने की कोई चाह है।



गौरतलब है कि भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने दावा किया था कि नीतीश कुमार नाराज होकर बेंगलुरु से लौटे हैं। इस पर जवाब देते हुए नीतीश ने कहा कि यह सब फालतू बात है, कुछ लोगों का काम इसी तरह की बात करना है। उन्होंने कहा कि विपक्षी एकजुटता देशहित में है और 2024 के बाद दृश्य बदल जायेगा। नीतीश ने कहा कि विपक्षी दलों की बैठक में हमने कई सलाह दी। उन पर काफी अच्छी बातचीत हुई और सब कुछ सर्वसम्मति से तय किया गया है।

विपक्षी मोर्चे में खटपट की अटकलों पर नीतीश ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है, सब अच्छा चल रहा है। उन्होंने कहा कि हम एकजुट हैं। नीतीश ने बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले पटना लौटने के सवाल पर कहा कि हमारे मन में राजगीर चल रहा था, इसीलिए बेंगलुरु से जल्दी लौट आया।

नीतीश ने कहा कि विपक्षी दलों की एकजुटता देखकर भाजपा परेशान हो गयी है, भाजपा की हालत खराब हो गयी है। ये लोग पहले कभी एनडीए की बैठक नहीं बुलाते थे, लेकिन हम लोगों की बैठक देखकर बैठक करने लगे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के समय में 1999 में एनडीए बना, तभी बैठकें हुई। उसके बाद कोई बैठक कहां हो रही थी। उन्होंने कहा कि संयोजक बनने की उनकी कोई चाह नहीं, कोई इच्छा नहीं है। नीतीश ने कहा कि उनका काम विपक्ष को एकजुट करना है और वो उसी अभियान में लगे हैं।

## संसद का मानसून सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक हुई

# मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

- आइएनडीआइए की पहली बैठक आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से आरंभ होकर 11 अगस्त तक चलेगा। इससे पहले बुधवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलायी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने की। इसमें सभी दलों को बताया गया कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। इस बीच विपक्षी दलों के नये गठबंधन आइएनडीआइए की पहली बैठक भी गुरुवार सुबह को होगी।



सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि वह 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में नियमों के तहत स्वीकृत और सभापति द्वारा अनुमोदित हर मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि सत्र के लिए कुल 32 विधायी मुद्दे हैं। सूत्रों की मानें तो जोशी ने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलायी गयी व्यापार सलाहकार समिति की बैठक में कहा था कि सरकार मणिपुर में हिंसा पर चर्चा करने को तैयार है।

विपक्षी दलों के गठबंधन को आखिरकार मंगलवार को एक नाम मिल ही गया। अब नये गठबंधन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (आइएनडीआइए) के नेता सरकार को संसद के मानसून सत्र में घेरने के लिए तैयार हैं। ऐसे में इसकी रणनीति तय करने के लिए विपक्षी दलों का गठबंधन कल यानी 20 जुलाई को पहली बैठक करेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 78,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# मायावती और चंद्रशेखर के नहीं जुड़ने से विपक्ष को नुकसान

## ■ असदुद्दीन ओवैसी भी आइएनडीए को पहुंचायेंगे चोट
## ■ बिहार-यूपी जैसे प्रदेशों में विपक्षी दलों को होगा नुकसान
## ■ दलित-पिछड़ा-ओबीसी वोट के मामले में एनडीए आगे

आजाद सिपाही विशेष

देश में अगले साल की पहली छमाही में होनेवाले लोकसभा चुनाव का परिदृश्य अब लगभग साफ हो गया है। तमाम झटकों और उतार-चढ़ावों के बाद 26 विपक्षी दलों ने 'इंडिया' नामक गठबंधन बना कर 39 दलों के गठबंधन एनडीए के सबसे बड़े घटक भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने की रणनीति तैयार की है। इन दोनों गठबंधनों में शामिल 65 दलों के अलावा नौ ऐसे दल भी हैं, जो अब तक किसी भी गठबंधन में नहीं हैं। अभी यह साफ नहीं है कि ये दल किस तरफ जायेंगे। गठबंधनों के बीच होनेवाले इस चुनावी मुकाबले का यह पहला अवरोधक है, लेकिन इसके अलावा दूसरा सबसे प्रमुख मुद्दा यह है कि दोनों गठबंधनों में वोट समीकरणों की क्या स्थिति बन रही है। जहां तक विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का सवाल है, तो वह वोट समीकरण को साधने में पिछड़ती दिखाई दे रही है, क्योंकि यूपी और बिहार जैसे बड़े राज्यों में दलितों, पिछड़ों और ओबीसी का वोट इस समय एनडीए को मिलने की संभावना दिख रही है। दरअसल विपक्षी गठबंधन, जिसका नेतृत्व कांग्रेस के हाथ में है, हिंदी पट्टी के राज्यों में लगभग निष्प्रभावी है। बिहार में नीतीश-लालू की मदद से वह दलित, पिछड़ों और ओबीसी का कुछ वोट तो हासिल कर लेगी, लेकिन यूपी में मायावती की बसपा और चंद्रशेखर आजाद रावण की भीम आर्मी के बिना उसका अस्तित्व कितना बचेगा, यह सोचनेवाली बात है। इसी तरह बंगाल और महाराष्ट्र में भी कांग्रेस दलितों-पिछड़ों का कितना वोट शेयर ले सकेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। 'एनडीए' बनाम 'आइएनडीए' के इस मुकाबले के इन समीकरणों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में गणतंत्र के सबसे बड़े अनुष्ठान, यानी आम चुनाव की तैयारियां अब जोर पकड़ चुकी हैं। मुकाबले का परिदृश्य अब लगभग साफ हो गया है। अगले साल की पहली छमाही में होनेवाले चुनाव में मुकाबला 39 दलों के गठबंधन 'एनडीए' और 26 दलों के गठबंधन 'आइएनडीए' के बीच होगा। एनडीए का सबसे बड़ा घटक भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश में जुटा है, तो विपक्ष का गठबंधन उसका विजय रथ रोकने की रणनीति बना रहा है। इस दिलचस्प और रोमांचक मुकाबले के परिदृश्य में कुछ ऐसे मुद्दे अब भी हैं, जो इस बात का अनुमान लगाने में मदद करते हैं कि आखिर इन दोनों गठबंधनों में से समीकरण किसके पक्ष में झुका हुआ दिखाई देता है।

### दलित-पिछड़े और ओबीसी वोट शेयर

2024 में होनेवाले इस मुकाबले का सबसे महत्वपूर्ण और दिलचस्प समीकरण यह है कि दलितों-पिछड़ों और ओबीसी का वोट किस गठबंधन को मिलेगा। देश के कुल वोट का करीब 46 प्रतिशत वोट इस वर्ग का है और स्वाभाविक रूप से यह किसी भी चुनाव में निर्णायक साबित होता है। भाजपा ने एनडीए के कुनबे में 38 दलों को शामिल कर विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली है। अब वह चुनावी मैदान में इस वोट समीकरण को साधने की जुगत में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2024 में एनडीए को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिलने के आसार हैं। मोदी की यह भविष्यवाणी या उम्मीद यूं ही नहीं सामने आयी है। दरअसल, लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश में जुटी भाजपा ने अपने मतभेदों को भुलाते हुए पुराने बिछड़े साथियों को फिर से अपने पाले में लाना शुरू कर दिया है। उसे कुछ हद तक इस मुहिम में सफलता भी मिल चुकी है, जबकि कुछ दलों को साथ लाने की कोशिशें अभी भी जारी हैं। भाजपा ने सबसे ज्यादा फोकस ओबीसी और दलित समाज की अगुवाई करने वाले क्षेत्रीय नेताओं पर किया है। इसी कड़ी में उसने पूर्वांचल (पूर्वी यूपी और बिहार) के पांच बड़े दलित-ओबीसी नेताओं को अपने पाले में किया है। यूपी से ओमप्रकाश राजभर और दारासिंह चौहान हैं, तो बिहार में कोइरी समाज के नेता उपेंद्र कुशवाहा, पिछड़े नेता मुकेश सहनी और महादलित नेता जीतन राम मांझी हैं। इन नेताओं के भाजपा से हाथ मिलाने से चुनावी समीकरण बदल सकता है।

यूपी की अति पिढ़ी जाति राजभर के निर्विवाद नेता ओपी राजभर के पास राज्य के 18 जिलों में अच्छा वोटबैंक है। इनमें से तीन सीटों पर इस समुदाय के लोग निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसी तरह नोनिया समाज के दारा सिंह चौहान भी अपने समाज के कद्दावर नेता हैं, जो कम से कम दो सीटों पर हार-जीत का फैसला करने में सक्षम हैं। दूसरी तरफ मायावती और चंद्रशेखर आजाद रावण जैसे दलितों के नेता अब भी तटस्थ हैं। ये दोनों एनडीए खेमे में आ सकते हैं, जिसकी कोशिश जारी है। ऐसे में केवल अखिलेश यादव के सहारे 'इंडिया' का दलित-पिछड़े और ओबीसी वोट बैंक को साधना लगभग मुश्किल है।



उन नौ बड़े दलों पर भी भाजपा की नजर, जो तटस्थ दिख रहे



बिहार में चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस के अलावा जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा और मुकेश सहनी जैसे नेताओं के एनडीए फोल्डर में आने के बाद भाजपा के लिए लालू-नीतीश को जवाब देना आसान हो गया है। इन पांच नेताओं के पास करीब 21 फीसदी वोट है, जो अब भाजपा को मिलेगा। इसलिए बिहार में भी 'इंडिया' की राह कठिन ही दिखाई दे रही है।

### ये नौ दल अब तक किसी खेमे में नहीं

जातीय वोट समीकरण के बाद दूसरा अहम मुद्दा उन दलों के रुख का है, जो अब तक किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं हैं। तटस्थ रहनेवाले इन दलों का लोकसभा की करीब 40 सीटों पर दबदबा है। इनमें सबसे प्रमुख ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाला बीजू जनता दल, असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्ववाला एआइएमआइएम और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाला जनता दल सेक्युलर शामिल है। इनके अलावा कभी एनडीए का हिस्सा रहे शिरोमणि अकाली दल भी अभी तटस्थ है, हालांकि इसकी वापसी की कोशिशें लगातार जारी हैं। कभी उत्तर प्रदेश की राजनीति में दबदबा रखने वाली बसपा बीते कुछ समय से लगातार कांग्रेस समेत कई दलों को घेर रही है। साथ ही बसपा पहले भी भाजपा की विरोधी रही है। दल न ही बेंगलुरु और न ही दिल्ली में नजर आया। मायावती के नेतृत्ववाली यह पार्टी पिछले कुछ दिनों से भाजपा के नजदीक नजर आ रही है। इसके अलावा कभी विपक्षी एकता तैयार करने में सबसे आगे नजर आ रहे तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव बेंगलुरु की बैठक से दूर रहे। उस दौरान कहा जा रहा था कि केसीआर गैर-कांग्रेसी गठबंधन तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्षी बैठक से दूर होने की वजह भी कांग्रेस और भाजपा हो सकती हैं। इसी तरह युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी यानी वाइएसआरसीपी मुखिया वाइएस जगन मोहन रेड्डी किसी भी बैठक में नजर नहीं आये। साल 2010 में वह कांग्रेस से अलग हो गये थे। इधर केंद्र में भाजपा की नीतियों का समर्थन करने के बावजूद उन्होंने आंध्रप्रदेश में भाजपा से दूरी बना रखी है। हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस के खिलाफ तीसरा मोर्चा तैयार करने की कोशिश में जुटा इंडियन नेशनल लोकदल भी अब तक तटस्थ है।

2024 के मुकाबले का परिणाम इन छोटे, लेकिन प्रभावशाली दलों और नेताओं के रुख पर बहुत हद तक निर्भर करेगा, क्योंकि इस बार का मुकाबला एकतरफा होने की संभावना नहीं के बराबर है। फिर भी आनेवाले दिनों में कई और मुद्दे सामने आयेंगे, जिनसे मुकाबला रोचक होता जायेगा।

---

# झारखंड को मिले 24 नये आइपीएस
## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की लिस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 24 डीएसपी की एसपी रैंक में प्रोन्नति हो गयी है। इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा बुधवार को प्रोन्नति पाकर आइपीएस बने 24 अधिकारियों की फाइनल लिस्ट जारी कर दी गयी। डीएसपी से आइपीएस बने 24 अधिकारियों में छह को 2017 बैच, 12 को 2019 बैच और छह को 2020 बैच दिया गया है।

### किसे मिला कौन सा बैच

| नाम | बैच | नाम | बैच |
|---|---|---|---|
| सरोजनी लकड़ा | 2017 | सहदेव साव | 2019 |
| एमेल्डा एक्का | 2017 | अमित कुमार सिंह | 2019 |
| सादिक अनवर रिजवी | 2017 | अजीत कुमार | 2019 |
| अरविंद कुमार सिंह | 2017 | मुकेश कुमार | 2019 |
| विकास कुमार पांडेय | 2017 | दीपक कुमार पांडे | 2019 |
| विजय आशीष कुजुर | 2017 | अनिमेष नैथानी | 2019 |
| दीपक कुमार शर्मा | 2019 | अजय कुमार 1 | 2020 |
| राजकुमार मेहता | 2019 | आरिफ एकराम | 2020 |
| शंट्टू कुमार सिंह | 2019 | डॉ विमल कुमार | 2020 |
| अजय कुमार सिन्हा | 2019 | मनीष टोप्पो | 2020 |
| अनुदीप सिंह | 2019 | कैलाश करमाली | 2020 |
| पूज्य प्रकाश | 2019 | पीतांबर सिंह खेरवार | 2020 |

---

## रघुवर दास ने पटना लाठीचार्ज की जांच रिपोर्ट सौंपी, कहा
# राज्य प्रायोजित थी हिंसा, हो सीबीआइ जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पटना में भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं पर लाठीचार्ज को रघुवर दास की अगुवाई वाली समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने लाठीचार्ज को राज्य प्रायोजित हिंसा करार दिया। साथ ही उन्होंने मांग की कि इस हिंसा की सीबीआइ से जांच करायी जाये। रघुवर दास ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपी।

रिपोर्ट में कहा है कि पटना में लोगों और कार्यकर्ताओं से बात करने के बाद एक चीज बिल्कुल स्पष्ट हो गयी कि उस दिन की घटना राज्य प्रायोजित हिंसा का हिस्सा थी। पुलिस और प्रशासन ने षडयंत्र के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं को घेरा और उसके बाद बर्बरतापूर्वक उन पर लाठीचार्ज किया।

जांच रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुलिसकर्मियों ने न महिला को देखा, न पुरुष को। सभी पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसायीं। इससे बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के सिर पर गंभीर चोटें आयीं। कई कार्यकर्ताओं के हाथ भी टूट गये हैं। रघुवर दास ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की सरकार की पुलिस ने नियोजित तरीके से लाठीचार्ज करवाकर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को घायल कर दिया। इसमें हमारा एक कार्यकर्ता शहीद हो गया।

**जांच समिति में थे ये लोग**

जांच समिति ने भाजपा कार्यकर्ताओं, सांसदों-विधायकों, छात्रों और महिलाओं पर हुए षड्यंत्रपूर्ण, बर्बर और अमानवीय लाठीचार्ज की हाइकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश से न्यायिक जांच अथवा सीबीआइ से जांच कराने का आग्रह किया है। रिपोर्ट सौंपने के दौरान समिति के अध्यक्ष रघुवर दास, समिति के सदस्य मनोज तिवारी, वीडी राम और सुनीता दुग्गल, बिहार के विधान पार्षद व वरिष्ठ नेता संजय मयूख उपस्थित रहे।

**13 जुलाई को पटना में भाजपा पर हुआ था लाठीचार्ज**

बता दें कि 13 जुलाई को पटना में विधानसभा मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था, जिसमें सांसद समेत दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गये थे। भाजपा ने इस हमले की कड़ी निंदा की। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मामले की जांच के लिए भाजपा नेताओं की चार सदस्यीय कमेटी बनायी। इस समिति ने 15 जुलाई को पटना जाकर पूरे मामले की जांच की और 19 जुलाई को अपनी रिपोर्ट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंप दी।

**14 जुलाई को भाजपा ने बनायी जांच कमेटी**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने 14 जुलाई को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को बताया था कि पटना में हुई पुलिस की कार्रवाई और राज्य सरकार के रवैये की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घोर निंदा की है और जांच समिति बनायी है।

---

## बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में सरकार ने हाइकोर्ट में दाखिल किया जवाब
# पाकुड़ में एक सौ से ज्यादा मदरसे, इस वर्ष धर्म परिवर्तन का एक केस आया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बांग्लादेशी मूल के व्यक्तियों द्वारा घुसपैठ कर संथाल इलाके में लैंड जिहाद किये जाने की जांच की मांग को लेकर दायर दानियल दानिश की जनहित याचिका पर बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार दोनों से जवाब मांगा था। बुधवार की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय का जवाब नहीं आ सका। अदालत में केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने जवाब दाखिल करने के लिए पांच सप्ताह का समय मांगा। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई छह सितंबर निर्धारित कर दी है। वहीं राज्य सरकार ने जवाब दाखिल कर दिया है। सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि फिलहाल पाकुड़ में एक सौ से ज्यादा मदरसे स्थापित हैं। जबकि याचिकाकर्ता ने पाकुड़ में 41 मदरसे होने का जिक्र किया था। वहीं सरकार की ओर से यह ड्डी बताया गया कि इस वर्ष संथाल इलाके में धर्म परिवर्तन का एक मामला सामने आया है। प्रार्थी ने अपनी याचिका में कहा है कि संथाल के जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जैसे झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी मूल के लोग घुसपैठ कर झारखंड आ रहे हैं। इससे जिलों की जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है। वहीं लैंड जिहाद भी चल रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसे स्थापित किये जा रहे हैं। साथ ही स्थानीय जनजातीय युवतियों के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है और फिर स्थानीय बनकर जमीन हड़पने और राज्य में आरक्षण समेत कई लाभ उठाये जा रहे हैं।

---

## नक्सलियों का बूढ़ापहाड़ का इंचार्ज था
# 25 लाख के इनामी माओवादी मारकस ने किया आत्मसमर्पण

50 से अधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी को बड़ा झटका लगा है। माओवादियों के बूढ़ापहाड़ इंचार्ज सौरव उर्फ मारकस बाबा ने आत्मसमर्पण कर दिया है। मारकस पर झारखंड सरकार ने 25 लाख रुपये का इनाम रखा था। मिली जानकारी के अनुसार मारकस बाबा ने झारखंड-बिहार सीमा पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के समक्ष हथियार डाला है। सुरक्षा एजेंसियां, पुलिस और सुरक्षाबल के टॉप अधिकारी मारकस बाबा को अज्ञात स्थान पर रख कर पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने मामले में फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं की है।

**ऑक्टोपस अभियान के बाद बूढ़ापहाड़ से भागा था मारकस**

दरअसल, मारकस बाबा उर्फ सौरव बिहार के औरंगाबाद के कुटुंबा के इलाके का रहने वाला है। वर्ष 2021 में माओवादियों ने मारकस बाबा को अपने यूनिफाइड कमांड का इंचार्ज बनाया था। सितंबर 2022 में बूढ़ापहाड़ के इलाके में अभियान ऑक्टोपस शुरू हुआ, तो मारकस बाबा वहां से भाग कर दूसरे स्थान पर चला गया था। कुछ दिनों पहले यह



खबर आयी थी कि मारकस बाबा बीमार है और बिहार के इलाके में भागने के फिराक में है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके में हाइ अलर्ट जारी किया था।

**25 लाख का इनामी नक्सली है**

मारकस माओवादियों की सेंट्रल कमेटी का सदस्य है और झारखंड की सरकार ने उस पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। 2021 में माओवादियों की सेंट्रल कमेटी का सदस्य मिथिलेश मेहता को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद से मारकस बाबा को बूढ़ापहाड़ का इंचार्ज बनाया गया था। बूढ़ापहाड़ से मारकस के साथ नीरज खरवार, छोटू खरवार, मृत्युंजय भुइयां आदि टॉप नक्सली निकल कर भागे थे। बूढ़ापहाड़ से निकल कर मारकस लातेहार-गुमला सीमावर्ती इलाके में सक्रिय था। मारकस के पिता माओवादियों के संस्थापक सदस्य रहे हैं। मारकस पर झारखंड और बिहार में 50 से अधिक नक्सल हमले को अंजाम देने का आरोप है। 2015-16 में जेल से बाहर निकलने के बाद मारकस बूढ़ापहाड़ के इलाके में सक्रिय था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 29.4 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.14 बजे |



## प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्षी दलों की बैठक पर कसा तंज

# गठबंधन है या पप्पू की शादी, हर फेरे के बाद एक फूफा नाराज : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को विपक्षी दलों के गठबंधन 'आइएनडीए' को लेकर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक के बाद अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप नाराज हो गयी। इसके बाद बेंगलुरु में हुई बैठक में बिहार के सीएम नीतीश कुमार नाराज हो गये। ये गठबंधन है या पप्पू की शादी। हर फेरे के बाद एक फूफा नाराज हो जाता है।

पटना में 23 जून को हुई विपक्षी दलों की बैठक में अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के मामले में लाये अध्यादेश का मामला उठाया था। वे चाहते थे कि इस पर कांग्रेस अपनी स्थिति स्पष्ट करे लेकिन कांग्रेस की ओर से इसपर कुछ कहा जाता, उससे पहले जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बीच में हस्तक्षेप कर दिया। उन्होंने कह दिया कि आज हमलोग यहां बड़े मुद्दे को लेकर जमा हुए हैं। किसी राज्य से जुड़े मसले विशेष पर बात नहीं होनी है। बैठक में मौजूद रहे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के अन्य नेताओं को यह अच्छा नहीं लगा। मरांडी ने कहा कि 18 जुलाई को बेंगलुरु में हुई विपक्षी दलों के दूसरे दिन की बैठक में महागठबंधन का नाम इंडिया रखने को लेकर नीतीश कुमार नाराज हो गये।

बताया जाता कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह नाम सुझाया था। राहुल गांधी ने इसपर समर्थन किया जबकि नीतीश ने इस नाम पर एतराज जताया। नीतीश कुमार, लालू यादव और तेजस्वी यादव बैठक के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहीं हुए।

## प्रदेश में अपराधी बेखौफ, वेंटिलेटर पर कानून व्यवस्था: भाजपा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त और सबसे निचले पायदान पर है। अपराधियों में कानून का भय नहीं रहने के कारण आये दिन लॉ एंड ऑर्डर के लिए चुनौती बन रहे हैं। उक्त बातें प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कही। भाजपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में अपराधी कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देकर सरेआम तांडव मचा रहे हैं और सीएम बंगलौर में विपक्षी गठबंधन की फिक्र करते हुए बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कुणाल सारंगी ने कहा कि सूबे में कानून व्यवस्था खत्म होती जा रही है। अपराधी पुलिस प्रशासन पर भारी पड़ रहे हैं। डीएसपी और दारोगा पर भी सरेआम गोलियां चल जा रही है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड के लोगों की नहीं बल्कि परिवारवादी राजनीतिक गठबंधन की फिक्र है।



आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से बुधवार को नयी दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान राज्य की वर्तमान स्थिति और कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई।



उद्योगपति और सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश पांडेय ने नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर बातचीत हुई।

स्पॉट एडमिशन
CIPET
सिपेट CIPET
हेहल, रांची, झारखण्ड- 834005
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार
ईमेल: ranchi@cipetgov.in, वेबसाइट: www.cipet.gov.in
पाठ्यक्रम: 1. प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीएमटी)
2. प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीटी)
नामांकन हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं/12वीं/ITI पास एवं कोई आयु सीमा नहीं
नामांकन की अंतिम तिथि 31 July 2023
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:- 8058128857, 9873453987, 7896083741

## आरोपी अफसर उर्फ लंगड़ा को बेल देने से हाइकोर्ट का इनकार

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड के आरोपी अफसर आलम ऊर्फ छोटू उर्फ लंगड़ा को बेल देने से हाइकोर्ट ने इनकार कर दिया है। लंगड़ा ने अपने वकील के माध्यम से हाइकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसपर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद अदालत ने लंगड़ा की याचिका खारिज कर दी। बता दें कि वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड में कई लोगों को आरोपी बनाया गया है। जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा के परिजनों की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता हेमंत शिकरवार ने बहस की। इस केस में बहस के लिए अधिवक्ता हेमंत शिकरवार कोई फिस नहीं ले रहे हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता, संतान सुख. स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, महत्वपूर्ण काम बनेगा,धन लाभ होगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम और धन की प्राप्ति होगी।

**कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स से विकास का नया आयाम बनेगा: मुख्य सचिव

**राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और सीड के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स राज्य ही नहीं, बल्कि भारत के क्लाइमेट चेंज से संबंधित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों और ग्रीन इकोनॉमी के रास्ते पर चलने के लिहाज से बेहद अहम है। यह टास्क फोर्स राज्य की भावी दशा और दिशा के लिए बेहद निर्णायक पहल है। क्योंकि, यह आकलन करेगा कि हरित अर्थव्यवस्था की राह पर चलना झारखंड जैसे खनिज संपन्न राज्य को कैसे प्रभावित करेगा और इसका क्या ठोस समाधान एवं नीतिगत रास्ता होगा। मुख्य सचिव बुधवार को वन विभाग एवं झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के संयुक्त तत्वावधान में सीड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन के विजन डॉक्यूमेंट नव निर्माण की ओर अग्रसर पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि जस्ट ट्रांजिशन झारखंड में विकास की नयी रूपरेखा तय करेगा। देश में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते संकट को रोकने के लिए विजन 2070 के नेट-जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही गयी है, जिसमें टास्क फोर्स की भूमिका अहम होगी। नवंबर 2022 में ही झारखंड इस दिशा में टास्क फोर्स गठन करने वाला देश में पहला राज्य है।

मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड में रिन्यूएबल एनर्जी के माध्यम से पावर जनरेट करने का लक्ष्य है, जिसमें सोलर एनर्जी, हाइड्रोजन एनर्जी आदि महत्वपूर्ण स्रोत होंगे। राज्य में कोयला और थर्मल पावर प्लांट तथा इससे संबद्ध स्थानीय अर्थव्यवस्था, लघु-सूक्ष्म उद्योगों और असंगठित क्षेत्र से लाखों लोग जीविका प्राप्त करते हैं। यही कारण है कि इस टास्क फोर्स पर पूरे देश की नजर है। क्योंकि, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे अन्य जीवाश्म संसाधन से समृद्ध राज्य झारखंड द्वारा तैयार रोडमैप और मॉडल को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

केंद्रीय कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने कार्यक्रम में ऑनलाइन कहा कि केंद्र सरकार ने विजन 2070 के नेट-जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर कदम बढ़ा दिया है। कोयले पर अपनी निर्भरता को कम कर रहा है। कुछ खदानों को भी बंद किया जा चुका है।

उन्होंने कोयला खदानों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाने के उपायों को बताते हुए अंडर कास्ट कर कोयला निकालने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अंडर कास्ट के माध्यम से पर्यावरण को कम नुकसान होगा। साथ ही कहा कि 90 प्रतिशत कोयला ओपन कास्ट कर निकाले जाते हैं, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स चेयरपर्सन सेवानिवृत्त आइएफएस अधिकारी एके रस्तोगी ने सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स की कार्यप्रणाली एवं इसके मुख्य उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य जीवाश्म ईंधन पर आधारित मॉडल से अलग स्वच्छ ऊर्जा तंत्र के निर्माण के क्रम में आनेवाले प्रभावों का अध्ययन करना, प्रमुख ग्रीन सेक्टर्स और इनके ठोस वित्तपोषण में नये अवसरों की पहचान करना और कार्बन न्यूट्रल इकोनॉमी के लिए सेक्टोरल स्तर पर नीतिगत हस्तक्षेप की सिफारिश करना है। टास्क फोर्स एक साल में एक अंतरिम रिपोर्ट और दूसरे वर्ष के अंत में व्यापक रिपोर्ट देगा।

कार्यक्रम में वन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल ख्यांगते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक डा. संजय श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव वाइके दास, सीड के रमापति कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# आदिवासियों की खतियानी जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ कर खरीद-बिक्री का लगाया आरोप

**राज्यपाल से मिला आदिवासी महासभा का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को आदिवासी महासभा के संयोजक देवकुमार धान के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान शिष्टमंडल ने आदिवासियों की खतियानी जमीन के सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ कर अवैध तरीके से हो रही बिक्री के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में इस तरह के मामलों पर संबंधित अधिकारी और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने का आग्रह किया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने राज्यपाल को बताया कि आदिवासी खतियानी जमीन को गैर खतियानी जमीन बनाकर उसे बेचा जा रहा है। आदिवासियों के सामाजिक जैसे बकास्त, भुइहरी, पहनाई जमीन बकास्त, भूईहरी, मुंडाई जमीन इत्यादि को रैयती जमीन बनाकर उसे बेचा जा रहा है। साथ ही फर्जी तरीके से सादा पट्टा से जमीन को खरीदा बेचा जा रहा है। गैर आदिवासियों द्वारा आदिवासी लड़की को दूसरी या तीसरी पत्नी बनाकर उसके नाम से भी आदिवासी जमीन को लूटा जा रहा है। इसके अलावा आदिवासियों के 10,000 से अधिक हल्द्वानी के मामले लंबित रहने से अवगत कराया गया। समस्याओं से अवगत होने के बाद राज्यपाल ने कहा कि आप सभी समाज के लोगों को एकजुट करें और उन्हें जागरूक करें। हम सभी मिलकर इस समस्याओं से छुटकारा दिलायेंगे। राज्यपाल से मिलने वालों में पूर्व मंत्री देवकुमार धान, आदिवासी महासभा के अध्यक्ष नारायण उरांव, अखिल भारतीय आदिवासी परिषद रांची अध्यक्षा कुंदरसी मुंडा, साधु चरण पूर्ति, अभय भुटकुवर कार्यकारिणी अध्यक्ष आदिवासी लोहरा समाज सहित अन्य शामिल थे।

## मनी लांड्रिंग के आरोपी मनोज पुनामिया की याचिका खारिज

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। मंगलवार को सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने मनोज पुनामिया की याचिका पर सुनवाई की। पुनमिया ने इडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग को लेकर हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद उन्हें निचली अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान सशरीर हाजिर होना पड़ेगा।

# जेएसएसपीएस ने करायी दो फुटबॉल खिलाड़ियों की लिगामेंट टियर सर्जरी, अंडर 17 खेल चुके हैं दोनों

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी से प्रशिक्षण ले रही फुटबॉल खिलाड़ी, संजना उरांव और उर्वशी कुमारी प्रधान फुटबॉल के खेल में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। इन दोनों खिलाड़ियों का चयन अंडर 17 वूमेन इंडिया टीम तथा खेलो इंडिया में भी हो चुका है। यहां इन दोनों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी अपने खिलाड़ियों के प्रति हमेशा से बेहद संवेदनशील रहा है। इसका उदाहरण समय-समय पर देखने को मिलता रहता है। अपने खिलाड़ियों के लिए ग्राउंड के अंदर और बाहर एक बेहतर वातावरण को लेकर उसकी प्रतिबद्धता संस्थान और खिलाड़ियों के प्रदर्शन में झलकती है। बीते दिनों ही इन दोनों की लिगामेंट टियर की सर्जरी रांची के प्रसिद्ध गुलमोहर अस्पताल में हुई थी। इसमें होने वाले खर्च का वहन झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी की तरफ से किया गया था।

# जेल में बंद बड़े अपराधियों को राज्य के बाहर भी शिफ्ट किया जायेगा : डीजीपी

**जिला कप्तान को निर्देश: किसी भी स्थिति में अपराध पर नियंत्रण होना चाहिए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में रिव्यू मीटिंग हुई। इस मीटिंग में कई अहम निर्णय लिये गये हैं। वहीं जिले एसपी को साफ-साफ निर्देश दिया गया कि किसी भी स्थिति में अपराध पर नियंत्रण होना चाहिए। राज्य से लेकर जिला स्तर तक प्रयास ऐसा हो कि अपराधी संगठित हों या असंगठित उन पर पूर्णतः नकेल कसी जाये। बैठक के बाद जानकारी देते हुए होम सेक्रेटरी अविनाश कुमार ने बताया कि आज की बैठक में मुख्य रूप से संगठित और गैर संगठित अपराधों के ऊपर विशेष तौर पर चर्चा की गयी। लगातार अपराधियों के बढ़ते मनसूबे को देखते हुए जेल में बंद बड़े अपराधियों को राज्य के बाहर भी शिफ्ट किया जा सकता है।




### लोगों में बढ़ता खौफ उचित नहीं

होम सेक्रेटरी ने राज्य सरकार की चिंता से जिलों के एसपी को अवगत कराते हुए कहा कि राज्य सरकार इस बात को लेकर खास तौर पर चिंतित है कि आपराधिक घटनाओं के कारण आम लोगों का जीवन प्रभावित होता है। लोगों में खौफ का वातावरण फैलता है। जो किसी भी तरह से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने राज्य सरकार की चिंता से पुलिस अधिकारियों को अवगत करा दिया है। उन्हें कई निर्देश दिये गये हैं। कहा गया है कि आम लोगों का जीवन सरल और सुरक्षित हो सके, इसकी व्यवस्था की जाये।

### एसपी से एडीजी रैंक के अधिकारी हुए शामिल

बैठक में सभी जिले के एसपी से लेकर सभी एडीजी रैंक के अधिकारी शामिल रहे। वहीं राज्य के सभी पुलिस विंग के प्रमुख, सभी एडीजी, आइजी अभियान, सभी रेंज आइजी, डीआइजी और सभी जिलों के एसपी शामिल थे। बैठक में अमन साहू की ओर से लगातार व्यवसायिकों को धमकाने और पुलिस पर फायरिंग करने को पुलिस ने गंभीरता से लिया है।

### ये गिरोह पुलिस के लिए बन रहे चुनौती

राज्य पुलिस के लिए कई ऐसे संगठित ग्रुप हैं जो आये दिन चुनौती देते रहते हैं। इनमें अमन साव, अमन श्रीवास्तव, अमन सिंह, विकास तिवारी, सुजीत सिन्हा, अखिलेश सिंह, सुधीर दूबे, प्रिंस खान प्रमुख हैं। ये ग्रुप पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। आज की बैठक में आपराधिक सरगनाओं के गिरोह पर लगाम कसने की रणनीति पर चर्चा की जा रही है। इन गिरोह के सदस्यों पर दर्ज सभी कांडों की समीक्षा पुलिस मुख्यालय में बैठक के दौरान की जा रही है।

# लिक्विडेटर कंपनी पर कड़ी कार्रवाई करे प्रशासन : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस बात पर गहरी नाराजगी जाहिर की है कि चंदवा स्थित अभिजीत प्लांट के लिक्विडेटर ने बिना किसी पूर्व सूचना के प्लांट की बड़ी चिमनी को गिरा दी। इस चिमनी के गिरने से जोरदार विस्फोट हुआ और इलाके में धूल भर गया। कुछ लोगों के घरों में दरारें भी होने की सूचना है। आश्चर्यजनक रूप से इस चिमनी को गिराने से पूर्व न ही स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गयी थी न हीं ग्रामीणों को। उन्होंने जिला प्रशासन से लिक्विडेटर कंपनी पर कार्रवाई करने की मांग की तथा मकानों को रिपेयर करने की भी मांग रखी। प्रतुल ने कहा की भविष्य में ऐसी किसी कार्रवाई के पहले प्रशासन से अनुमति लेनी चाहिए और ग्रामीणों को सूचना दी जानी चाहिए। किसी बड़े संरचना को ध्वस्त करने से पहले सुरक्षा के सभी इंतजाम भी करने चाहिए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in



# नौकरशाह चला रहे सरकार : प्रदीप वर्मा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने सरकार के हालिया कुछ निर्णय और घटनाक्रम का उदाहरण देते हुए पूछा है कि झारखंड में सरकार मुख्यमंत्री चला रहे हैं या फिर नौकरशाह, सीएम को यह स्पष्ट करना चाहिए।

श्री वर्मा ने कहा है कितनी हास्यास्पद है कि 206 नयी एंबुलेंस सड़क पर चलने के लिए पूरी तरह तैयार भी नहीं और उसका उद्घाटन मुख्यमंत्री के द्वारा कर दिया जाता है। पहले तो 9 माह तक कबाड़ में इसे रखा गया और जब हैंडओवर लिया गया तो फिर यह स्थिति। ना रजिस्ट्रेशन, ना इंश्योरेंस, ना ड्राइवर और एंबुलेंस का उदघाटन किया जाना आम जनता के साथ मजाक नहीं तो क्या है। कितनी शर्मनाक बात है कि उद्घाटन के बाद चालक की बहाली के लिए विज्ञापन जारी किया गया है।

दूसरा मामला बच्चों के बीच साइकिल वितरण का है। पिछले तीन सत्रों तक सरकार इसके लिए टेंडर टेंडर का खेल खेलती है। फिर मुख्यमंत्री 12 जुलाई को समीक्षा बैठक के बाद डीबीटी के माध्यम से साइकिल खरीद के लिए खातों में पैसे भेजने की घोषणा करते हैं। साइकिल का पैसा खातों में देने के सीएम के निर्देश के बाद फिर अगले दो सत्रों के लिए अधिकारी टेंडर टेंडर खेलने की तैयारी में हैं। अधिकारी टेंडर का लोभ छोड़ने को तैयार क्यों नहीं है, यह बतलाने की जरूरत नहीं है। बड़ा सवाल है कि सरकार चला कौन रहा है सीएम या अधिकारी ? इन चीजों को देखकर तो साफ प्रतीत होता है कि राज्य में नौकरशाही हावी है। जब डीबीटी की व्यवस्था है तो फिर साइकिल खरीद कर विद्यार्थियों को देने की बात प्रारंभ से ही समझ से परे है।

# हिंदपीढ़ी, डोरंडा के 8 आरोपियों का गैर जमानती वारंट जारी

रांची हिंसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछले वर्ष 10 जून को रांची में हुई हिंसा के केस से जुड़े आठ आरोपियों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है।

पिछले दिनों रांची पुलिस ने इस केस के 40 आरोपियों को वारंट जारी करने का अनुरोध किया था। जिसे स्वीकार करते हुए रांची सीजेएम (चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) के कोर्ट ने आठ आरोपियों के खिलाफ नन बेलेबल वारंट जारी कर दिया है। पुलिस ने जिन आरोपियों का वारंट मांगा है, उनके खिलाफ केस ट्रू (सत्य) पाया गया है। कोर्ट में जिन आरोपियों को नन बेलेबल वारंट जारी किया है, उनके नाम मो नकीब, मो माजिद आलम, मो मुन्ना गद्दी, मो सद्दाम गद्दी, मो जमाल गद्दी, मो खालिद उमर, मो शदाब आलम और मो अजीम उर्फ अजीमूशान हैं। जिन आरोपियों को वारंट जारी हुआ है, वे सभी हिंदपीढ़ी और डोरंडा इलाके के रहनेवाले हैं।

# अफसर अली की जमानत याचिका पर 31 को सुनवाई

**फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम का आरोपी है अफसर अली**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन समेत रांची के अन्य भूखंडों की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी अफसर अली की जमानत अर्जी पर इडी की विशेष अदालत में 31 जुलाई को सुनवाई होगी। आज बुधवार को अफसर अली की जमानत अर्जी पर सुनवाई होनी थी। लेकिन अदालत के अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई नहीं हुई।

## अब तक इडी इन लोगों को कर चुकी है गिरफ्तार

बता दें कि लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। अफसर अली से पहले अमित अग्रवाल और दिलीप घोष ने भी जमानत याचिका दाखिल की थी। लेकिन दोनों को बेल देने से इडी कोर्ट इनकार कर चुका है।

## सांसद संजय सेठ के निर्देश पर एजेंसियों ने शुरू किया काम

# पांच जोन में बांटकर सजाये जायेंगे रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के पिलर

**एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे दिखेगी झारखंड की अद्भुत छटा, ढाई करोड़ की लागत से होगी साज-सज्जा**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के रातू रोड में निमार्णाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर झारखंड की कला और संस्कृति के साथ ही पर्यावरण की छटा भी देखने को मिलेगी। इसके लिए एनएचएआइ और केसीसी बिल्डकॉन के द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। इसे लेकर रांची के सांसद संजय सेठ के निर्देश पर काम भी शुरू हो गया है। यह प्रयास किया जा रहा है कि रांची का यह एलिवेटेड कॉरिडोर देश के चुनिंदा कॉरिडोर में शामिल हो सके। ऐसी तैयारी की जा रही है ताकि एलिवेटेड कॉरिडोर से गुजरने वालों को झारखंड में होने का एहसास होगा।

झारखंड की कला संस्कृति को देखने का अवसर मिलेगा। यहां के महापुरुषों की जीवन गाथा भी दिखेगी। इस कार्य के लिए नागपुर की एक एजेंसी से संपर्क किया गया है। वह एजेंसी इस एलिवेटेड कॉरिडोर के सभी पिलर को बेहतर तरीके से सजाने की तैयारी कर रही है। इस साज-सज्जा में लगभग 2.5 करोड़ रुपये का खर्च आने की संभावना है। एजेंसी जो तैयारी कर रही है, उसके अनुसार इस एलिवेटेड कॉरिडोर को पांच जोन में बांटा गया है। उसी 5 जोन के अनुसार इसे सजाया जायेगा। जिसमें ट्राइबल जोन, पर्सनैलिटी जोन, स्पोर्ट्स जोन, सोशल एवरनेस जोन और ग्रीन जोन शामिल हैं। पर्सनैलिटी जोन में झारखंड के महापुरुषों भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो कान्हो, नीलांबर पीतांबर, चांद भैरव सहित कई महापुरुषों की जीवन गाथा देखने को मिलेगी। वहीं स्पोर्ट्स जोन में हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, ओलंपिक सहित अन्य खेलों से जुड़े झारखंड के खिलाड़ी और उनकी उपलब्धियां देखने को मिलेंगी।

ग्रीन जोन में झारखंड की नदियों, पहाड़ों और झरनों की हरी भरी छटा दिखेगी। सोशल अवेयरनेस जोन में कई प्रकार के सामाजिक संदेश होंगे। इस एलिवेटेड कॉरिडोर के पिलर पर रांची के आसपास के झरनों की छटा भी देखने को मिलेगी। जो बेहतर लाइटिंग से सजी हुई होगी। इसके अलावा स्टील के प्लेट पर रंग बिरंगी लाइटिंग की भी तैयारी की जा रही है। ताकि उसके प्रभाव से कॉरिडोर और भी खूबसूरत दिखे। इसके अलावा इस कॉरिडोर के ऊपर की दीवारों पर भी सोहराय पेंटिंग, छऊ और पाइका की भी झलक देखने को मिलेगी। झारखंड के जंगल, झरने और वन्य जीव को 3डी के माध्यम से दिखाया जायेगा। इसके अलावा कॉरिडोर के नीचे पर्याप्त मात्रा में लाइटिंग की जायेगी। इससे इसकी खूबसूरती और बढ़ेगी। सांसद संजय सेठ ने बताया कि मार्च 2024 तक यह कॉरिडोर पूरी तरह से तैयार हो जायेगा, इसकी पूरी संभावना है। इसे सजाने के लिए मैंने संबंधित एजेंसी और विभाग को निर्देश दिये हैं। मैंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि कॉरिडोर को इस रूप में सजाये जाये जिससे कि यहां झारखंड की झलक देखने को मिले।

# साईंनाथ विवि में उभरती नवीन शिक्षण तकनीक विषय पर संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साईंनाथ विश्वविद्यालय में बुधवार को उभरती नवीन शिक्षण तकनीक, विषय पर संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर वक्ता झारखंड राज्य खुला विवि के कुलपति प्रो त्रिवेणी नाथ साहू, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, सीआइपी के निदेशक प्रो बासुदेव दास, छोटानागपुर लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ पंकज कुमार चतुर्वेदी और झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता मौजूद थे। साईंनाथ विवि के कुलपति प्रो एसपी अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वक्ताओं ने शिक्षण कौशल, शिक्षा पद्धति को सुधारने व कक्षा भागीदारी को सुनिश्चित करने की नयी पद्धतियों की जानकारी दी। साथ ही गुणवत्तापूर्ण व मूल्यपरक शिक्षा के लिए नयी तकनीक, नयी शिक्षण प्रक्रिया, नये विषयों व आधुनिक शिक्षण प्रविधि के बारे में बताया गया। शिक्षण और मूल्यांकन विधियों में नयी अवधारणाओं के बारे में शिक्षकों को संवेदनशील बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में 300 शोध छात्रों व शिक्षकों ने भाग लिया।

# झारखंड : मनरेगा में संविदा आधारित नियुक्तियों की बहाली का रास्ता साफ

**सिर्फ मनरेगा में 1500 से अधिक रिक्त पदों पर अब बहाली का रास्ता साफ हो जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में मनरेगा अंतर्गत जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर के रिक्त पदों पर बहाली का रास्ता साफ हो गया है। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित पत्र छह जुलाई, 2023 को ही जारी कर दिया है। इसके साथ ही कार्मिक विभाग ने नौ नवंबर, 2021 को एक पत्र जारी किया था, जिसके अंतर्गत मनरेगा में जिला स्तर पर सभी नियुक्तियों की कार्रवाई को अपरिहार्य कारणों से निरस्त करने तथा प्रखंड एवं पंचायत स्तर से रिक्त पदों पर किसी प्रकार की नियुक्ति की कार्रवाई को अगले आदेश तक प्रारंभ नहीं करने का निर्देश दिया था।

कार्मिक विभाग के इस आदेश से राज्य में मनरेगा और जेएसएलपीएस सहित अन्य विभागों में संविदा पर नियुक्ति प्रक्रिया रुक गयी थी, कई विज्ञापन निरस्त किये गये थे। अब कार्मिक विभाग ने पुनः छह जुलाई को ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों को पत्र लिखा है और इसके माध्यम से बताया है कि उनके कार्यालय के माध्यम से विगत नौ नवंबर, 2021 के माध्यम से पूर्व के निर्देश को झारखंड हाइकोर्ट द्वारा पारित आदेश के आलोक में निरस्त कर दिया है। ऐसे में उपरोक्त विभागीय पत्र को निरस्त करते हुए नियुक्ति की प्रक्रिया नियमानुसार प्रारंभ की जा सकती है। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कार्मिक विभाग की ओर से छह जुलाई को लिये गये पत्र के आलोक में सभी जिला के उपायुक्तों को पत्र लिखा है और राज्य में संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया है। सिर्फ मनरेगा में इससे 1500 से अधिक रिक्त पदों पर अब बहाली का रास्ता साफ हो जायेगा।

## राज्यपाल के लिए मर्सिडीज : सरकार ने शुरू की खरीद की तैयारी

# कैबिनेट सचिवालय ने प्रशासी पदवर्ग समिति से गाड़ी खरीदने की स्वीकृति मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के लिए राजभवन ने नयी मर्सिडीज बेंज जीएलएस एसयूवी की खरीद के लिए राज्य सरकार को आग्रह पत्र भेजा है। इस गाड़ी की कीमत करीब 1.35 करोड़ है। अभी राज्यपाल मर्सिडीज ई 200 एक्सक्लूसिव और स्कोडा सुपर्ब कार का उपयोग करते हैं। वहीं गृह विभाग ने भी राज्यपाल के कार्केड के लिए तीन और बोलेरो की भी जरूरत बतायी है। इस पर भी करीब 26 लाख रुपये का खर्च आयेगा। राजभवन का पत्र मिलने के बाद सरकार ने गाड़ी खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कैबिनेट सचिवालय ने संलेख तैयार कर मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली प्रशासी पदवर्ग समिति को भेजा है। क्योंकि कोई भी सरकारी गाड़ी खरीदने की स्वीकृति देने का अधिकार इसी समिति को है। संलेख में कहा गया है कि राज्यपाल के उपयोग के लिए उनके पद की गरिमा और सुरक्षा की दृष्टि से मर्सिडीज बेंज जीएलएस एसयूवी खरीदने की जरूरत है। इसलिए इसकी स्वीकृति दें।

## ग्रामीण इलाके और लंबी दूरी की यात्रा में पुरानी गाड़ी उपयुक्त नहीं

राजभवन ने लिखा है कि राज्यपाल के पास जो गाड़ी है, वह सुरक्षा और ग्राउंड क्लियरेंस की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। राज्यपाल लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते हैं। लंबी यात्रा करते हैं। कार्केड में चल रही पुरानी गाड़ियां उचित नहीं है। ऐसे में उनके लिए एक नई गाड़ी की जरूरत है।

## जेसीएफ या अनुपूरक बजट से होगा पैसों का इंतजाम

झारखंड सरकार के पास फिलहाल नयी गाड़ियां खरीदने के मद में पैसे नहीं हैं। अगर सरकार यह गाड़ी खरीदने की स्वीकृति देती है तो इसके लिए पैसों का इंतजाम राज्य आकस्मिकता निधि (जेसीएफ) या अनुपूरक बजट से किया जायेगा। उधर, गृह विभाग ने भी राज्यपाल के कार्केड के लिए तीन और बोलेरो खरीदने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया है। अभी कार्केड में इनोवा, स्विफ्ट डिजायर, एसएक्सफोर, स्कॉर्पियो और हाईटेक एंबुलेंस हैं।

## 2021 में भी खरीदी गयी थीं मर्सिडीज सहित 8 गाड़ियां

वर्तमान में राज्यपाल के उपयोग के लिए एक मर्सिडीज (मॉडल सीकेडी वी213 इ200 एक्सक्लूसिव एमवाइ 22) है। यह गाड़ी दिसंबर 2021 में तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस के कार्यकाल में खरीदी गयी थी। उसी समय एक स्कोडा सुपर्ब, एक बुलेट प्रूफ महिंद्रा डिफेंस, स्कॉर्पियो, इनोवा, टाटा विंगर और टाटा 407 समेत आठ गाड़ियां खरीदी गयी थीं। इससे पहले वर्ष 2014 में तत्कालीन राज्यपाल सैयद अहमद के कार्यकाल में भी एक बीएमडब्ल्यू कार खरीदी गयी थी। यह 7 सीटर लग्जरी एसयूवी है। न्यू जीएलएस पहले से 77 एमएम लंबी, और 22 एमएम चौड़ी है। इसका व्हीलबेस भी 60 एमएम ज्यादा है। सुरक्षा के लिए इसमें नौ एयरबैग्स हैं। 11 यूएसबी पोर्ट्स हैं। एडीएस ओर एयरमेटिक सस्पेंशन इसे और आरामदायक बनाती है।

# जन-जन की भागीदारी से ही राज्य व देश का विकास संभव : गौरव

**फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार और पौधा वितरण किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल, बरियातू में मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण एवं उर्जा संरक्षण के तहत सेमिनार का हुआ आयोजन। सामाजिक संस्था विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन ( नेहरू युवा केंद्र रांची, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से संबद्धता प्राप्त संस्था) एवं रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल, बरियातू में मिशन में लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं उर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया और रांची नगर निगम के सहयोग से सैकड़ों पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ।

इस अवसर पर अतिथि के रूप विद्यालय के अधिकारी प्रमोद कुमार, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रांची नगर निगम से सौरभ केशरी, राजकुमार मौजूद थे। वहीं पौधा संरक्षण के लिए सभी छात्रों ने शपथ ली। इस अवसर पर गौरव अग्रवाल ने कहा कि मिशन लाइफ के तहत हमें पर्यावरण संरक्षण एवं उर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। जन जन की भागीदारी से ही देश का विकास संभव है तभी 2047 तक भारत विकसित देश बन पायेगा। प्रमोद कुमार ने कहा हम सभी को जन्मदिन के अवसर पर जरूर पेड़ लगाना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से स्कूल के शिक्षिका प्रियंका कुमारी, विनीता सहित अन्य शिक्षक व कर्मचारी ने अपना योगदान दिया।

## बिल्डर ने दूसरे की भूमि पर कर दिया निर्माण

# हाइकोर्ट ने कहा-नक्शा फॉलो किये बिना हो रहा शहर में निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने डॉ. चंद्रभूषण वर्मा की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी कर कहा, शहर में नक्शा फॉलो किये बिना ही कई निर्माण कार्य हो रहे हैं, दूसरों की भूमि पर कब्जा किया जा रहा है, जिसे अदालत बर्दाश्त नहीं करेगा।

वहीं अदालत ने इस मामले में सीबीआइ और बिल्डर को पार्टी बनाते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में का मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बहस की। उन्होंने अदालत को बताया कि डॉ. चंद्रभूषण वर्मा ने बरियातू इलाके में वर्ष 2007 में जमीन खरीदी थी। क्रिएटिव डेवलपर ने बिना किसी करार के डॉ. चंद्रभूषण वर्मा की भूमि पर भी बिल्डिंग खड़ी कर दी। इस केस में अगली सुनवाई के लिए 22 अगस्त की डेट कोर्ट ने तय की है।

# वित्त विभाग ने 21 जुलाई तक प्रथम अनुपूरक बजट के लिए मांगा प्रस्ताव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है और 31 जुलाई को प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। वित्त सचिव अजय कुमार सिंह झारखंड ने प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी 2023-24 के लिए विभिन्न विभागों से प्रस्ताव मांगा है। ऐसे में वित्त विभाग ने भारत सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित स्कीम, केंद्रीय स्कीम की हिस्सेदारी में परिवर्तन के फलस्वरूप यदि बजट में संशोधन की आवश्यकता है तो उस पर प्रस्ताव देने को कहा है।

इसके अलावा विगत वर्ष, चालू वित्तीय वर्ष में केंद्र प्रायोजित योजना या केंद्रीय सेक्टर स्कीम में भारत सरकार से राशि प्राप्त हो गयी है और उसका उपबंध नहीं किया गया है या जो राशि से वह पर्याप्त नहीं है तो उसके संबंध में प्रस्ताव मांगा गया है। सभी प्रस्तावों पर विभागीय मंत्री व योजना सह विकास विभाग की सहमति के बाद ही ऑनलाइन या ऑफलाइन वित्त विभाग को भेजा जायेगा। वित्त विभाग ने इसके अलावा सिर्फ आकस्मिक स्थिति वाले प्रस्ताव देने को कहा है। सारे प्रस्ताव 20 और 21 जुलाई तक देने को कहा गया है।

# रांची मेयर के पद को एससी के लिए रिजर्व करने के मामले में याचिकाकर्ता ने वापस ली याचिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को रांची मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार और चुनाव आयोग ने इस आदेश को वापस ले लिया और ट्रिपल टेस्ट की बात कही है। याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। खंडपीठ ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पैरवी की। याचिका में उनकी ओर से कहा गया था कि शेड्यूल एरिया में नगर निकाय चुनाव में मेयर या अध्यक्ष या नगर पंचायत अध्यक्ष का पद सिर्फ आदिवासियों के लिए ही आरक्षित हो सकता है, गैर आदिवासियों के लिए यह पद नहीं हो सकता है। इसे लेकर लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है लेकिन नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एससी के लिए आरक्षित कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल रमेश बाघ बनाम महाराष्ट्र सरकार के मामले की सुनवाई के बाद राज्य सरकारों द्वारा बिना ट्रिपल टेस्ट कराये ओबीसी को चुनाव में आरक्षण नहीं देने से संबंधित आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में होने वाले पंचायत और नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने की तीन जांच अर्हताएं तय की हैं।

## हाइकोर्ट से खुले में मांस की बिक्री पर रोक का आरएमसी का आदेश खारिज, कोर्ट ने कहा-जल्द बनायें रेगुलेशन

**रांची(आजाद सिपाही)।** स्लॉटर हाउस का संचालन शुरू कराने, खुले में मांस बेचने और काटने के खिलाफ नगर निगम के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। बुधवार को हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम के आदेश को खारिज करते हुए कहा है, निगम द्वारा जारी आदेश में सरकार का अनुमोदन प्राप्त नहीं है। वहीं कोर्ट ने निर्देश दिया है कि इसके लिए सरकार जल्द रेगुलेशन बनायें।

दरअसल बिना नियम अनुसार राजधानी में चल रहे अवैध बूचड़खानों पर लगाम लगाने को लेकर पूर्ववर्ती सरकार ने कांके में एक स्लॉटर हाउस का निर्माण कराया था। साथ ही शहर में मौजूद सभी दुकानदारों को यह निर्देशित किया था कि सभी दुकानदार नियम का पालन करते हुए खुले में मांस नहीं बेचेंगे और अवैध बुचड़खाने संचालित नहीं किये जायेंगे। नियम पालन नहीं होता देख अदालत में याचिका दाखिल की गयी थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

## डेली मार्केट थाना प्रभारी ने महानगर सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के साथ की बैठक



**रांची(आजाद सिपाही)।** डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने महानगर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी का एक डेलिगेशन टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर बैठक किये तथा मोहर्रम से संबंधित जानकारी लिया। कई निर्देश भी दिये। इस बैठक में महानगर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी और लीलू अली अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मो सज्जाद ने थाना प्रभारी को सभी प्रमुख स्थानों से निकलने वाले अखाड़ा पर चर्चा कर आवश्यक जानकारियां साझा किया। बैठक के पश्चात थाना प्रभारी और मोहर्रम कमेटी ने साथ मिलकर थाना से लेकर लेक रोड़ स्थित इमामबाड़ा तक पैदल मार्च कर मोहर्रम के अखाड़ा के मुख्य बिंदु पर पहुंच कर निरीक्षण किया। डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि पर्व त्योहार जितना शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाये, पर्व का आनंद उतना ही बढ़ जाता है। इसलिये डेलीमार्केट के सभी लोग आपस में मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनायें। उन्होंने सभी से शांति बनाएं रखने की अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम के अवसर पर किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, फोटो, वीडियो और धर्म पर आधारित आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल न किया जाये। अन्यथा कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। इस बैठक में लीलू अली अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मो सज्जाद, महानगर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सलाउद्दीन उर्फ संजु, उपाध्यक्ष रजी अहमद, सचिव एनामूल, प्रवक्ता फिरोज और समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता और अन्य लोग मौजूद थे।

## विशाल यादव का हुआ डब्ल्यूसीएल में चयन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी पंचायत के पूर्व मुखिया सह कांग्रेसी नेता स्व निर्मल कुमार यादव का पोता और पूर्व मुखिया सह कांग्रेसी नेता स्व दिलीप कुमार यादव का पुत्र व वर्तमान में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव सह कांग्रेस कमेटी हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष राजू यादव का भतीजा उरीमारी निवासी विशाल यादव का कोल इंडिया के डब्ल्यूसीएल में चयन होने पर पूरे उरीमारी क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विशाल यादव का ज्वाइनिंग नागपुर में हुई है। विशाल ने उरीमारी डीएवी स्कूल से पढ़ाई करने के बाद माइनिंग बीटेक किया। इस खुशी के अवसर पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रीय कार्यालय उरीमारी में मिठाई बंटी और बधाई दी। बधाई देने वालो में मुख्य रूप से डॉ जी आर भगत, सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, महादेव बेसरा, गणेश राम, संजय कुमार यादव, अजय कुमार मिश्रा, कंचन मांझी, राधेश्याम, कमलेश, श्याम बेदिया, टहल गोप, दिपक विश्वकर्मा, मोहम्मद मोमताज, कजरु उरांव, महेश गंझू शामिल हैं।

## उपाध्यक्ष अंजना पवार ने अफसरों के साथ की बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पावर बुधवार को पतरातू पहुंची। यहां पर पहुंचने के बाद पतरातू लेक रिजॉर्ट के पर्यटन विहार के कॉन्फ्रेंस हॉल मे कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष अंजना पवार ने सीसीएल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शामिल सीसीएल के अधिकारियों द्वारा सीसीएल क्षेत्र की वर्तमान सीसीएल कर्मी व सफाई कर्मियों की स्थिति से उन्हें अवगत कराया गया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष सफाई कर्मियों के सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक जीवन से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन, नगर निगम, नगर निकाय सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुये सफाई कर्मचारी जो अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति हैं इस कर्मचारी वर्ग की जो भी समस्या है कर्मचारी आयोग काम करता है और हम इनको आर्थिक सामाजिक, शैक्षणिक और पुनर्वास की समस्या होती है उन समस्याओं का निराकरण करते हैं। इस बैठक में सीसीएल डायरेक्टर पर्सनल हर्ष नाथ मिश्रा, पीएस एस के भरद्वाज, आलोक कुमार गुप्ता, संजय कुमार, किशोर पासवान, राज कुमार महतो, तेजू रविदास सुबोध कुमार, रश्मि दयाल सहित कई अधिकारी शामिल थे।

## सोना-सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सौंदा डी पंचायत में झारखंड सरकार के सोना सोबरन योजना के तहत बुधवार को दर्जनों लाभुकों के बीच धोती-साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत सौंदा डी पंचायत के हुसैनीनगर स्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार देवराज सिंह के दुकान में स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा, विधायक प्रतिनिधि जयंत तुरी व पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय द्वारा लाभुकों के बीच साड़ी-धोती व लूंगी का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार के इस योजना से क्षेत्र के लाभुक काफी लाभांवित हो रहे हैं। इस योजना के तहत वर्ष में दो बार मात्र 20 लेकर साड़ी व धोती जन वितरण प्रणाली के डीलर के माध्यम से दिया जाता है। उन्होंने कहा की सभी पीएच और ग्रीन राशन कार्डधारियों को धोती-साड़ी और लुंगी का लाभ दिया जायेगा। मौके पर वार्ड सदस्य सुबोध रजक, स्वयंसेवक संतोष रजक, समाजसेवी राजकुमार रवि, राजू करमाली सहित दर्जनों लाभुक मौजूद थें।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष ने किया रामगढ़ का दौरा

# क्षेत्र के विकास में सफाई कर्मियों का योगदान अहम: अंजना पवार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के उपाध्यक्ष अंजना पवार बुधवार को रामगढ़ पहुंची। इस दौरान उन्होंने जिले के सफाई कर्मियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, सरकार की योजनाओं का लाभ देने व सफाई कर्मियों से जुड़े कई मामलों को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में अधिकारियों, सफाई कर्मियों के यूनियन के अध्यक्षों, सफाई कर्मियों के साथ बैठक की।

बैठक में डीसी माधवी मिश्रा और अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन द्वारा उपाध्यक्ष को पौधा देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद अंजना पवार ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सफाई कर्मियों का योगदान बहुत बड़ा होता है। उनके द्वारा किये गए सफाई कार्यों से ना केवल वातावरण साफ होता है बल्कि कई तरह की बीमारियों से भी हम सभी बचते हैं। लेकिन वर्तमान समय में सफाई कर्मियों की स्थिति को देखते हुए हम सभी को जरूरत है कि हम उनके लिए और भी संवेदनशील हो। इसी उद्देश्य आज इस बैठक का आयोजन किया गया है। कहा कि जिस प्रकार से सफाई कर्मियों ने करोना जैसी विषम परिस्थिति में भी पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य किया वह सराहनीय है। सरकार द्वारा सफाई कर्मियों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही उन्हें विभिन्न सुविधाएं भी दी जा रही है। लेकिन जागरूकता के अभाव में अभी भी बड़ी संख्या में सफाई कर्मी लाभ से वंचित है।

**छावनी परिषद और नगर परिषद के सफाई कर्मियों की ली जानकारी**

उन्होंने नगर परिषद, छावनी परिषद सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों और उन्हें मिल रहे लाभ, मानदेय आदि की जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने सफाई कर्मियों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने और किसी भी प्रकार के रोग की पहचान होने पर उनके इलाज हेतु कार्यवाई करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने सुरक्षा दृष्टिकोण से सफाई कर्मियों को कार्यों के दौरान अनिवार्य रूप से पहचान पत्र साथ रखने और पहचान पत्र में ब्लड ग्रुप अंकित होना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सफाई कर्मियों को उपलब्ध कराए जाने वाले सेफ्टी किट, मास्क, ग्लव्स सहित अन्य उपकरणों की जानकारी लेने के क्रम में श्रीमती पवार ने वरीय अधिकारियों को नियमित रूप से इनकी जांच करने और बिना सुरक्षा सुनिश्चित किया किसी भी सफाई कर्मी को कार्य न करने देने का निर्देश दिया।

# रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा ने पतरातू अंचल में क्रशरों का किया निरीक्षण

## डीएफओ, खनन विभाग, राज्य प्रदूषण विभाग समेत अन्य अधिकारी रहे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भदानीनगर।** भदानीनगर प्रदूषण को लेकर एनजीटी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भारत सरकार के निर्देश पर रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा समेत कई विभागों के अधिकारी पतरातू प्रखंड में चलाये जा रहे क्रशरों की जांच की। इस दौरान अधिकारी चिकोर, पाली और परगारा आदि इलाकों में चल रहे क्रशरों का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने क्रशर संचालकों को कई तरह के दिशा निर्देश दिये। इस निरीक्षण अभियान के दौरान इन इलाके में चलाए जा रहे सभी क्रशरों का बारी बारी से निरीक्षण किया और क्रशर संचालकों को एनजीटी द्वारा दिये गये इंस्ट्रक्शन को फॉलो करने की बात कही। जांच के क्रम में कुछ क्रशर को एनजीटी की नयी गाइडलाइन के अनुसार सक्षम नहीं पाया गया। वही कई क्रशर नदी और नालों से सटे पाये गये जबकि आमतौर पर इनकी दूरी नदी नालों से 200 मीटर दूर होनी चाहिए। साथ ही परिसर के आसपास 10 फीट की दीवार होनी चाहिए और प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए स्टोन चिप्स आदि जगहों पर पानी का छिड़काव बराबर होता रहे इस बात की जानकारी ली गयी। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि सुधार की जरूरत है।

## सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन को झारखंड सरकार ने दिया नोटिस, 15 दिन में मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन अजय साह को राजनीतिक दल की सदस्यता ग्रहण करने पर झारखंड सरकार ने बुधवार को नोटिस जारी किया है। उन्हें 15 दिन के अंदर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा रांची सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष अजय साह को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर कारण बताओ नोटिस भेजा गया है।

यह नोटिस सरकार के अवर सचिव अरशद जमाल ने भेजा है। नोटिस में अजय साह से पूछा गया है कि भाजपा की सदस्यता लेने पर क्यों ना उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही की जाये? नोटिस में अवर सचिव ने रांची डीसी राहुल सिन्हा और डीडीसी द्वारा विभाग को भेजे गये पत्रांक का हवाला दिया गया है।

रांची डीसी ने महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार के सचिव को पत्रांक द्वारा अजय साह पर आवश्यक कार्यवाही करने की अनुशंसा की थी। रांची डीसी ने विभाग को अखबारों में छपी खबरों का हवाला दिया था।

उल्लेखनीय है कि 26 मई को रांची सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष अजय साह ने भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की थी। सीडब्ल्यूसी झारखंड सरकार के अधीन एक अर्ध न्यायिक बॉडी है, जिसका काम नाबालिग बच्चों की देखरेख और सुरक्षा से संबंधित मामलों को देखना होता है। समिति एक न्यायपीठ है, जिसमें चार सदस्य और एक अध्यक्ष होते हैं।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस प्रतियोगिता आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस कांपटीशन का आयोजन किया गया। कांपटीशन चार सदनों के बीच आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अवंतिका ने की। कंपटीशन कक्षा 6 से 8 के बच्चों के बीच हुआ, जिसमें अजीत सिंह हाउस से प्रथम प्रांजल नंदिनी जोरावर सिंह हाउस से जसप्रीत सिंह और तृतीय अंशुमन राज जोरावर सिंह हाउस से रहें। इन प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य मे बेहतर करने की कामना की।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली और मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

## छावनी परिषद का नगर निकाय में विलय को लेकर गठित कमिटी की बैठक संपन्न

# छावनी परिषद के निवासियों को मिले पूरा अधिकार: अनमोल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** छावनी परिषद को नगर निकाय में विलय को लेकर के रक्षा मंत्रालय के द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी की एक आवश्यक बैठक बुधवार को हुई। बैठक छावनी परिषद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में झारखंड कैंटोनमेंट कर्मचारी संघ के महामंत्री सरदार अनमोल सिंह और एडम कमांडेंट विपिन कुमार शामिल हुए। बैठक में डीसी, कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिशासी अधिकारी, रक्षा मंत्रालय वित्त विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी, रक्षा कमांड के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और कमेटी के तमाम लोग उपस्थित थे। बैठक में झारखंड कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही पांच सूत्री बातों को कमेटी के समक्ष रखा।

**उच्च स्तरीय कमिटी के बैठक में अनमोल सिंह ने रखी बात**

बैठक में कर्मचारी संघ के महामंत्री सरदार अनमोल सिंह ने अनेकों मुद्दों को बैठक में रखा। जिसमें कर्मचारियों की वरीयता किसी भी तरह का बदलाव नहीं करने, जिसपर स्केल में वहां पर कार्यरत है उदय उसी स्केल पर उसी शर्तों पर वहां रखा जाये, छावनी परिषद के जो कर्मचारी हैं उनको एमियस स्टेशन हैडक्वाटर आरडीओ ऑफिस में समाहित करने, अनुकंपा पर आधारित नौकरियों को सुनिश्चित करने सहित अन्य मुद्दे शामिल है। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण जो कर्मचारी अनुबंध मैं छावनी परिषद रामगढ़ में कार्यरत है उनको नगर निकाय में समाहित करने की मांग की गयी। साथ ही छावनी परिषद के अंतर्गत वार्ड नंबर 78 के प्रतिबंधित क्षेत्र की समस्या को भी कमेटी के समक्ष रखा गया। अनमोल सिंह ने बताया कि प्रतिबंधित क्षेत्र में 340 एकड़ जमीन यहां के रहिए तो की है और यहां पर लगभग 15 सौ से ज्यादा घर बने हुये हैं। यहां पर राज्य और केंद्र सरकार के सरकारी कार्यालय बने हुए हैं। मंदिर मस्जिद कॉलेज यहां पर बने हुये हैं और सभी वहां के निवासियों को मौलिक अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने इस पर गंभीरतापूर्वक विचार कर जल्दी इस पर निर्णय देने का आश्वासन दिया।

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने की समीक्षा बैठक

**रांची(आजाद सिपाही)।** पर्यटन विहार, स्टेट गेस्ट हाउस, पतरातु में नेशनल कमीशन फॉर सफाई कर्मचारी द्वारा एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नेशनल कमीशन फॉर सफाई कर्मचारी की उपाध्यक्षा अंजना पंवार ने किया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का. और औ.सं) रश्मि दयाल, महाप्रबंधक (न.प्र.) राजेश मोहन, विभागाध्यक्ष (जनसंपर्क) आलोक कुमार, एससी- एसटी परिषद के प्रतिनिधि और सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

श्रीमती पंवार ने सफाई कर्मचारी के प्रति सीसीएल द्वारा किये जा रहे सकारात्मक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आयोग के निर्देशों को और बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने हेतु अनेक आवश्यक सुझाव दिये और कहा कि प्रत्येक तिमाही स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए साथ ही सभी कर्मियों का पहचान-पत्र भी होना चाहिए जिसमें स्पष्ट रूप से रक्त समूह का उल्लेख हो। इसके अतिरिक्त सभी कर्मियों को भविष्य निधि की समुचित जानकारी होनी भी आवश्यक है। उन्होने सफाई कर्मचारी के कोरोना काल के दौरान उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि सभी कर्मी अथक प्रयास कर स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे है। अतः यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक समस्या न आने पाये।

निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने अवसर विशेष पर सफाई कर्मचारियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को स्वच्छ और रोगमुक्त रखने में सफाई कर्मचारियों की महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि माननीय उपाध्यक्षा द्वारा दिये गये निर्देशों का सीसीएल पूर्णतः पालन करेगा। अवसर विशेष पर सीसीएल द्वारा स्वच्छता संबंधी अपनी गतिविधियों को पावर प्वायंट (पीपीटी) के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

## शिव मंदिर के बगल में चल रहा ऊना बार, एक्साइज रूल को चुनौती देते हुए दायर किया गया पीआइएल

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के रहने वाले अनुराग कुमार ने झारखंड हाइकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की है। अधिवक्ता आयुषी अग्रवाल के माध्यम से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि झारखंड एक्साइज रूल के मुताबिक, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में शराब की दुकान नहीं खुल सकती है। लेकिन बार खोलने का लाइसेंस दिया जा सकता है और बार का संचालन भी किया जा सकता है, जो कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। जनहित याचिका में रांची के कडरू रोड स्थित ऊना बार का उदाहरण दिया गया है। प्रार्थी ने कहा है कि ऊना बार शिव मंदिर के ठीक बगल में स्थित है। सावन महीने में भी शिव मंदिर के बगल में बार का संचालन किया जा रहा है, जिससे हिंदू धर्म में मान्यता रखने वाले लोगों की आस्था को चोट पहुंच रही है।

## जेएसपी ने कराया मोतियाबिंद रोगियों का नि:शुल्क ऑपरेशन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी फाउंडेशन पतरातू ने अपने दृष्टि कार्यक्रम के तहत आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद के मरीजों को सदर अस्पताल रामगढ़ के माध्यम से ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी। इससे पहले जेएसपी फाउंडेशन पतरातू ने नेत्र जांच शिविर आयोजित किया था। जिसमें 200 से अधिक ग्रामीणों की जांच की गयी और जांच के दौरान चिन्हित मोतियाबिंद मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इस मौके पर जेएसपी फाउंडेशन के रवि निवास, कुमार राहुल, डॉ. मंजू मिश्रा, रश्मिता दास, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप प्रजापति, बृजन मुंडा सहित अन्य शामिल रहे।


### शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 1054 दिनांक 28.06.2023 के अनुसार **मैं, अर्जुन राम,** पिता- बड़कु राम, उम्र करीब 49 वर्ष निवासी ग्राम-हुरदगा, पो.-सेवाडीह, थाना-रंका, जिला-गढ़वा राज्य झारखंड शपथपूर्वक निम्नांकित ब्यान हूंः-

1. यह कि **"कलु कुमार रवि"** मेरा पुत्र है जिसकी जन्मतिथि 01.01.2009 ई. है जो कि बिल्कुल सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरे उक्त पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण में उसका नाम **"कल्लु कुमार रवि"** दर्ज है लेकिन मेरे पुत्र का आधार कार्ड में उसका नाम भूलवश गलती से ये दर्ज **"पूर्णचंद राम"** हो गया है अब मै अपने परिवार के सदस्यों की सहमति से अपने उक्त पुत्र का नाम उसके आधार कार्ड में परिवर्तित कराते हुए **कलु कुमार रवि** दर्ज कराना चाहता हूं।
3. यह कि मेरा उक्त पुत्र अब आज के बाद से **"कलु कुमार रवि"** के नाम से जाना जायेगा तथा वह अपने समस्त तरह के कार्यो का निष्पादन भी इसी नाम से करेगा।
4. यह कि मै अपने उक्त पुत्र का नाम परिवर्तित करते हुए **"कलु कुमार रवि"** Kalu Kumar Ravi करने के प्रमाण स्वरूप एवं आधार कार्ड में उसका नाम परिवर्तित कराने हेतु गजट नोटिफिकेशन कराने के लिए इस शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूं।
5. यह कि उपरोक्त सारी बाते मेरे निदेर्शानुसार लिखी गई है जिसे मैं पढ़ समझ कर सही पाकर अपना हस्ताक्षर बनाया हूं।

### कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

E-mail ID – csofficeranchi@yahoo.com

**Re -Tender No. : 2524 Date 18.7.23**

**अल्पकालीन निविदा PR-296935**

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अन्तर्गत रॉची जिले के अनुमंडलीय अस्पताल,बुंडू, रेफरल अस्पताल, मांडर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो, में जन औशधि केन्द्र के संचालन हेतु एजेन्सी का चयन निविदा की माध्यम से किया जाना है। इन्छुक निविदादाता से निविदा दिनांक 31.8.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

निविदा से तकनीकि विवरण/संबंधित नियम/शर्त आदि **website:- www.sadarhospital.com** पर दिनांक 21.7.2023 से देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्वि पत्र **website www.sadarhospital.com** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉची।

PR.NO.302755 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक........................खूँटी, दिनांक..................

**Corrigendum**

**E-Procurement Notice**

**E-Tender Reference No. KNP/16/2023-24**

**(PR. No. 301912 Urban Development 23-24)**

**Name of the Work:** Rejuvenation of Kamanata Jalashay Under Nagar Panchayat, Khunti

| Sr.No. | Particulars | Date | Corrigendum Date |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid submission end date | 18.07.2023 at 3.00 pm | 24.07.2023 upto 3.00 pm |
| 2. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 19.07.2023 up to 2.00 pm | 25.07.2023 up to 2.00 pm |
| 3. | Bid opening date (online) | 19.07.2023 at 3.00 pm | 25.07.2023 at 3.00 pm |

Complete bid document is available on website http://jharkhand tenders. gov.in)

ह0/–
प्रशासक, नगर पंचायत, खूँटी।

PR.NO.302718 Urban Development(23-24):D

# किसका अलायंस बड़ा

दिलचस्प बात है कि विपक्षी पार्टियां जब बेंगलुरु में मंगलवार को एकता की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श कर रही थीं, तभी दिल्ली में एनडीए के सहयोगी दलों की भी मीटिंग चल रही थी। बेंगलुरु में 26 पार्टियां थीं तो दिल्ली की बैठक में 38 दल। दोनों खेमों की एक ही दिन बैठक से मामला स्वाभाविक ही तुलनात्मक हो गया। अगर एनडीए की मीटिंग नहीं होती तो मीडिया के साथ ही देशवासियों का भी पूरा ध्यान विपक्षी दलों की बैठक पर होता, रिपोर्टिंग भी सिर्फ उसी बैठक की होती। राजनीति में हर खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी की एक-एक चाल पर नजर बनाए रखता है। ऐसे में अगर एनडीए बैठक की टाइमिंग जानबूझकर ऐसी रखी गई हो तो इसमें भी आश्चर्य की कोई बात नहीं, न ही इसे किसी भी रूप में गलत कहा जा सकता है। खैर, विपक्ष का दावा है कि अपोजिशन पार्टियों की एकता की कोशिशें कामयाब होते देख सत्तारूढ़ बीजेपी घबरा गई है। इसीलिए वह अचानक एनडीए में शामिल दलों की संख्या बढ़ाने का प्रयास कर रही है। वरना प्रधानमंत्री संसद में कह चुके हैं कि वह अकेले सब पर भारी हैं। कुछ समय पहले तक बीजेपी पर यह आरोप लग रहा था कि वह एनडीए के सहयोगी दलों को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही। किसानों के मुद्दे पर अकाली दल जैसे उसके पुराने सहयोगी ने बीजेपी का साथ छोड़ दिया था तो शिवसेना (अविभाजित) जैसे पुराने पार्टनर और उसके नेता उद्धव ठाकरे ने भी उपेक्षा का आरोप लगाकर उससे किनारा कर लिया था। मगर इन आलोचनाओं को एक हद से ज्यादा अहमियत नहीं दी जा सकती। हर पार्टी हालात के मुताबिक अपनी रणनीति में बदलाव करती रहती है। अगर किसी खास परिस्थिति में बीजेपी नेतृत्व को अपनी पार्टी का विस्तार करना ज्यादा जरूरी लगा और उसने किसी खास राज्य में अकेले चलने का मन बनाया तो इसका मतलब यह नहीं कि बदले हालात में वह समान विचारों वाली पार्टियों से तालमेल बनाने की कोशिश नहीं कर सकती। उसने ऐसी कोशिश की और उसे पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिला। शिवसेना और एनसीपी के उसके पास आए धड़े ही नहीं, बिहार में जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा जैसे एनडीए से अलग हो चुके नेता भी वापस आ गए। यह बात सही है कि जो 38 पार्टियां एनडीए की बैठक का हिस्सा बताई जा रही हैं, उनमें कई ऐसी हैं जिनका संसद में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। लेकिन चाहे विपक्ष हो या सत्ता पक्ष, दोनों की ओर से किए जा रहे एकता प्रयासों का मकसद 2024 के लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करना ही है। और बेहतर चुनावी प्रदर्शन के लिए लोकसभा सीटों से ज्यादा जरूरी वोटरों का समर्थन होता है। अगर ये छोटे दल भी अपने-अपने इलाकों के खास वोटर बेस का समर्थन सुनिश्चित कर देते हैं तो इस पहल को कामयाब माना जाएगा।

**मंगलवार का दिन भारतीय राजनीति के लिए काफी अहम था। एक तरफ बेंगलुरु में विपक्षी एकता की बैठक चल रही थी, तो दिल्ली में बीजेपी अपने साथियों को एकजुट करके शक्ति प्रदर्शन करने में जुटी थी। विपक्ष के साथ 26 दल थे तो एनडीए के साथ 38 दल।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में 1.4 अरब लोगों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्य सुनिश्चित करने के लिए सस्टेनेबल कृषि आवश्यक है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में, रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने रासायनिक फर्टिलाइजर के असंतुलित उपयोग के समाधान के लिए सक्रिय पहल की है। इन पहलों का उद्देश्य नीतियों में बदलाव, निवेश, वित्तीय सहायता, तकनीकी हस्तक्षेप और वैल्यू एडिशन के विभिन्न प्रयासों के माध्यम से भारतीय कृषि को संरचनात्मक रूप से बदलना है।**

# सस्टेनेबल फर्टिलाइजर के प्रबंधन के लिए भारत की नयी पहल



**नरेंद्र सिंह तोमर**

भारत में 1.4 अरब लोगों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्य सुनिश्चित करने के लिए सस्टेनेबल कृषि आवश्यक है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में, रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने रासायनिक फर्टिलाइजर के असंतुलित उपयोग के समाधान के लिए सक्रिय पहल की है।

इन पहलों का उद्देश्य नीतियों में बदलाव, निवेश, वित्तीय सहायता, तकनीकी हस्तक्षेप और वैल्यू एडिशन के विभिन्न प्रयासों के माध्यम से भारतीय कृषि को संरचनात्मक रूप से बदलना है। स्थिति की तात्कालिकता को पहचानते हुए, 28 जून, 2023 को केबिनेट कमिटी ऑफ इकोनोमिक अफेयर (सीसीइए) ने 370,128.7 करोड़ रुपये की यूरिया सब्सिडी योजना को जारी रखने और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों को मंजूरी दी। सरकार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर और 141 अरब हेक्टेयर भूमि वाले 120 मिलियन से अधिक किसानों की भलाई के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा की गई प्रमुख पहल इस प्रकार हैं:

**यूरिया सब्सिडी योजना का विस्तार :** सीसीइए ने 368,676.70 करोड़ रुपये आवंटित कर यूरिया सब्सिडी को 31 मार्च, 2025 तक विस्तार दिया है। इस विस्तार में 2022-23 से 2024-25 तक के वित्तीय वर्ष शामिल हैं। मोदी सरकार ने स्वदेशी उत्पादन पर बल दिया है, जिसके फलस्वरूप देश में यूरिया उत्पादन 2014-15 में 207.54 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से बढ़कर 2022-23 में 283.74 लाख मीट्रिक टन हो गई है। यूरिया सब्सिडी के विस्तार से यह उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे पूरे देश के किसानों को सस्ती यूरिया की उपलब्धता रहेगी।

**यूरिया सब्सिडी के विस्तार से यह उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे पूरे देश के किसानों को सस्ती यूरिया उपलब्ध होगी।**



सरकार ने पर्यावरण के अनुकूल और सस्टेनेबल पहल के रूप में पीएम प्रोग्राम फॉर रेस्टोरेशन, अवेयरनेस जेनरेशन, नॉरिशमेंट, एंड एमेलियोरेशन ऑफ मदर अर्थ (पीएम प्रणाम) की शुरुआत की।

**नैनो यूरिया इकोसिस्टम को मजबूत बनाना :** दुनिया में भारत पहला देश है जिसने दुनिया का पहला इंडिजीनस लिक्विड नैनो यूरिया विकसित किया है और भारतीय किसानों को सशक्त बनाने के लिए एक इनोवेटिव, इको-फ्रेंडली और इकोनोमिकल प्रोडक्ट के साथ इसका व्यावसायिक उत्पादन किया है। मार्च 2023 तक, 76.5 मिलियन बोतलों का उत्पादन किया गया है, जो कन्वेंशनल यूरिया के 33.6 एलएमटी के बराबर है। 54.2 मिलियन बोतलें बेची गई हैं। 2025-26 तक, 195 एमएलटी कन्वेंशनल यूरिया के बराबर 440 मिलियन बोतलों की उत्पादन क्षमता वाले 8 नैनो यूरिया प्लांट्स शुरू हो जाएंगे। किसानों को कन्वेंशनल डीएपी के इफेक्टिव और कोस्ट एफिसियेंट के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी से भी परिचित कराया गया है।

देश को फर्टिलाइजर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने 6 यूरिया उत्पादन यूनिट कोटा, राजस्थान में चंबल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड; पानागढ़, पश्चिम बंगाल में मैटिक्स लिमिटेड; रामागुंडम, तेलंगाना में; गोरखपुर, उत्तर प्रदेश; सिंदरी, झारखंड; और बरौनी, बिहार में इन यूनिटों की स्थापना और पुनर्जीवित किया है। इन स्वदेशी उत्पादन यूनिटों और नैनो यूरिया प्लांट के शुरू होने से यूरिया को आयात करने की आवश्यकता कम हो जाएगी और देश 2025-26 तक यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा।

**गोबरधन योजना के माध्यम से आर्गेनिक फर्टिलाइजर को बढ़ावा :** मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस (एमडीए) के तहत, सरकार अद्वितीय, बहुआयामी, वेस्ट टू वेल्थ गोबरधन पहल से जुड़े संयंत्रों में उत्पादित ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के लिए 1,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। इस पहल में विभिन्न बायोगैस और नवीकरणीय ऊर्जा योजनाएं, स्वच्छता, वेस्ट मैनेजमेंट कार्यक्रम शामिल हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,451.84 करोड़ रुपये खर्च किए जाने से भारत में ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के विकास को और बढ़ावा मिलेगा, इसमें 360 करोड़ रुपये की रिसर्च गैप फंडिंग भी शामिल है। किसानों को वन-स्टॉप समाधान के रूप में कृषि इनपुट (जैविक उर्वरक सहित) सेवाएं प्रदान करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए, देश भर में लगभग 100,000 'प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र' स्थापित किए गए हैं।

**पीएम प्रणाम कार्यक्रम :** सरकार ने पर्यावरण के अनुकूल और सस्टेनेबल पहल के रूप में पीएम प्रोग्राम फॉर रेस्टोरेशन, अवेयरनेस जेनरेशन, नॉरिशमेंट, एंड एमेलियोरेशन ऑफ मदर अर्थ (पीएम प्रणाम) की शुरुआत की। यह योजना राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाने, वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करती है। 2025-26 के लिए आवंटित प्रोत्साहन राशि 2026-27 में वितरित की जाएगी, जो सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के लिए सरकार के लॉन्ग टर्म विजन को उजागर करती है।

**इनोवेटिव यूरिया गोल्ड :** 'यूरिया गोल्ड' नामक नए युग के वैल्यू-एडेड यूरिया की शुरुआत की गई है, जिसमें सल्फर कोटिंग होती है। यह इनोवेटिव कोटिंग फसलों को एक महत्वपूर्ण सेकेण्डरी प्लांट न्यूट्रियेंट, सल्फर उपलब्ध कराएगी। 'यूरिया गोल्ड' यूरिया की खपत को कम करता है और नाइट्रोजन को धीमी गति से रिलीज करता है जिससे फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है। यह सस्टेनेबल फर्टिलाइजर यूरिया के संतुलित उपयोग करने के सरकार के प्रयासों को गति देगा।

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा हाल ही में दी गई मंजूरी सस्टेनेबल कृषि और किसानों की भलाई के लिए भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यूरिया सब्सिडी योजना का विस्तार, पीएम प्रणाम की शुरुआत, गोबरधन के माध्यम से आर्गेनिक फर्टिलाइजर को बढ़ावा और यूरिया गोल्ड सभी पर्यावरण-अनुकूल और कुशल कृषि क्षेत्र के निर्माण में योगदान करते हैं। इन पहलों के अलावा, सरकार ने रासायनिक फर्टिलाइजर के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने और ऑर्गेनिक, बायो और नैनो फर्टिलाइजर जैसे वैकल्पिक फर्टिलाइजर को अपनाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान भी शुरू किया है। इन प्रयासों का उद्देश्य भूमि को बेहतर बनाना और धरती माता का पोषण करना है।

मोदी सरकार ने राष्ट्र को समर्पित सेवा के नौ साल पूरे कर लिए हैं, कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और उत्थान के लिए लागू की गई कई कल्याणकारी योजनाओं को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है। सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत पर एक नए भारत की कल्पना के साथ किसानों के उत्थान एवं कल्याण के उद्देश्य से कार्य कर रही है। किसान देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आजीविका को बढ़ाना, सस्टेनेबल कृषि को बढ़ावा देना और कृषि क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा देना है। एक समृद्ध और समावेशी भारत बनाने के लिए सरकार सदैव प्रतिबद्ध रही है।

**(लेखक केंद्रीय कृषि मंत्री हैं एवं ये उनके व्यक्तिगत विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### झामुमो कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

# बूथ कमेटी का होगा गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले में लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो नेता व कार्यकर्ता तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा डाक बंगला भवन में झामुमो पटमदा प्रखंड कमेटी के द्वारा एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो के अध्यक्षता में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी व विशिष्ट अतिथियों झामुमो के वरिष्ठ नेता आस्तिक महतो,सम्मानित अथिति महाबीर मुर्मू, पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो शामिल हुए। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा 2019 में सरकार बनने के बाद पूरे देश कोरोना महामारी की चपेट में आगए थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों को बचाने के लिए 2 से ढाई साल तक लगे रहे। ढाई साल के बाद एक साल में विकास का काम तेजी से किया गया। अगर 4 साल समय मिलता तो मुख्यमंत्री ने झारखंड को सोने का चिड़िया बनाने का काम करते। विधायक श्री कालिंदी ने कहा जमशेदपुर में 4 किमी ओवरब्रिज बनेगा जो 16 साल तक सरकार में रहे, 5 साल तक डबल इंजन की सरकार रही लेकिन भाजपा सरकार नहीं कर सकी। विधायक ने कहा बोड़ाम में डिग्री कॉलेज का निर्माण भी हो रहा है। उन्होंने कहा कार्यकर्ता एक महीने के अंदर प्रत्येक बूथ में 10 युवा व 5 महिला को जोड़कर कमेटी का गठन करे। वही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्य से प्रभावित व पार्टी की नीति सिद्धांत से संतुष्ट होकर दो दर्जन लोगों ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण की। विधायक सहित सभी अतिथियों के द्वारा नए कार्यकताओं को पार्टी में स्वागत किया गया। शिविर में प्रखंड के सभी 15 पंचायतों से 20 - 20 कार्यकर्ता शामिल रहे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, दिवाकर टुडू, जितुलाल मुर्मू, कालीपद महतो, श्यामापद महतो, सिजेन हेम्ब्रम, जामिनि प्रमाणिक सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरायकेला में झारखंड पुलिस एसोसिएशन की बैठक



सरायकेला। पुलिस एसोसिएशन सरायकेला के अध्यक्ष आलोक रंजन चौधरी की अध्यक्षता में पुलिस लाइन संजय ग्राम में पुलिस एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को बैठक के दौरान पुलिस कल्याण कार्य हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही वर्तमान में हो रहे असामाजिक कार्यों से पुलिस की छवि खराब होने की स्थिति में गंभीर रूप से विचार विमर्श किया गया इस मुद्दे पर केंद्रीय कार्यालय रांची को भी सूचित करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों की अन्य समस्याएं जैसे आवास, पीने के पानी, विभिन्न पीकेटों व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से नियमित बदली ,टी ए की नियमित निकासी पर पुलिस अधीक्षक सरायकेला खरसावां का ध्यान आकर्षित कराने की बात रखी गई। बैठक में पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक रंजन चौधरी, उपाध्यक्ष रामनाथ बानरा, संयुक्त सचिव राकेश पांडे, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा , सचिव अनिल कुमार यादव व पुलिस मेंस एसोसिएशन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में जन समस्याओं का समाधान के लिए आजसू पार्टी का जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन

# महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शहर के उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर आजसू पार्टी के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा गया। बुधवार को प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री सह पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, वरिष्ठ नेता चंद्रगुप्त सिंह सहित पार्टी के नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान वर्तमान सरकार के खिलाफ आजसू नेताओं ने जमकर विरोध किया। मौके पर पूर्व मंत्री सह पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा पूर्वी सिंहभूम जिला सहित पूरे राज्य में अपराध की संख्या काफी बढ़ गया है। राज्य सरकार के संरक्षण में खनिज पदार्थ का किया जा रहा है। जिले में जनता के जरूरतमंद आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौपा गया। ताकि जनता की समस्याओ का समाधान हो सके। पूर्व मंत्री सहित ने कहा कोल्हान के एकमात्र सबसे बड़ा अस्पताल एमजीएम स्थिति काफी दयनीय है। अस्पताल में बिल्डिंग पर बिल्डिंग बनाया जा रहा है। ऐसे लगता है बिल्डिंग को ही अस्पताल मानकर चल रहे। करोड़ों की लागत से नया मशीन खरीदा गया लेकिन अस्पताल में मशीन के लिए ऑपरेट नहीं है। साथ ही जो आवश्यकता है वह पूरा नहीं किया गया। उन्होंने बताया अस्पताल में डॉक्टर के साथ मेडिसिन की कमी है। सरकार के द्वारा करोड़ो रुपए खर्च करने के बावजूद लोगों का समुचित इलाज नहीं हो पारहा हैं। अस्पताल में साफ सफाई नहीं होती। मरीज के परिजनों को बाहर से दवा लाने को कहा जाता। जमशेदपुर शहर से सटे बस्ती मैं कचरा निष्पादन के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। जलापूर्ति योजना का स्थिति काफी दयनीय है। बिजली विभाग के मनमानी से जनता परेशान है। इन सभी मुद्दों को लेकर आजसू पार्टी सरकार से वादों के साथ कार्य करने के लिए आग्रह कर रही है। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा अगर सरकार इन समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो आगे आजसू पार्टी आंदोलन तेज करने के लिए वाध्य होंगे। मौके पर वरिष्ठ नेता चंद्रगुप्त सिंह ने कहा बालू घाटों पर माफिया द्वारा खनिज पदार्थ का लूट मचा हुआ है।

अवैध कारोबार, वृहद जलापूर्ति योजना, बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने व कई अन्य मामलों को लेकर महामुहिम राज्यपाल को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा जबतक राज्य में स्थानीय नीति नियोजन नीति नही बनेगी ऐसा ही भ्रष्टाचार झारखंड प्रदेश में पनपती रहेगी। मौके पर कन्हैया सिंह, चंद्रगुप्त सिंह, बुल्लू रानी सिंह सरदार, अजय सिंह बब्बू, प्रमोद सिंह, सोनू सिंह, अभय सिंह, राहुल प्रसाद, मनोज ठाकुर, संगीता कुमारी, मंजू राज, सरस्वती देवी, धर्मवीर सिंह, मंजीत यादव, हेमंत पाठक, निरंजन महतो, कन्हैया प्रसाद, ठाकुर दास महतो, वीरेन स्वर्णकार, हैरी एंथोनी, अरूप मल्लिक, स्वरूप मल्लिक, लक्ष्मण बाग,चंद्रेश्वर पांडेय, स्वीटी यादव, विकास कौल, रामेश्वर कुमार, शैलेश सिह, शैलेंद्र सिन्हा,जगदीप सिंह, साहेब बागती, सैकेत सरकार, कामेश्वर प्रसाद, दीपक पांडेय, देवजानी महतो, अक्लु महतो, श्रवण सिंह सरदार, रामकृष्ण महतो, आदित्य महतो, राहुल दास, शेखर सहिस, मनोज मुखी, दीपू तिवारी, अभिषेक बनर्जी, साहिल जयसवाल , रोहित प्रसाद, संभू सिंह, फनी भूषण महतो, संजय मलाकार, कमलेश दुबे, संजय सिंह, अप्पू तिवारी, संतोष सिंह, सचिन प्रसाद, शम्भू श्रवण, कृतिवास मंडल, प्रवीन प्रसाद, तनवीर राजू, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गांव में नापी करने गये कर्मियों को ग्रामीणों ने दो घंटे बनाया बंधक



आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर की भरनिया पंचायत के भरनिया गांव में नगर परिषद् की ओर से बनने वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कचरा निस्तारण प्लांट का विरोध स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किये जाने के बावजूद प्लांट निर्माण के लिए नापी कराने पहुंचे कर्मचारियों को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे तक अधिकारियों को बंधक बनाये रखा. टोकलो थाना प्रभारी अविनाश कुमार के काफी समझाने के बाद उन्हें रिहा किया। बताया जाता है कि भरनिया गांव में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के लिए नगर परिषद् की ओर से चयनित भूमि का सीमांकन नापी करने के लिए चक्रधरपुर अंचल कार्यालय के राजस्व उप निरीक्षक राजीव रंजन, अमिन गोविन्दा महतो पहुंचे थे। गांव में नापी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी थी। इसकी जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को मिली, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और इसका विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि हमें बिना जानकारी दिये नापी कैसे की जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में किसी प्रकार की योजना या विकास कार्य बिना ग्रामसभा के नहीं की जा सकती है। अधिकारी मनमाने तरीके से कार्य करवाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे किसी भी हाल में नहीं होने दिया जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने राजस्व उप निरीक्षक व अमीन को घेरते हुये नापी करने से मना कर दिया। साथ ही ग्रामीण कहने लगे कि जब तक पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी व अन्य वरीय अधिकारी गांव नहीं आते हैं, तब तक दोनों को गांव से नहीं जाने दिया जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर नाराजगी व्यक्त की। वहीं इसकी सूचना मिलने पर टोकलो थाना प्रभारी अविनाश कुमार और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी बात पर अडिग रहे। लगभग दो घंटे बाद काफी समझाने के बाद ग्रामीणों ने राजस्व उप निरीक्षक राजीव रंजन व अमीन गोविंदा महतो को जाने दिया।

# मतदाता जागरूकता रथ को किया गया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर के सिदगोड़ा टाउन हॉल से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के उपस्थिति में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2024 कार्यक्रम के तहत बैठक-सह-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को प्रशिक्षण के बाद मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया गया। वही शिविर में 46- पोटका,47- जुगसलाई, 48- जमशेदपुर पूर्वी व 49- जमशेदपुर पश्चिम के ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मास्टर ट्रेनर, कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल रहे।

शिविर में सभी बीएलओ का उन्मुखीकरण विषय पर विशेष रूप से फोकस किया गया। शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाने व वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव कैसे स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार किया जाय उस पर चर्चा की गई।

मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित बीएलओ का मार्गदर्शन करते हुए कहा इस पूरी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बीएलओ की होती है। घर-घर किए जाने वाले सर्वे कार्य के दौरान इसका विशेष ख्याल रखें। 18 वर्ष के ऊपर के एक भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से नहीं छूटे। उन्होंने कहा पूरे राज्य में 29 हजार 500 बीएलओ की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। स्वच्छ मतदाता सूची निर्माण में लगभग 22 लाख मतदाताओं का नाम जोड़ा जाना है।

उन्होने कहा शत प्रतिशत योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने से मतदान प्रतिशत खुद बढ़ जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सैकड़ों वन आश्रित परिवार के सदस्यों ने सीओ को दावा पत्र सौंपकर वन पट्टा देने की मांग की



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सैकड़ों की संख्या में वन आश्रित परिवार के सदस्यों ने सीओ अरूण मुंडा को दावा पत्र सौंपा। दहेड़िया, भोजपुर, कधवन, तुलसीदामर सहित अन्य गांवों के लोग पीसीसी डेलीगेट सुशील चौबे, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, कांग्रेस महासचिव ओमप्रकाश चौबे उर्फ दिलु चौबे के नेतृत्व में बुधवार को नगर उंटारी अंचल कार्यालय जाकर दावा पत्र सौंपते हुए वन पट्टा देने की मांग की। इस संबंध में ओमप्रकाश चौबे ने बताया कि झारखंड सरकार ने वन भूमि अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन भूमि पर जोत-कोड़ करने वाले लोगों को वन पट्टा देने के लिए दावा पत्र की मांग की है। सरकार के निर्देश पर डीसी ने सभी अंचल पदाधिकारी से इस संबंध में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। पीसीसी डेलीगेट सुशील चौबे ने इस दौरान कहा कि सरकार का निर्णय काफी सराहनीय है। वर्षों से जोत-कोड़ करने वालों को वन पट्टा दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी काम कर रही है। डीसी ने भी सभी अंचल को इस संबंध में पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आज सैकड़ों की तादाद में लोगों ने अपना-अपना दावा पत्र सौंप दिया है। जल्द वन पट्टा मिले इसके लिए कांग्रेस पार्टी इनलोगों को हर संभव मदद करेगी। इस दौरान कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, बबन पासवान, तेजू पासवान, शनिचर अगरिया, भोला राम, मीना देवी, मुनिया देवी, बरती देवी, सोना देवी, सुनीता देवी, अयोधया यादव, बैजू राम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### पंसस की बैठक में प्रमुख ने की प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार भवन में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी की अध्यक्षता में बुधवार को की गई। बैठक में प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें जेएलपीएस, बाल विकास, वन विभाग, पशुपालन आदि विभागों की अनुपस्थिति पर प्रमुख ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अधिकारियों की मनमानी से जनता परेशान है। वहीं जनता की भलाई के लिए बुलाई गई बैठक में कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित हैं, वहीं कई विभागों ने खानापूर्ति का कार्य किया है जो निंदनीय है। कहा कि पंचायत समिति का पैसा बिना पंचायत समितियों के अनुमोदन के खर्च किया जा रहा है। प्रमुख ने जिप अध्यक्ष शांति देवी पर सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया है। वहीं अपने लोगों को भ्रष्टाचार के लिए खुला छूट दे रखी है। बैठक में मुख्य रूप से राशन, पेयजल, बिजली, शिक्षा, केसीसी, सावित्रीबाई फुले योजन, मनरेगा, 15वें वित्त सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में बीडीओ ललित कुमार सिंह, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष मंसूर अंसारी, उप प्रमुख खजीदा बीबी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, एसबीआई शाखा प्रबंधक संजय कुमार वर्मा, जिला परिषद प्रतिनिधि अनुज चंद्रवंशी, पंचायत समिति सदस्य सीता देवी, कविता विश्वकर्मा, रीना देवी, शांति देवी, सुलेखा कुमारी, यमुना सिंह, सूर्यदेव राम, बुधन सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

### संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने वित्त सचिव से की वार्ता, अनुदान बढ़ाने का मिला आश्वासन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पत्थरगांवा कॉलेज गोड्डा के प्राचार्य बसंत, जुबली कॉलेज भुरकुंडा रामगढ़ के आलोक कुमार सिंह, नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय, वित्त सचिव अजय कुमार सिंह से मंगलवार को मुलाकात की थी। तब उन्होंने आज पुनः दोपहर 3:00 बजे का समय वार्ता के लिए दिया था। निर्धारित समय के अनुसार आज अजय सिंह वित्त सचिव झारखंड सरकार से मुलाकात के दौरान जो महासंघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता हुई, उसमें उन्होंने बताया कि आप लोगों का अनुदान बढ़ाने की स्वीकृति वित्त विभाग से मिल गयी है। जिसमें सी ग्रेड को दोगुणा, बी ग्रेड को 4 गुणा तथा ए ग्रेड को 6 गुणा अनुदान मिलेगा। वित्त सचिव ने बताया कि फाइल पर हस्ताक्षर हो गया है। अध्यक्ष की ओर से नैक ग्रेड से बाहर के लोगों को अनुदान बढ़ाने पर वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग से फाइल भिजवाएं उसे हम लोग स्वीकृत कर देंगे।

**बैठक :** गढ़वा जिला भाजपा की टिफिन बैठक में पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा

# गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में लूट का साम्राज्य स्थापित हो चुका है

**केंद्र की योजनाओं को अपना कार्य बता पीठ थपथपा रहे हैं मंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी की अध्यक्षता में टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। सदर प्रखंड तिलदाग पंचायत से सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली निकाली गई, जो शहर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल नवादा मोड़ उत्सव गार्डन पहुंच सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर की गयी। मंच संचालन संतोष दुबे द्वारा किया गया, जहां बारी बारी से सभी वक्ताओं ने अपने विचार कार्यकर्ताओं के बीच रखे। वहीं गढ़वा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि भाजपा की आज टिफिन बैठक अपने कार्यकर्ताओं के साथ रखी है। जिससे यह साफ है कि भाजपा के सभी सच्चे सिपाही एक कार्यकर्ता नहीं बल्कि पार्टी के अंग हैं। एक परिवार हैं, जो एकजुट होकर पार्टी के लिए लड़ाई लड़ने का काम करते हैं। साथ ही पार्टी के द्वारा दिए हर एक कार्य को बखूबी पूरा करते हुए लोगों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम करते हैं। जबकि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि भाजपा टिफिन बैठक के माध्यम से अपने भाजपा परिवार के साथ एकजुटता कायम रखने के लिए आज एक साथ हुई है। उन्होंने कहा कि गढ़वा-रंका विधानसभा में इन दिनों लूट की डंका बजी हुई है। हम इसकी जांच जरूर कराएंगे। यहां के दोनों राजा डब्ल्यू-डब्ल्यू एफ के पहलवान हैं, जो मंत्री के संरक्षण में पल रहे हैं। वहीं यहां के वर्तमान विधायक एवं राज्य के मंत्री भाजपा सरकार में हुए विकास कार्य को खराब कर कमीशन के लिए काम करवा रहे हैं और चारों और थपड़ी पीट रहे हैं कि हमारे द्वारा 400 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जबकि इनके कार्यकाल में पांच नई योजनाएं भी नहीं आयी हैं। सिर्फ हमारे द्वारा कराए सड़क निर्माण कार्य में ही टिकरी साट कर बधाई लूट रहे हैं। मौके पर जवाहर पासवान उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता एससी मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण राम महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता गुप्ता उपाध्यक्ष संजय भगत राजीव रंजन तिवारी जिला मंत्री महेंद्र सिंह रामकृपाल द्विवेदी अखिलेश तिवारी ओबीसी अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता मंगल मूर्ति उमेश कश्यप बिना पाठक मीना गुप्ता कंचन जायसवाल अंजली गुप्ता मीरा यादव पूर्व मुखिया बता पंचायत सरिता देवी चिनिया प्रखंड अध्यक्ष बसंत जी अखिलेश तिवारी उमेश कश्यप मुरारी यादव संतोष कृष्ण तिवारी धीरेंद्र तिवारी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



### अपने पुराने तेवर में दिखे पूर्व विधायक

मेराल (आजाद सिपाही)। भाजपा द्वारा गढ़वा विधानसभा स्तरीय आयोजित टिफिन बैठक में अपने पुराने तेवर में दिखे गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी। बता दें कि सड़क दुर्घटना में घायल होने से लंबे समय तक इलाजरत पूर्व विधायक पूर्ण स्वस्थ होने के बाद बुधवार को पहली बार टिपीन बैठक कार्यक्रम में शामिल होने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत मोटरसाइकिल रैली निकालकर किया गया। जिला मुख्यालय के उत्सव गार्डन में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पूर्व विधायक का भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के इस उत्साह को देखकर पूर्व विधायक अपने पुराने तेवर में नजर आए। उन्होंने माइक थामते ही अपने विरोधियों के खिलाफ हुंकार भरते हुए कहा कि मेरे शरीर में जब तक जान रहेगा तब तक क्षेत्र के गरीबों, मुजलिमों का कोई बाल बांका नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि मेरी लड़ाई सामंती तथा भ्रष्टाचार एवं भ्रष्टाचारियों के साथ है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि टिफिन बैठक का उद्देश्य भाजपा को बूथ स्तर पर मजबूत करना है ताकि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके।

### मोहर्रम पर्व शांति और सद्भावना के साथ मनायें : एसडीपीओ



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय सदर थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम ने की। इस मौके पर एसडीओ ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की जरूरत है। समय पर जुलूस व अखाड़ा निकालकर मिलनी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान शहर में नो इंट्री लगायी जाएगी ताकि जुलूस में लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मुहर्रम को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। जुलूस व मिलनी के दौरान अफवाह से बचने की जरूरत है। अगर किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देने का काम करें। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सीओ कुमार मयंक भूषण, थाना प्रभारी केके साहू, पुअनि प्रवीण कुमार, सूर्यप्रकाश दूबे, मुजीब अंसारी, नवादा पंचायत के मुखिया सुरेंद्र यादव, झामुमो नेता फुजैल अंसारी, डा. यासीन अंसारी, डा. मुरली गुप्ता, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर शदाब खान, कोरवाडीह पंचायत के मुखिया शरीफ अंसारी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, महफूज अंसारी इमरान अख्तर आदि लोग उपस्थित थे।

### हरिहरपुर में ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी परिसर में बुधवार की शाम में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रभारी ने उपस्थित इस्लाम समुदाय के लोगों को कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। जुलूस में किसी भी प्रकार का उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां से जुलूस शूरू होगा व जहां खत्म होगा वहां तक इस्लामिया कमेटी के लोग जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकालें। प्रभारी ने कहा कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। जुलूस के दौरान समय का विशेष ध्यान रखें तथा पूर्व से निर्धारित रुट में ही चलें। शांति समिति में नैनाबर गांव में स्थित ईदगाह व कर्बला तक जाने वाले पुराने रास्ते के अगल-बगल पड़ने वाली भूमि को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जुताई कर की गयी है, जिस वजह से रास्ता बाधित है। जिस पर ओपी प्रभारी के द्वारा आपस में समझौता कर लेने को कहा मौके पर एसआई रामभरोस शर्मा, एएसआई लक्ष्मण कुमार ठाकुर, उस्मान अंसारी, सफीक अंसारी, आलिम अंसारी, सुल्तान अंसारी, कलीम अंसारी, विनोद दुबे, मझिगावां मुखिया प्रतिनिधि शंभू नाथ साह, संतोष सिंह, दुर्गा राम, दिलीप सिंह, सुरेंद्र पासवान सहित समाज के कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्यालय के समक्ष सहिया संघर्ष समिति का धरना 26 को

**जिला जल सहिया संघर्ष समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यों की बैठक में लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला जल सहिया संघर्ष समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यों की बैठक नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल के सभागार में जिलाध्यक्ष मालती देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रधान संरक्षक सह भाजपा नेता सूरज प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में आगामी 26 जुलाई बुधवार को 11:00 बजे दिन से गढ़वा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना एवं जोरदार प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जल सहिया बहनों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि हेमंत सरकार हमलोगों को कुछ नहीं दे रही है, जितना काम जल सहिया से कराया जा रहा है उसके बदले लॉलीपॉप की तरह प्रोत्साहन के रूप मे चंद रुपए दिए जाते हैं, जो हम लोगों का घोर आर्थिक शोषण हो रहा है। मौके पर बोलते हुए संरक्षक सूरज गुप्ता ने कहा कि अपने हक और अधिकार लेने के लिए आप सभी संगठित होकर आंदोलन तेज करें क्योंकि बगैर संघर्ष के सफलता नहीं मिलती है। अब समय आ गया है कि सरकार से दो-दो हाथ किया जाए।

जिला अध्यक्ष मालती देवी ने कहा कि 26 जुलाई बुधवार को जिले के सभी जलसहिया गढ़वा पहुंचे और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में हो रही गड़बड़ी तथा अपने अधिकार के प्रति जोरदार आवाज उठाएं वरना अधिकारी कर्मचारी हम लोगों को हमेशा ठगते रहेंगे। बैठक का संचालन जिला महासचिव रेखा देवी ने किया। मौके पर उपस्थित उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, संजू देवी, मौसम कुमारी, सीमा कुमारी, अनीता देवी, शमशाद बेगम, सुनीता देवी, बबीता देवी, शोभा देवी, संध्या देवी, स्नेह लता देवी, रीता देवी, फुलमनी देवी, कविता देवी, चिंता देवी, कलावती देवी, प्रदीप कुशवाहा सहित कई जल सहिया और अभिभावक उपस्थित थे।

### मझिआंव थाना में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



मझिआंव (आजाद सिपाही)। स्थानीय थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सीओ सह दंडाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने की। वहीं सीओ ने शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भ्रामक तथा अफवाह खबरों से बचें। सांप्रदायिक भावना भड़काने एवं दो समुदायों के बीच विवाद उत्पन्न हो, इससे हम सभी को बचने की जरूरत है। वहीं उपस्थित बीडीओ नितेश कुमार भास्कर ने कहा कि असामाजिक तत्वों एवं सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि मोहर्रम जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह पहली नजर रखेगी। बैठक में पूर्व मुखिया शेख अमरूद्दीन, मारुतिनंदन सोनी, अशोक कमलापुरी तथा दोनों समुदायों के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(नक्सल शाखा)**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राँची जिला के धुर्वा थानान्तर्गत नोटिफिकेशन सं0– RSCCL/Master Plan/43/2107/5794 दिनांक 07.09. 2017 से अधिसूचित रांची स्मार्ट सिटी, रांची के प्लौट संख्या– 34, 59, 60, 17, 37 (Green Area), [Eco Park Area] 61, 7, 63, 54, 58 (Green Area Near 58), 32 में भण्डारित पत्थर खनिज (अपशिष्ट सहित) को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमवली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत आम निलामी (सप्तम प्रयास) दिनांक 31.07. 2023 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्त्ता, (नक्सल), रांची की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लौक 'ए', कमरा नं0 207 में सम्पन्न की जाएगी। भण्डारण की विवरणी, लोक निलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तें निम्नवत् है :–

अपर समाहर्त्ता, (नक्सल), रांची

PR 302769 (District)23-24*D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(समाज कल्याण शाखा)**
ईमेल – awc3.monitoring@gmail.com

पत्रांक............/ –:: सूचना ::– जि.स.क.

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना संख्या– 485 एवं 486 दिनांक 12 जुलाई 2017 के आलोक में झारखण्ड राज्य प्ले स्कुल (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली– 2017 का गठन किया गया है।

उक्त नियमावली के अनुसार सभी संचालित प्ले स्कुल को निबंधन कराना अनिवार्य है। नियमावली के कंडिका के 2(d) में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सक्षम पदाधिकारी घोषित किया गया है। साथ ही नियमावली के कंडिका 2(p) के अनुसार प्ले स्कुल का अभिप्राय किसी भी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कुल से है जो 03–06 वर्ष की आयु के बच्चों को ECCE (Early Childhood Care and Education) प्रदान करने के लिए राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकरण से किसी भी प्रकार की सहायता या अनुदान प्राप्त नहीं करता है।

गुमला जिलान्तर्गत सभी प्ले स्कुल संचालित करने वाले संचालकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31.07.2023 के पूर्व तक अपने विद्यालय का निबंधन/पंजीकरण करवा लें। ताकि विद्यालयों को प्रावधानों के अन्तर्गत मान्यता के दायरे में लाकर विधि सम्मत तरीके से संचालन सुनिश्चित कराया जा सके। निर्धारित समय सीमा तक निबंधन नहीं कराये जाने पर प्ले स्कुल संचालकों के विरूद्ध आवश्यक कारवाई की जायेगी।

पंजीकरण एवं आवेदन की प्रक्रिया हेतु **जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय, विकास भवन, प्रथम तल्ला कमरा नं0 03** में संपर्क किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी सहित झारखण्ड राज्य प्ले स्कुल (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली– 2017 की प्रति जिले के Website- www.gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, गुमला

PR302689 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D


**बैठक :** उपायुक्त ने की 'कैच द रेन-2022' अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

# संबंधित सभी विभाग कराये गये कार्यों का डेटा बेस भी उपलब्ध करायें

**उपायुक्त ने एक डिस्ट्रिक्ट लेवल जल संरक्षण प्लान भी तैयार करने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन-2022' अन्तर्गत क्रियान्वित करायी जा रही योजनाओं की आज उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जल शक्ति अभियान को लेकर किए गए कार्यों यथा ट्रेंच, सोकपिट, वृक्षारोपण समेत अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी जिले के पोर्टल पर अपलोड कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को उनके द्वारा किए गए कार्यों का डेटा बेस भी उपलब्ध कराने को कहा गया। साथ ही उपायुक्त ने एक डिस्ट्रिक्ट लेवल जल संरक्षण प्लान भी तैयार करने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि गढ़वा जिले में गिरते भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने एवं सतही जल स्त्रोतों के जीवंतता कायम रखने के लिए जिला स्तर जल संचयन एवं जल पुनर्भरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जानी है। उक्त के आलोक में भारत सरकार के द्वारा जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन-2022' एक महत्वाकांक्षी परियोजना चलायी जा रही है। इसके तहत वर्षा के हर बूंद को बचाने का अभियान चलाया गया है। बैठक में डीडीसी राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, एसडीओ गढ़वा राज महेश्वरम, एसडीओ श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार समेत प्रशिक्षु आईएफएस, डीएसपी मुख्यालय, जिला स्थापना उप समाहर्ता-सह-गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे।

### श्रीकृष्ण पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा श्रीकृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय गढ़वा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में काफी संख्या में छात्र मौजूद थे। कुछ छात्र चटाई पर बैठकर पढ़ रहे थे, जसे देख उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार को निर्देशित करते हुए सभी छात्रों के बैठने एवं बैठकर पढ़ने हेतु पर्याप्त संख्या में कुर्सी- टेबल या बेंच-डेस्क उपलब्ध कराने को कहा। साथ हीं पुस्तकालय में पुस्तकों की कमी को देखते हुए उपायुक्त ने डीइओ एवं डीएसई को पुस्तकालय में पर्याप्त संख्या में एवं आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नियमित रूप से साफ सफाई कर पुस्तकालय को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। पुस्तकालय में पेयजल आपूर्ति को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को आवश्यक निर्देश दिया गया। पुस्तकालय के बाहर पेवर्स ब्लॉक लगाने एवं गेट ग्रिल को ठीक कराने को लेकर कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया। वहीं पुस्तकालय में जगह की कमी को देखते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता एनआरईपी को पुस्तकालय के प्रथम तल्ला पर भी भवन के निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि प्रथम तल्ला पर ई पुस्तकालय की व्यवस्था की जाएगी जो आधुनिक पुस्तकों एवं व्यवस्थाओं से लैस होगा और जिले के छात्र छात्राओं को पठन-पाठन में काफी सहायता मिलेगी। निरीक्षण में कार्यपालक अभियंता एनआरईपी, धर्मेंद्र कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा**

ई–प्रोक्युरमेंट सूचना
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/SIMDEGA/02/2023-24 (2nd Call)
Pr. No. 293884 Rural Work (22-23).D

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखण्ड अन्तर्गत बरसलोया पंचायत के फुलझर गाँव से सिंजांग पथ पर देव नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 346.433 | 6.93 | 10000.00 | 18 Month |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्त की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 24.07.2023 से दिनांक 04.08.023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 08.08.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा।
   ii) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   iii) E-procurement cell, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वत: विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – E-procurement cell, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
10. ई०–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (कार्यपालक अभियंता का दूरभाष सं० )
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
   निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट (http://jharkhandtenders.gov.in)में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,सिमडेगा

PR 302782 Rural Development(23-24).D

## खलारी में सड़क निर्माण के लिए इंदिरा देवी ने मंत्री का जताया आभार



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी ने खलारी में कई सड़को के निर्माण कार्य को मंजूरी देने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। इंदिरा देवी ने कहा कि उन्होंने फरवरी महीने में खलारी में सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण विकास मंत्री एवं वित्त मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद ग्रामीण विकास मंत्री ने पहल करते हुए खलारी में कई सड़कों के निर्माण के लिए विभगीय मंजूरी दी है। साथ ही सड़क निर्माण के लिए अब टेंडर भी निकल गया है।

### रेल अभियान के तहत प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# शिक्षक समाज की रीढ़: डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन के निर्देश पर पूरे जिले में आरएआइएल (रेल) अभियान का संचालन किया जा रहा है। डीडीसी नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और उनके अधिगम स्तर में अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त कराने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट रेल ( रेगुलर असेस्मेंट फॉर इंप्रुव्ड लर्निंग) के अन्तर्गत रनिया, तोरपा और कर्रा प्रखण्ड के उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों, प्रखण्ड एवं संकुल साधनसेवी,



शिक्षकों के साथ बैठक में विचार रखते डीडीसी नीतीश कुमार सिंह।

प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी व प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को तोरपा के श्रीहरि प्लस-2 उच्च विद्यालय में किया गया। डीडीसी ने प्रधानाध्यापको और शिक्षकों को बताया कि अगस्त महीने से प्रोजेक्ट रेल के तहत पढ़ाये गये सिलेबस के आधार पर बच्चों का मूल्यांकन वस्तुनिष्ठ प्रश्न के अनुसार किया जायेगा। कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। शिक्षकों के अच्छे कार्यों से समाज में अच्छा संदेश जाता है। कार्यशाला में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार चौबे, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### वैन से 360 किलो अफीम डोडा बरामद, चालक फरार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने अड़की थाना क्षेत्र के जरंगा गांव के पास से बुधवार को एक पिकअप वैन पर लदे 360 किलोग्राम अफीम का डोडा बरामद किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बुधवार को एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी से तमाड़ की ओर कुछ लोग पिक अप वैन से अवैध डोडा ले जानेवाले है। सूचना के आलोक में एसपी के निर्देश पर सत्यापन और छापामारी के लिए खूंटी के एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में अड़की और सायको के थाना प्रभारी के साथ छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए जरंगा के पास एक पिकअप वैन को रुकने का इशारा किया। वैन के रुकते ही चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पिकअप वैन की जांच करने पर उसके अंदर प्लास्टिक की 25 बोरियों में 360.36 किलोग्राम अवैध डोडा बरामद किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत अड़की थाने में मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल में एसडीपीओ के अलावा अडकी के थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, सायको थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, अड़की थाना के एसआई मनोज तिर्की, उत्तम कुमार और बिरजू प्रसाद के अलावा दोनों थानो के सशस्त्र बल के जवान थे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छह के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 अगस्त

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छह के लिए पंजीकरण ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए लिंक एनवीएस वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त है, जिसकी परीक्षा 20 जनवरी 2024 को आयोजित की जाएगी। जो भी परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होना चाहते है वे समय से पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर दें, ताकि ससमय परीक्षा में शामिल हो सकें।

### खरीफ सह मिलेट कार्यशाला में किसानों को दी गई वैज्ञानिक तरीके से खेती की जानकारी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुरहू प्रखंड की प्रमुख एलिस ओड़ेया, बीडीओ मिथिलेश कुमार सिंह, आत्मा के उप परियोजना निर्देशक अमरेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राधारमण सिंह, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शिप्रा शालिनी, आइसीआइसी फाउंडेशन रांची के वित्तीय ग्रामीण सलाहकार सिकंदर कुमार, मुरहू प्रखंड के जनसेवक, कृषक मित्र और किसान शामिल हुए। आत्मा के उप परियोजना निदेशक अमरेश कुमार ने मौसम की वर्तमान विपरीत परिदृश्य में खरीफ फसलों की वैज्ञानिक खेती किस प्रकार की जाए, इसके संबंध में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को धान की खेती के साथ ही मिलेट की खेती के लिए प्रेरित किया। वहीं, आइसीआइसी फाउंडेशन के वित्तीय ग्रामीण सलाहकार सिकंदर कुमार ने किसानों को घरेलू तरीके से कम खर्च में कीट प्रबंधन की जानकारी दी। बीडीओ मिथिलेश सिंह और प्रमुख एलिस ओड़ेया ने किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों को खेती में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

### हाथियों के झुंड ने किया मकान को क्षतिग्रस्त

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज से सटे चंदवा प्रखंड के डुमारो गांव में हाथियों के झुंड ने एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। साथ ही घर में रखे अनाज एवं कपड़ो को भी बर्बाद कर दिया है। जानकारी के अनुसार डुमारो गांव के लेटे उरांव ने बताया कि रात में उसके गांव में हाथियों के झुंड के आने की सूचना मिलते ही वे लोग बगल में ही अपने भाई के पक्का घर में छिपने के लिए चले गए थे। सभी डर से छत पर चढ़ गए थे। हाथियों ने उसके मिट्टी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखा अनाज (दो क्विंटल चावल, धान, गेंहू) सहित कपड़े को बर्बाद कर दिया है। बुधवार सुबह होने पर घर जाने पर उन्हें इस नुकसान के बारे में जानकारी मिली थी। उसने सरकार एवं वन विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग की है।

### खलारी में दुकान से नगदी सहित समान चोरी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एसीसी कॉलोनी स्थित किशन स्टोर में मंगलवार की रात चोरों ने छत का एस्बेस्टस शीट तोड़कर नगदी सहित समानों की चोरी कर ली। दुकान संचालक ने बताया कि सुबह में जब दुकान खोलने पहुंचा तो छट टूटा देखा। जांच की पाया कि चोरों ने दुकान में रखे खुदरा पैसे के साथ 8-10 हजार रूपये के समान भी ले भागे हैं। इस बाबत खलारी थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है।

### जगदीश गंझू अध्यक्ष व अनिल गंझू बने सचिव



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के चूरी दक्षिणी पंचायत सचिवालय भवन में बुधवार को विशेष ग्राम सभा कर सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब अस्थाई समिति का गठन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता चूरी दक्षिणी पंचायत मुखिया मलका मुंडा ने किया। ग्राम सभा के दौरान मुखिया मलका ने कहा कि पंचायत में सिद्धों-कान्हू युवा खेल क्लब के गठन होने से युवाओं को खेलकूद के प्रति रुझान बढ़ेगा। सरकार की ओर से खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने और ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान किया जा रहा है। वहीं सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब की अस्थाई समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष व उपाध्यक्ष जगदीश गंझू, सचिव अनिल गंझू को बनाया गया। इसके अलावा सदस्यों में रवि कुमार गंझू, राहुल मुंडा, सुनील मुंडा, पवन मुंडा एवं राज कुमार आदि षामिल है। इसके बाद पंचायत के सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के चयनित खिलाड़ियों को मुखिया मलका मुंडा की ओर से फुटबॉल का वितरण किया गया।

### बचरा दक्षिणी में ग्राम स्तरीय सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में बुधवार को ग्राम स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसकी अगुवाई मुखिया रीना देवी ने की। इस अवसर पर आयोजित ग्राम सभा में बडी संख्या में लोग उपस्थित हुए। आपसी सहमति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शशि कुमार सिंह, सचिव रोशन कुमार, उपाध्यक्ष मलकीत सिंह एवं सदस्य में अशविनी कुमार, रवि रंजन, सुजल कुमार, विकाश कुमार, सुमन कुमार सोनी, विवेक कुमार, राजकुमार को बनाया गया। इस मौके पर पंचायत सेवक सिताराम रवानी, वार्ड सदस्य रामनंदन राम, संतोष तिवारी, रोशन कुमार, नरोतम गिरी, रवि रंजन प्रसाद, शशि कुमार सिंह, धीरेंद्र शर्मा, उमेश मेहता, विनय सिंह, राकेश कुमार, विकाश कुमार, विनित रंजन व मलकीत कुमार आदि मौजूद थे।

## राय रेलवे स्टेशन से खलारी पुलिस ने संदिग्ध रूप से घूम रहे युवक-युवती को पकड़ा, उनके अभिभावकों को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** राय रेलवे स्टेशन से मंगलवार की रात आरपीएफ की सूचना पर खलारी पुलिस ने एक युवक-युवती को पकड़ा और उन्हें थाना ले गयी। पूछताछ में युवक जुनैद अंसारी और लड़की आरती कुमारी ने बताया कि दोनों दोस्त है। उनकी दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। वहीं राय स्टेशन में मुस्लिम लड़का और हिन्दु लड़की का एक-दूसरे के साथ पाया चर्चा का विषय बना रहा। हिंदू संगठनों के लोग इसे लव जिहाद से जोड़कर देख रहे हैं। रात में ही हिंदू संगठनों के कई कार्यकर्ता राय स्टेशन पहुंच गए और दोनों से पूछताछ की। इधर खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने बताया कि आरपीएफ द्वारा सूचना दिए जाने के बाद पुअनि के साथ गश्ती दल राय स्टेशन से लड़का, लड़की को पकड़ा और थाने ले आई। लड़की लोहरा जाति की है। वह गुमला से 20 किमी आगे शकरपुर की रहने वाली है। इंटर की पढ़ाई के बाद रांची के कांके स्थित चांदनी चौक में काम करती थी। जबकि लड़का जुनैद अंसारी गढ़वा के कांडी का रहने वाला है। वर्तमान में जमशेदपुर में मैट्रिक की पढ़ाई कर रहा है। पहचान पत्र के अनुसार लड़की बालिग है, जबकि लड़का नाबालिग है। इंस्टाग्राम में दोस्ती के बाद दोनों मिलना चाहे। लड़का जमशेदपुर से रांची आ गया। मिलने के बाद दोनों ट्रेन से रांची से राय स्टेशन में उतर गए। दोनों ने पुलिस से कहा कि वे अपने-अपने घर जाना चाहते हैं। दोनों के अभिभावकों को पुलिस द्वारा सूचना दे दिया गया। बुधवार की शाम दोनों के माता-पिता खलारी थाना पहुंचे। जिसके बाद आवश्यक औपचारिकता पूरी कर लड़का-लड़की को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया।

### देवजीत देवघरिया बने सिमडेगा के लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन प्रभारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से खूंटी के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता देवजीत देवघरिया को सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के लिए लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की उदयपुर में हुई बैठक के नव संकल्प घोषणापत्र और रायपुर के पूर्ण सत्र संकल्प में एसटी आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में नेतृत्व विकास मिशन (एलडीएम) शुरू करने की घोषणा की गई है, जिसे एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभागों के समन्वय में पीसीसी द्वारा सक्रिय भूमिका निभाते हुए लागू किया जा सके।

### खलारी पंचायत में विहिप सह बजरंगदल की बैठक, सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** विहिप सह बजरंगदल की बैठक प्रखंड के खलारी पंचायत स्थित पीपल धौड़ा में हुई। जिसकी अध्यक्षता विक्की कुमार राम और संचालन प्रखंड संयोजक अमित लोहरा ने किया। बैठक में विहिप सह बजरंगदल समिति विस्तार किया गया। जिला संयोजक विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि विहिप का 60 वर्ष पूर्ण होने वाला है। इसलिए जिला के प्रत्येक प्रखण्ड एवं सभी पंचायतों तक बजरंग दल समिति का विस्तार करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोगों को जागरूक करते रहना है, ताकि विदेशी शक्तियां सनातन धर्म पर आघात ना कर सके। बैठक में विहिप सह बजरंग दल के विभिन्न पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमें खलारी पंचायत अध्यक्ष विक्की राम, मंत्री अभिषेक कुमार, संयोजक राहुल कुमार, सुरक्षा प्रमुख



विशाल नायक, गोरक्षा प्रमुख किशन राम, अखाड़ा प्रमुख बंटी कुमार, सह मंत्री निखिल कुमार, मिलन केंद्र प्रमुख राजवीर, उपाध्यक्ष अजय कुमार राम, संपर्क प्रमुख अरुण को बनाया गया। बैठक में उपाध्यक्ष नितेश तिवारी, संपर्क प्रमुख दीपक तूरी, अजित जी, देवलाल राम, दशरथ राम, अमित राम, अशोक राम, दिलीप उराँव, कृष्णा तुरी, बब्लू राम, अमन राम, सरजू राम, सूरज कुमार, रिंकू लोहरा, आकाश कुमार, विकास उराँव, रामु उराँव, शिवलाल राम, चंदन लोहरा, बसंत साव, नंदलाल राम, मदन राम, विशाल कुमार, बजरंगी कुमार, अर्जुन कुमार, अमित विश्वकर्मा, मोहित कुमार, रवि तुरी, रोहित तुरी, आदित्य तुरी, अशोक तुरी आदि थे।

### सेंट्रल मुहर्रम कमेटी की बैठक में 29 को बैंक चौक मेला लगाने का निर्णय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल मुहर्रम कमेटी की बैठक बुधवार को जेहलीटांड में हुई। जिसकी अध्यक्षता हाजी इस्लाम और संचालन साबीर अंसारी ने किया। बैठक में मुहर्रम मेला के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही 29 जुलाई को संध्या 3 बजे से खलारी बैंक चौक पर मुहर्रम का मेला लगाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में अब्दुल्ला अंसारी, सब्बीर अंसारी, सुल्तान अंसारी, असलम अंसारी, जफरुद्दीन अंसारी, परवेज आलम, नसीम अंसारी, सलामत अंसारी, जहीर अंसारी और गुलजार अंसारी आदि उपस्थित थे।

### आउटसोर्सिंग वाहन से पुल क्षतिग्रस्त, जमसं व जश्रसं समर्थकों ने किया सड़क जाम कर प्रदर्शन



**झरिया/अलकडीहा (आजाद सिपाही)।** जयरामपुर-भागा मुख्य मार्ग स्थित बागडिगी पूल आउटसोर्सिंग परियोजना के वाहन से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके विरोध में बुधवार को जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के समर्थकों ने सड़क जाम कर दिया। इस दौरान जमसं समर्थकों ने पूल की तत्काल मरम्मती को लेकर हंगामा भी किया। इसकी सूचना मिलने पर एकीकृत जयरामपुर लोदना कोलियरी पीओ एके पांडेय अधिकारियों के टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आंदोलनकारियों से वार्ता की। इस दौरान पीओ ने उक्त सड़क के बदले डायवर्सन कर वैकल्पिक सड़क बनाने में लोगों से मदद मांगी। जिस पर आंदोलनकारी भड़क गए। बच्चा गुट समर्थकों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधन पर परियोजना विस्तारीकरण में बाधक बन रही पूल को जानबूझकर क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए खूब हंगामा किया। पीओ ने क्षतिग्रस्त पूल को अविलंब मरम्मत कराने और कच्ची सड़क पर जमी मलबे की सफाई का आश्वासन देकर मरम्मती कार्य शुरू कराया। इसके निर्णय के बाद पांच घंटे के बाद सड़क जाम आंदोलन समाप्त हुआ। वहीं, पूल क्षतिग्रस्त मामले पर जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) समर्थकों ने भी प्रबंधन का विरोध किया और पूल मरम्मती की मांग की। एक ही मुद्दे पर बच्चा गुट और श्रमिक संघ के समर्थकों द्वारा आंदोलन किए जाने के दौरान दोनों गुटों के समर्थकों ने एक-दूसरे पर प्रबंधन की दलाली करने का आरोप भी लगाया। दोनों गुटों के बीच नोकझोंक भी हुई है। इस मौके पर बच्चा गुट के रामबाबू सिंह, रूपक सिन्हा, समरजीत सिंह, राकेश सिंह, दीपक सिंह, सुरेश माली, विकाश सिंह, जबकि श्रमिक संघ से रामाधार सिंह, रविकांत पासवान, गोपाल चौधरी, मोहन पाण्डेय, पम्पम पाण्डेय, मेवालाल रजक, बबलू रजक, कुंती गुट के शक्ति सिंह, हेमंत पासवान आदि थे। जबकि प्रबंधन की ओर से पीओ एके पाण्डेय, क्षेत्रीय असैनिक अभियंता मुकेश कुमार, सुरक्षा पदाधिकारी डीके मीणा आदि थे।

### राय रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म का शुरू हुआ निर्माण कार्य, लोगों ने बांटी मिठाई

# पिपरवार विकास मंच के आंदोलनकारियों ने रखी नींव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का एकमात्र राय रेलवे स्टेशन की वर्षों पुरानी मांग दो नंबर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य बुधवार से प्रारंभ हुआ। राय रेलवे स्टेशन में बुनियादी सुविधा बहाल करने और स्टेशन के विकास के लिए पिछले कई वर्षो से संघर्षरत पिपरवार विकाश मंच नामक संस्था के आंदोलनकारियों ने प्लेटफार्म निर्माण के लिए पहली ईंट की नींव रखी। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि, समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों सहित मंच के लोगों ने प्लेटफार्म निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही संबंधित कंपनी की ओर से प्लेटफार्म निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इस संबंध में मंच के लोगों ने बताया कि राय रेलवे स्टेशन की बुनियादी सुविधाओं और विकास को लेकर पिपरवार विकास मंच विगत कई वर्षों से संघर्ष कर रहा था। सड़क से लेकर सदन तक कई बार आंदोलन भी किया गया। इस आंदोलन के दौरान मंच के कई



लोग जेल भी गए। आंदोलन के कारण कि आज राय रेलवे स्टेशन की तस्वीर बदल गई है। मंच के अथक प्रयास से स्टेशन में कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव हो रहा है, जबकि एक नंबर प्लेटफार्म का निर्माण और फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूर्व में हो चुका है। अब दो और तीन नंबर प्लेटफार्म का निर्माण होने से यहां के स्थानीय लोगों के अलावा यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए विश्राम गृह, यात्री शेड और स्टेशन आने जाने तक पहुंच पथ का निर्माण भी होने वाला है। जबकि प्रमुख मांग में ओवरब्रिज का निर्माण को लेकर आवाज उठाई जा रही है। वक्ताओं ने बताया कि सीसीएल पिपरवार, मगध, आम्रपाली जैसे कई एरिया के लोग राय रेलवे स्टेशन से आवागमन करते हैं। आने वाले दिनों में राय रेलवे स्टेशन में अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित यात्रियों की सुविधाओं को लेकर भी जल्द ही रेलवे प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच मिठाई का भी वितरण किया गया। मौके पर वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि मुंद्रिका प्रसाद, सरदार बक्शी सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, एसके चौधरी, कृष्णा प्रसाद मेहता, सेवा सिंह, बचरा दक्षिणी की मुखिया रीना देवी सहित संवेदक विजय कुमार सिंह आदि थे।

### सहायक मंडल अभियंता ने किया राय रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रेलवे मंडल के सहायक अभियंता सुनील समित्रा ने बुधवार को राय रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने राय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो के उच्चस्तरीय उच्चीकरण कार्य, एक-दो नंबर प्लेटफार्म की लंबाई 400 मीटर करने, बचरा रेलवे पुल से राय रेलवे स्टेशन तक एप्रोच सड़क का निर्माण कार्य एवं एक और दो नंबर प्लेटफार्म में दो-दो यात्री शेड निर्माण को युद्ध स्तर पर 6 माह के अंदर पूरा करने की बात कही। उन्होंने रेलवे अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली और कार्य की गुणवत्ता सहित अन्य बातों को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिया। इस दौरान पिपरवार विकास मंच की ओर से स्टेशन परिसर में एक और फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की गई। जिस पर पिपरवार विकास मंच और स्थानीय जन प्रतिनिधियों को तत्काल संबंधित



राय स्टेशन का निरीक्षण करते अधिकारी।

रेलवे अधिकारियों को आवेदन देने की बात कही। ताकि निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। उधर, पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने टनल पुल के समीप से राय रेलवे स्टेशन एप्रोच सड़क निर्माण की मांग किए जाने पर कहा कि सभी निर्माण कार्यों के साथ-साथ सड़क निर्माण का कार्य भी पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने प्लेटफार्म ऊंची करण का कार्य कर रहे संवेदक को गुणवत्ता युक्त कार्य करने का निर्देश दिया। दोनों प्लेटफार्म की लंबाई 400 मीटर करने की बात कही। बताते चलें कि इससे पूर्व यह दोनों प्लेटफार्म की लंबाई 280 मीटर थी, जिसे बढ़ाकर 400 मीटर करने का उपस्थित संवेदक को निर्देश दिया। मौके पर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर संजीव कुमार, टीआई उमेश कुमार, अमलेश कुमार, निखिल सिंह, संवेदक विजय सिंह, मंच के रविंद्र सिंह, अब्दाल अंसारी, बक्शी सिंह, एसके चौधरी, मुखिया रीना देवी, कृष्णा प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो प्रखंड प्रशासन ने रांची-गुमला और लोहरदगा रोड से हटवाया अतिक्रमण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने एवं सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम के नेतृत्व में अतिक्रमण अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान रांची-गुमला मुख्य मार्ग व लोहरदगा रोड के दोनों ओर की सड़क किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकानदारी करने वाले दुकानों को हटाया गया। साथ ही अब से सड़क का अतिक्रमण कर दुकान नहीं लगाने की हिदायत दी गई। वही अभियान के क्रम में कई दुकानों के सामान को जब्त किया गया। साथ ही पाइप,एंगल,बांस-बल्ली आदि को हटवाया गया। इससे जहां अब सड़क की चौड़ाई अधिक दिख रही है। वहीं कई फुटपाथी दुकानदारों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उनका कहना है कि फुट्पाथ पर दुकान लगाने से ही उनकी आजीविका चलती है। अब दुकान नहीं लगेगी, तो कमाई का कोई जरिया नहीं रह गया है। इधर सीओ ने कहा कि सड़क को अवरूद्ध कर बेतरतीब तरीके से दुकानें लगा दी जाती है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। इसलिए अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी मार्गो पर सड़क को कवर कर दुकान लगाने वालों की दुकानें हटाई जाएगी। दुकान के सामने पड़े समान व निशान लगाए गए स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर नाली का निर्माण कार्य कराया जाएगा। मौके पर अंचल निरीक्षक भीखम कुमार अमीन तुलसी दास, फिरोज खान, बोनिपास कच्छप व अनूप कच्छप विश्वनाथ गोप पंकज पाल सहित सशस्त्र बल मौजूद थे।

## नगड़ी प्रखंड की बदहाल सड़कों से परेशान ग्रामीणों ने जताया आक्रोश, सड़क बनाने की मांग की



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** वर्षा अभी आरंभ ही हुई कि प्रखंड के कई गांवों के मुख्य सड़क बद से बहतर हो गयी। सड़क से जर्जर हालत से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें सबसे अधिक खराब सड़कों में नगड़ी से साहेर सेमर टोली तक जहां लगभग तीन सौ छोटे बड़े गड्ढे, नगड़ी साहेर मोड़ से डोका टोली राजेश होटल मेला टिकरा रोड तक लगभग चार सौ छोटे बड़े गड्ढे, प्रेमनगर से बरसा मस्जिद तक, प्रेमनगर से बसिला गांव तक लगभग पांच सौ छोटे बड़े गड्ढे, सतीश चौक से मेराल गांव होते हुए रिंग रोड तक तीन किलोमीटर रोड में एक हजार से अधिक छोटे बड़े गड्ढे हैं। साहेर के स्वर्णरिखा चौक से मशरूम फैक्ट्री बसिला तक वहीं पिस्का गांव से चिपरा गांव तक का रोड, चेटे पंचायत में बंधेया से कुंबा टोली, टोंगरी टोली से गागी टोली रिंग रोड तक, कुबां टोली चेटे गांव तक, नाचियातू चौक से डुमर टोली, कुदलोंग गांव से टुंडूल गांव तक तथा बलालोंग पंचायत में सरकारी वृद्धा आश्रम से केलेण्डे कुलगू-झारिया का रोड बहुत ही खराब है। किसान बहुल नगड़ी प्रखंड के हजारों किसान और ग्रामीणों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को साहेर पंचायत के ग्रामीणों ने गोलबंद होकर जर्जर हुए पथ का निरीक्षण किया और खराब हुए रोड की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। नगड़ी प्रखंड के ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से इन जर्जर हुए सड़कों को शीघ्र बनाने की मांग की।

## राष्ट्रीय जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक आयोजित



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी मोड़ में बुधवार को राष्ट्रीय जनजाति सुरक्षा मंच की एक बैठक संयोजक गणेश राम भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत को डॉक्टर दिवाकर मिंज द्वारा शॉल व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में भगत ने क्षेत्र में जनजाति समुदाय के लोगों को एकजुट होकर अपने धर्म व संस्कारों की रक्षा किये जाने की आवश्यकता जतायी व इसके लिये युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। बैठक में रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ दिवाकर मिंज, राजकुमार तिर्की, हर्षवर्द्धन पांडेय, रंजीत,अनिल सनी, विशु व सुकुल केरकेट्टा सहित अन्य शामिल थे।

## सेंट्रल मोहर्रम कमेटी पिठोरिया की बैठक आयोजित



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल मोहर्रम कमिटी पिठोरिया की बैठक ईदगाह में अध्यक्ष सुभान अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कोकदोरो, बालू, पिरुटोला, कोनकी, सहित कई गांव के खलीफा शामिल हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मोहर्रम के अवसर पर 29 जुलाई को क्षेत्र के खलीफाओं और गणमान्य लोगों को पगड़ी की रस्म अदा की जाएगी। वहीं 30 जुलाई को मोहर्रम का जुलूस निकालने पर सहमति बनी। बैठक में सज्जाद खलीफा, खतिबुल अंसारी, ऐनुल हक अंसारी, सलिल अंसारी, सईद अहमद,सरवर खान उर्फ भोला, खुर्शीद खलीफा, असगर खलीफा, आरिफ खलीफा, इकबाल अंसारी, मोख्तार अंसारी, जावेद अख्तर अंसारी, ईदुल अंसारी, साहिर अंसारी, मोख्तार अंसारी, मोहिबुल्ला अंसारी, आलम अंसारी, बबलू खान, आफताब अंसारी, सलमान अंसारी, मेराज खलीफा, फिरोज खलीफा, शाबान अंसारी सहित अनेक लोग शामिल हुए।

## लापुंग में 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरित



**लापुंग (आझाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड अंतर्गत झारखंड सरकार के निर्देशानुसार किसानों की आय वृद्धि योजना के तहत खरीफ बीज का वितरण किया गया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के दिशा निर्देश पर जेएसलपीएस के सौजन्य से खरीफ फसल के अंतर्गत बादाम 250 किलो और 300 किलो अरहर बीज का वितरण किया गया। मुंग और अरहर बीज वितरण के बाद सभी दीदियों को जेसेलपीएस में और बेहतर ढंग से काम करने को लेकर और ग्रामीणों को जागरूक करने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया ताकि गांव विकास की ओर बढ़े। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, प्रमुख कंचन उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जन्मेजय पाठक, पंचायत अध्यक्ष फिरू साहु, सुरेश साहु, महावीर साहु, पवन ठाकुर, केएफआईसी सीमा सिंह, सीसी हिरामनी दीदी, आजीविका कृषक सखी के सभी पंचायत के दीदियों ने बीज पाकर खुशी जाहिर किया।

**बैठक :** पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने बेड़ो में पावरग्रिड के अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

# उपक्रम के डीजीएम को योजनाओं का पुलिंदा सौंप मूर्त रूप देने की मांग की

**बैठक में तीन दिनों के अंदर इन योजनाओं को शुरू करने की तिथि का निर्धारण करने को लेकर एक समझौता हुआ है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने बुधवार को भारत सरकार का उपक्रम पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड बेड़ो के सभागार में अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

इस दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने जरिया पंचायत के टेंगरिया, सरनाटोली, नहरटोली, पिपरटोली, जरिया पुरनाडीह, मासु, मुड़ामू व हुलसी गांव के लिए कुल 27 योजनाओं की सूची विभागीय अधिकारी को सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से 18 पीसीसी पथ, 2 पक्की नाली, 2अखरा व 5 चबूतरा निर्माण आदि के कार्य शामिल हैं।

बैठक में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सामाजिक उत्तरदायी नीति के तहत आसपास के गांवों में सड़क, पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि योजनाओं को इस उपक्रम के माध्यम से जनहित पर सरजमीन पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने आसपास के गांवों में जनहित में इन योजनाओं को पूरा करने के लिए पत्र लिखा था। लेकिन अब तक जनहित में सीएसआर फंड के तहत कोई काम नहीं किया गया। जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड का यह दायित्व बनता है कि सामाजिक उत्तरदायित्व नीति के तहत आसपास के गांवों में जनहित में जनोपयोगी योजनाओं का क्रियान्वयन होना चाहिए। जो अबतक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर इस बैठक में विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में तीन दिनों के अंदर इन योजनाओं को शुरू करने की तिथि का निर्धारण करने को लेकर एक समझौता हुआ है।

बैठक में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि 13 साल के यूं ही बीत जाने पर विभागीय अधिकारियों को जगाया जा रहा है। जिससे उम्मीद की आस में टकटकी लगाए आसपास के ग्रामीणों को कुछ लाभ मिल सके।

वहीं बैठक में विभाग के डीजीएम अभिषेक कुमार, मुख्य प्रबंधक पुरोहित श्रीवास्तव, सीओ सुमंत तिर्की, रूपेश कच्छप,कनीय अभियंता रंजीत कुमार, करमा उरांव, नवल किशोर सिंह व नरेश साहू आदि मौजूद थे।

# कस्तूरबा स्कूल अनगड़ा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शिक्षा अधिकार अधिनियम, बाल श्रम, बाल शोषण, बाल विवाह आदि निरोधात्मक अधिनियमों की दी गयी जानकारी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** इंस्टीच्यूट ऑफ लिगल स्टडीज रांची विश्वविद्यालय एवं डालसा के सयुंक्त तत्वावधान में कस्तूरबा बालिका स्कूल अनगड़ा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को शिक्षा अधिकार अधिनियम, बाल श्रम, बाल शोषण, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, बाल यौन शोषण आदि निरोधात्मक अधिनियम तथा सीनियर सिटीजन के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

छात्राओं को निःशुल्क विधिक सहायता को लेकर जागरूक करते हुए कहा गया कि वे अपने परिवार के साथ साथ घर के आसपास के लोगों को भी इस अधिनियम तथा विधिक सहायता के बारे में जागरूकता करें। बताया गया कि संविधान के 86वें संशोधन अधिनियम 2002 के द्वारा संविधान के अनुच्छेद 21(ए) को जोड़कर शिक्षा को मौलिक अधिकार बना दिया गया। इस अधिकार को व्यवहारिक रूप प्रदान करने के लिए संसद में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 पारित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान घरेलू हिंसा, डायन-बिसाही, अंधविश्वास, बाल विवाह, बाल मजदूर, सीनियर सिटिजन के अधिकारों का हनन आदि के विरूद्ध बने अधिनियमों के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किए जाने के विभिन्न पहलुवों और प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया।

कार्यक्रम में पीएलवी बेबी सिन्हा, विश्वजीत कु तिवारी, कुमार आकाश, अशी अखौरी, आकृति कुमारी, कुमार मंगलम, संभवी सटोरिया आदि शामिल थे।

# नामकुम प्रखंड कार्यालय में बूथ लेबल पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित

**मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 को सफल बनाने पर की गयी चर्चा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** नामकुम प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बूथ लेबल पर्यवेक्षक के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता नामकुम बीडीओ ज्ञानशंकर जयसवाल ने की। बैठक के दौरान मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 में प्रत्येक घर में 21 जुलाई से 21 अगस्त तक घर-घर सर्वेक्षण और 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक भ्रमण करने को कहा गया। कहा गया कि मतदाता सूची में अंकित शत प्रतिशत मतदाताओं का भौतिक सत्यापन एवं 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले युवा मतदाताओं की पहचान कर प्रपत्र 6 प्राप्त कर बीएलओ ऐप में प्रविष्टि करना होगा। सादा या रंगीन फोटो द्वारा प्रतिस्थापन, मृत, स्थाई रुप से स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टियों का प्रक्रियागत विलोपन आदि बीएलओ द्वारा की जायेगी। घर-घर मतदाता सूची की जांच बीएलओ पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, प्रमंडलीय आयुक्त एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सुपर चेकिंग की जायेगी। नामकुम बीडीओ द्वारा निर्देशित किया गया कि पिछले चुनाव में कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्र के बीएलओ विशेष ध्यान देते हुये पुननिरीक्षण का कार्य करेगी और जर्जर मतदान केंद्र का स्थान परिवर्तन करने हेतु अविलंब प्रतिवेदन देने और सभी बीएलओ को हर चौखट पर जाने, समावेशी और त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने को कहा। सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि वे घर के गेट पर स्टिकर लगाकर उसमें प्रथम भ्रमण की तिथि एवं द्वितीय भ्रमण की तिथि अंकित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से कनीय सांख्यिकी पर्यवेक्षक अमर सिंह, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, मिथिलेश सिन्हा, बीएलओ पर्यवेक्षक कंप्यूटर ऑपरेटर जमशाद अहमद, राजेश कुमार एवं सभी बीएलओ उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** वाइबीएन विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

# एनआइइएलआइटी पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्र सरकारी नौकरियों के पात्र होंगे

**ओरिएंटेशन प्रोग्राम के सफल आयोजन में इंजीनियर कुमारी विनीता का अहम योगदान रहा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के लिये वाईबीएन विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के तहत स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने जून 2023 को राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) रांची और वाईबीएनयू के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस संबंध में बुधवार को वाईबीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) के साथ एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के सफलतापूर्वक एनआईईएलआईटी प्रमाणीकरण पूरा करने वाले लोग केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार की नौकरियों के तहत रोजगार के अवसरों के पात्र हैं। इस पाठ्यक्रम को पूरा करने वाले छात्रों को ईमेल, इंटरनेट खोज और व्यावसायिक अवधारणाओं की बुनियादी समझ हासिल होगी। यह उन लोगों के लिए भी एक शुरूआती कोर्स है जो कुछ उन्नत कंप्यूटर विज्ञान पाठ्यक्रम करना चाहते हैं। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के सफल आयोजन में इंजीनियर कुमारी विनीता का अहम योगदान रहा। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन संपन्न होने पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी यादव, रजिस्ट्रार डॉ. रमन दुबे, एवं सभी संकाय के डीन और एचओडी ने बधाई एवं शुभकामना दी।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी स्कूल, नर्सिंग स्कूल, फार्मेसी स्कूल, कृषि स्कूल, सभी यूटीडीएस, स्कूल ऑफ पैरामेडिकल, स्कूल ऑफ बी.एड. और वाईबीएनयू के स्टाफ सदस्य इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी स्कूल, नर्सिंग स्कूल, फार्मेसी स्कूल, कृषि स्कूल और सभी यूटीडीएस और स्कूल ऑफ पैरामेडिकल, स्कूल ऑफ बी.एड. के छात्र-छात्राएं, डीएसडब्ल्यू डॉ. अर्पणा शर्मा, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. आशीष सरकार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. चंदीरजीत कुमार, मानव संसाधन निदेशक अरविंद यादव, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ अंजनी कुमार सिंह, एचओडी ईसीई सह एनआईईएलआईटी समन्वयक इंजीनियर कुमारी विनीता, वाईबीएनयू के स्टाफ सदस्य एवं एनआईईएलआईटी की ओर से जे.के साह वरिष्ठ वैज्ञानिक ग्रुप डी, व परहुसाखी बनर्जी गेस्ट फैकल्टी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## बैंक आफ इंडिया नगड़ी शाखा ने किया मेगा स्वयं सहायता समूह शिविर का आयोजन




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** बैंक आफ इंडिया नगड़ी शाखा के तत्वावधान में बुधवार को नगड़ी कोयल रेस्टूरेंट में मेगा स्वयं सहायता समूह शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगड़ी और बेड़ो प्रखंड के सैकड़ों स्वयं सहायता समूह शामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने कहा शिविर का मुख्य उद्देश्य बैंक और स्वयं सहायता समूह के बीच कई योजनाओं के लिए ऋण दस्तावेज प्रक्रिया पूरा करना है। जिससे आप सभी को लोन लेने में कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। शिविर में उन्होंने बैंक के माध्यम से मिलने वाले लोन की जानकारी के साथ साथ अटल पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड, गोल्ड लोन, फूड एवं प्रोसेसिंग यूनिट, जीवन ज्योति योजना स्टेंड अप इंडिया, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में उप, आंचलिक प्रबधक सुनीत कुमार ने कहा कि बैंक के द्वारा स्वयं सहायता समूह को मिलने वाली ऋण को समय से लेन-देन करें। जेएसपीएल के ब्रजेश कुमार ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह का गठन और उसके विकास में हरसंभव सहायता करना है। मौके पर नगड़ी शाखा के वरीय शाखा प्रबंधक पास्कर लियो होरो ने कहा कि स्वयं सहायता समूह का ऋण दास्तावेज की प्रक्रिया इसी शिविर में की गयी। प्रक्रिया पूरी होने पर सीधा लोन मिल जाएगा। शिविर में 23 स्वयं सहायता समूह का 70 लाख लोन का दस्तावेज तैयार किया गया। वहीं जनधन बीमा 113 लोग का हुआ। शिविर मे बेड़ो प्रखंड का 26 लोगों के लोन 53 लाख का दस्तावेज तैयार किया। मौके पर बेड़ो शाखा के प्रबंधक बलवंत पाण्डेय, ऋण प्रबंधक संदीप कुमार, कृषि अधिकारी कविता तिर्की, ऋण प्रबंधक छवि, पराग आनन्द, अभय कुमार, बैंक सखी रेणूका देवी, संगीता देवी, प्रिंस आदित्य, वशिष्ट पाठक, सुमन शर्मा, इमरान अंसारी सहित नगड़ी व बेड़ो के सैकड़ों स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## लापता युवक का सड़ा गला शव बरामद



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जामचुआं स्थित राबंगदा पहाड़ के नीचे से नामकुम पुलिस ने एक युवक का सड़ा गला शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने शव होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया। इधर पुलिस ने शव की पहचान जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के कोयनर डीबडीह निवासी राजू कच्छप के रूप में की। आशंका जताया जा रहा है कि युवक की हत्या कर उसके शव को फेंक दिया गया है। बताया जा रहा है राजू जामचुआं स्थित अपने जीजा के घर बीते 14 जुलाई को आया था। जिसके बाद से वह अपना घर नहीं लौटा। चार दिनों से वो लापता था। लापता होने के बाद बुधवार सुबह रामपुर पंचायत अंतर्गत राबंगदा पहाड़ के नीचे उसका सड़ा गला शव बरामद किया गया।

## माउंट कार्मेल स्कूल की बस हुई दुर्घटना ग्रस्त, 50 बच्चों में 20 को लगी मामूली चोट



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** माउंट कार्मेल स्कूल की बस इरबा मदरसा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में 50 बच्चे सवार थे। 20 बच्चों को मामूली चोटें आयी थीं। जिनका उपचार क्युरेस्टा ग्लोबल एसीएमएस में कराया गया। समाचार लिखे जाने तक सभी बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। सभी बच्चे सुरक्षित हैं। बस दुर्घटना की खबर मिलते ही स्कूल निदेशक फादर मैथ्यू अस्पताल पहुंचकर बेहतर चिकित्सा के लिए चिकित्स्कों को कहा। जब तक बच्चों की अस्पताल से छुट्टी नहीं हुई पूरी तरह मुस्तैद दिखे।

## स्कूल में अनुपस्थित रहे बच्चों के अभिभावक से मिले शिक्षक, स्कूल भेजने का किया आग्रह



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी के पूरे महीने अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावक से हरिजन कॉलोनी मुन्ना पतरा चकला में मिलने पहुंचे। घर जाकर अभिभावकों से मिला और नियमित रूप से बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया। अभिभावकों ने भी नियमित रूप से स्कूल भेजने पर सहमति जताते हुए पंजी में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक ने अभिभावकों को कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। कम खाएं पर बच्चों को जरूर पढ़ाएं। अभिभावकों से मिलने पहुंचे सतीश बड़ाईक के साथ विद्यालय की सहायक शिक्षिका निर्मला कुजूर भी शामिल थे।

## सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का किया गया गठन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू प्रखण्ड के मौजा बलुवाडीह में बुधवार को ग्रामप्रधान भजन सिंह मुण्डा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। मुख्य अतिथि ग्रामप्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक थे। बैठक में खेल को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष तारकेश्वर महतो, सचिव रामपद महतो एवं उपाध्यक्ष पंकज कुमार महतो चुने गए। मौके पर केशव महतो, जीतमोहन कोईरी, जगदीश कोईरी, चुसन प्रमाणिक, लक्ष्मीकांत महतो, वकील, वृंदावन, निरंजन मुण्डा, महेन्द्र, मनसा मुखियार, काशीनाथ मुण्डा, विजय मुण्डा, लीलावती देवी, कुंती देवी, बतन देवी, देवराज, ब्रजेश, अमिल, राजेश, सूर्यनारायण, परमेश्वर, गोविंद, प्रवीण, सुचिता देवी, नरसिंह, बादल, धर्मेन्द्र, निर्मला, बसंत हजाम, कलावती देवी, कामदेव महतो, सुलोचना आदि ग्रामीण शामिल थे।

### अमर बांध से निकलने वाली पइन के जीर्णोद्धार कार्य का हुआ शिलान्यास

# सभी सिंचाई योजनाओं का होगा जीर्णोद्धार : कमलेश

**विधायक ने कहा- जनता की हर समस्या का होगा निवारण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हैदरनगर प्रखंड के दर्जनों गांव के किसानों की भूमि सिंचित करने वाले अमर बांध पइन के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास हैदरनगर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी व बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस पाइन के जीर्णोद्धार से लपेया, सरहु, खिलपर, कुकही, गोरियावटा, भैसना व सिमरसोत गांव के किसानों के खेतों की सिंचाई होगी।



शिलान्यास के मौके पर प्रखंड प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष व अन्य

इस अवसर पर उपस्थित विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किसानों व ग्रामीणों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड प्रमुख कलावती देवी के आग्रह पर उन्होंने अमर बांध से निकलने वाली पाइन के जीर्णोद्धार का निर्णय लिया। किसानों को लगातार सुखाड़ का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए किसानों के आग्रह पर जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का काम आगे भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनता की एक-एक समस्या का वह समाधान कर रहे हैं। किसानों व ग्रामीणों द्वारा जिस कार्य को कराने का आदेश उन्हें मिलता है, उसे टीम भेज कर निरीक्षण कराने के बाद योजनाओं की स्वीकृति मिलती है। इस मौके पर किसान गुड्डू सिंह, मिथिलेश सिंह, राजेश्वर यादव, प्रदीप पासवान, जॉनी सिंह, राजेश मेहता, पप्पू सिंह, सुबोध मेहता, कामता मेहता, सुदेश्वर मेहता, अनिल मेहता, महेंद्र मेहता, पल्लू यादव आदि मौजूद थे।

## निर्माणाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने गये नप अधिकारियों पर हुआ जानलेवा हमला

### सहायक नगर आयुक्त का फटा सिर, नगर प्रबंधक को भी लगी चोट





**एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, पुलिस निरीक्षक सहित कई प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव में निमार्णाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने पहुंचे नप अधिकारियों पर एक विषेश समुदाय ने जानलेवा हमला कर दिया। इसमें सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज को गंभीर चोट लगी है। उनके सिर फट गया है। वहीं सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह व नगर प्रबंधक प्रभात कुमार को भी चोट लगी है। घटना की सूचना मिलते ही विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, सीओ विक्रम आनंद व पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव में नगर परिषद द्वारा छठ घाट तक जाने के लिए पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। इसी रास्ते के किनारे कब्रिस्तान भी है। जिसकी चहरदीवारी वर्षों पूर्व कल्याण विभाग द्वारा करा दिया गया है। मुस्लिम समुदाय द्वारा कब्रिस्तान के बगल से सड़क बनने पर आपत्ति जताई, जिसके बाद सड़क निर्माण कार्य बंद कराकर अंचल कार्यालय द्वारा कब्रिस्तान का सीमांकान करते हुए सड़क की मापी कराई गई। इसके बाद नप द्वारा निर्माण कार्य पुनः शुरू करने का आदेश निर्गत किया गया। जिसके बाद बुधवार को सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। निमार्णाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने सुबह 11.30 बजे सहायक नगर आयुक्त नप पदाधिकार्यो के साथ स्थल पर पहुंचे। तभी एक समुदाय विशेष के लगभग 70-80 लोग लाठी-डंडा लेकर वहां पहुंचे और मो प्रवेज सहित नप पदाधिकारियों पर हमला बोल दिया। जिसमें मो प्रवेज का सिर फट गया। वहीं सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह व नगर प्रबंधक प्रभात कुमार को भी चोट लगी है। हमलावरों ने सड़क निर्माण में लगे मशीनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नही सड़क निर्माण की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय पर भी हमले का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने नाकाम किया। आनन-फानन में सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां सबका इलाज चल रहा है। उदर, सूचना मिलते ही विश्रामपुर एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, पुलिस निरीक्षक, विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, रेहला थाना के एसआई अलख नाथ चौबे व उंटारी थाना प्रभारी अशोक मेहता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इस संबंध में मो प्रवेज ने रेहला थाना में 15 नामजद सहित 170 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव है।

## पेड़ों की अवैध कटाई से बिगड़ रहा प्राकृतिक संतुलनः रामेश्वर उरांव

**74वें वन महोत्सव कार्यक्रम में मंत्री ने लोगों से की अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पौधारोपण से जिले को सुखा ग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। कहा कि घरों या परती जमीनों में अच्छे फलदार पौधे लगाने से भविष्य में अच्छी आमदनी भी हो सकती है। कहा कि कई मायनों में हमारा राज्य प्राकृतिक रूप से धनी है लेकिन विगत कुछ वर्षों से वन प्रतिशत में कमी आना चिंता का विषय है। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने की ओर ध्यान देना चाहिये। वे बुधवार को मेदिनीनगर के चियांकी पहाड़ के परिसर में 74वां वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उक्त कार्यक्रम सामाजिक वानिकी प्रमंडल लातेहार की ओर से आयोजित किया गया था। मंत्री ने कहा कि पेड़ो की कटाई से प्राकृतिक संतुलन भी बिगड़ता है। ऐसे में पेड़ों की अवैध कटाई को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके आवासीय परिसर में शीशम के पेड़ काटने को लेकर उन्होंने वन प्रमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेने के बाद कटाई की थी। उन्होंने कहा कि जंगलों में बेतहाशा पेड़ो की अवैध कटाई को सामूहिक रूप से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज जंगलों की संख्या जहां ज्यादा है वही देश उन्नति की ओर है। ऐसे में आप सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाएं व उसकी देखभाल करें।



इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर की गयी। जिसके बाद मंत्री रामेश्वर उरांव ने परिसर में पीपल का पौधा भी लगाया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने लोगों से एक दिन नहीं, बल्कि प्रत्येक दिन को वन महोत्सव के रूप में मनाने की अपील की। वहीं, उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने भी पेड़ों की महत्ता के विषय पर प्रकाश डाला। इस दौरान चियांकी पहाड़ में कुल 500 से अधिक पौधे गैबियन के साथ लगाये गये। इस कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावे लातेहार के सामाजिक वानिकी प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, गढ़वा के सामाजिक वानिकी प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी सीएन त्रिपाठी, सहायक वन संरक्षक आलोक सिन्हा, वन क्षेत्र पदाधिकारी संजीव कुमार, स्कूली बच्चे, वन कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सुदूरवर्ती गांव हेडूम गरीहारा में विधायक शशिभूषण ने निजी खर्च से बनवायी सड़क

**कभी नक्सलियों के गोलियों की गड़गड़ाहट से गूंजता था गांव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी विधानसभा केकरगढ़ पंचायत के हेडूम गरीहरा में आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी वहां के ग्रामीणों सड़क के लिए तरस रहे है। केकरगढ़ पंचायत कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। हमेशा नक्सलियों की गड़गड़ाहट होते रहती थी। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल कार्यकाल बेमिसाल को प्रचारित करने के लिए निकले थे। वहां के ग्रामीणों ने सड़क और पुलिया के लिए अपनी समस्या को रखा। विधायक ने अपनी निजी खर्च से नावाडीह से गरीहरा तक चलने लायक सड़क बनवा दिया। जिससे वहां के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। वहीं विधायक ने पूर्व के जनप्रतिनिधि पर निशाना साधते हुए कहा कि 15 साल तक साशन करने वाले जनप्रतिनिधि विकास के नाम पर केवल लूटने का काम किये। पूरे विधानसभा में सड़क की हालत जर्जर है। मैं भरपूर प्रयास कर रहा हूं कि पांकी विधानसभा सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, शिक्षा में पूरे विधानसभा में बेहतर होगा। इस मौके पर अमलेश यादव, बिंदु यादव, मुकेश पांडेय, भुनेश्वर भुइयां, शंकर यादव, बालकिशुन उरांव, अमरेश यादव, प्रो बचन ठाकुर, संजय वर्मा, सुनील प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर, प्रकाश मेहता, रोशन सिंह, कमेश यादव, सुधीर तिवारी, राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू आगि उपस्थित थे।



## रक्तदान का उपहार, बचायेगा किसी की जान : बमेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** औरंगाबाद के रक्तदान के प्रति समर्पित समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह हर खास अवसर को रक्तदान से जोड़ कर एक परंपरा बनाने के सार्थक प्रयास में निरंतर लगे हुए हैं। इसी कड़ी में बमेंद्र सिंह के जन्मदिन पर बुधवार को टीम पथ प्रदर्शक की ओर से हरिहरगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें संस्था के सदस्यों ने बमेंद्र के जन्मदिन पर उपहार स्वरूप रक्तदान किया। टीम पथ प्रदर्शक के नियमित रक्तदाता मृत्युंजय विश्वकर्मा एवं शशि कुमार के प्रयास से आदर्श क्लिनिक हरिहरगंज में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। टीम पथ प्रदर्शक एवं नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के ब्लड बैंक टीम द्वारा केक कटवा कर व नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पीआरओ भूपेंद्र सिंह, आदर्श क्लिनिक के डॉक्टर अनुज कुमार, पथ प्रदर्शक के सचिव बमेंद्र कुमार सिंह, समाजसेवी मृत्युंजय विश्वकर्मा एवं शशि कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। बमेंद्र सिंह ने कहा कि मेरे जन्मदिन पर मिला रक्त का उपहार किसी जरूरतमंद की जान बचाएगा। इससे कीमती और अनमोल उपहार और कुछ नहीं हो सकता है। मेरा खास अवसरों पर रक्तदान को एक परंपरा बनाने की ओर मेरा प्रयास सार्थक हो रहा है।



## विशेष टीकाकरण अभियान को लेकर सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में 7 से 12 अगस्त के बीच टीकाकरण से छूटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीका लगाने को लेकर बुधवार को सहियाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सह स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार ने कहा कि उक्त लोगों को टीकाकरण करने के लिए चलाए जाने वाले विशेष मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान को लेकर सक्रिय रहने की जरूरत है। मिशन इंद्रधनुष के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कहा कि इसके लिए घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना है। अपने-अपने क्षेत्र में जरूरतमंदों को इसकी जानकारी दें, ताकि अभियान में एक भी निर्देशित लोग नहीं छूटे। इस मौके पर रीता देवी, प्रियंका देवी, संजू देवी, सीमा देवी, रिंकू देवी, मनोरमा देवी, रिजवाना बीबी, शिवम ओझा और अनिता देवी आदि मौजूद थीं।

## आश्वासन के बाद कांग्रेसी नेता का अनशन समाप्त



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय का आमरण अनशन प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद बुधवार को तीसरे दिन समाप्त हो गया। बताते चलें कि मणिभूषण पांडेय गोदारमा गांव में निमार्णाधीन सड़क किनारे सोमवार से ही आमरण अनशन पर बैठे थे। उनकी मांग थी कि छठ घाट जाने वाले सड़क का निर्माण कार्य पुनः शुरू किया जाए। बुधवार को विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,सीओ विक्रम आनंद,पुलिस निरीक्षक अजय कुमार,बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, उंटारी थाना प्रभारी अशोक मेहता, एसआई अलख नाथ चौबे अनशन स्थल पर पहुंचे। प्रशासनिक पदाधिकारियों से वार्ता के बाद मणिभूषण पांडेय अनशन खत्म करने पर राजी हुए। उसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त कराया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, प्रो नंदलाल शुक्ला, आलोक शुक्ला, प्रमोद पांडेय, दिनेश शुक्ला, राजीव पांडेय, नवीन पांडेय, सोनू पांडेय, संजय पांडेय, विकास पांडेय, विवेक पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुस्लिम समुदाय ने विश्रामपुर बस स्टैंड के पास किया मुख्य सड़क जाम



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव में नप पदाधिकारियों पर हमला करने के बाद एक विशेष समुदाय के लोग विश्रामपुर नप मुख्यालय पहुंच गए। जहां बस स्टैंड के पास रेहला पांडू मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी घटना का पूरा दोष सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज पर मढ रहे थे। सड़क जाम में शामिल लोगों ने सहायक नगर आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। पुलिस निरीक्षक अजय कुमार ने प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान लगभग एक घंटा तक सड़क जाम रहा। सड़क के दोनों किनारे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। मौके पर बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी, पूर्व वार्ड पार्षद सलीमुदिन अंसारी, नजरू बीबी, मुस्तकिमा बीबी, रियाजुदीन व किताबुदीन अंसारी आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



सितंबर महीन में होने जा रहा एशिया कप का शेड्यूल बुधराव को जारी हो गया। टूर्नामिंट का पहला मुकाबला 30अप्पैल को मुल्तान में पाकिस्तान-नेपाल के बीच होगा। जबकि भारत-पाक का मुकाबला 2 सितंबर को होगा

### एशिया कप का शेड्यूल जारी, कोलंबो में 17 सितंबर को फाइनल

## भारत-पाक के बीच दो 2 सितंबर को मुकाबला

**30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुल्तान में खेला जाएगा पहला मुकाबला हाइब्रिड मॉडल पर ही होगा प्रतियोगिता का आयोजन**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगले महीने होने जा रहे एशिया कप का शेड्यूल जारी हो गया। एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रेसिडेंट जय शाह ने बुधवार को शेड्यूल जारी किया, जिसके अनुसार टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुल्तान में खेला जाएगा, जबकि भारत अपने अभियान की शुरूआत दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के कैंडी में करेगा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 17 सितंबर को कोलंबो में खेला जाएगा।

**ग्रुप - ए : भारत, नेपाल और पाकिस्तान**
**ग्रुप- बी : श्रीलंका, बांग्लादेश व अफगानिस्तान**



**15 साल के बाद पाकिस्तान में होंगे एशिया कप के मैच**

- पाकिस्तान में आयोगित होंगें चार मुकाबला
- गत चैंपियन श्रीलंका करेगा नौ मैचों की मेजबानी

### हाइब्रिड मॉडल पर आयोजन, छह टीमें ले रही हिस्सा

प्रतियोगिता का आयोजन हाईब्रिड मॉडल पर होगा। यानी टूर्नामेंट के शुरूआती चार मुकाबले पाकिस्तान में होंगे, जबकि फाइनल सहित शेष 9 मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता 6 टीमें हिस्सी ले रही हैं। टूर्नामेंट की 6 टीमें को 2 ग्रुप में बांटा गया है। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें सुपर-4 स्टेज में जाएंगी। पता चला है कि वनडे एशिया कप में फाइनल समेत कुल 13 मुकाबले होंगे। 9 मैच श्रीलंका और चार पाकिस्तान में खेले जाएंगे। सभी मुकाबले डे-नाइट फॉर्मेट में होंगे। पाकिस्तान में सभी मैच दोपहर एक बजे (भारतीय समयानुसार, दोपहर 1.30 बजे) से शुरू होंगे। वहीं श्रीलंका में सभी मुकाबले दोपहर 1.30 बजे से खेले जाएंगे। भारत और श्रीलंका की टाइमिंग एक बराबर है।

### 31 अगस्त से शुरू होना था एशिया कप, अब 30 से

वनडे एशिया कप पहले 31 अगस्त से 17 सितंबर तक खेला जाना था, लेकिन अब उद्घाटन मुकाबला 30 अगस्त को मुल्तान में खेला जाएगा।

## सात अगस्त को होंगे भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव, रास्ता साफ

**नई दिल्ली (एजेंस)।** भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव सात अगस्त को होंगे। चुनाव पहले 11 जुलाई को होने वाले थे, लेकिन असम कुश्ती संघ की चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार मांगने वाली याचिका के बाद गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने चुनाव पर रोक लगा दी थी। गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने निर्वाचक मंडल के लिए नाम जमा करने की आखिरी तारीख 25 जून को चुनाव पर रोक लगा दी थी। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को इस आदेश पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद चुनाव का रास्ता साफ हो गया। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से चुनाव की नई तारीखों के बारे में बताया। असम कुश्ती संघ ने दावा किया था कि वह मतदान के अधिकार के साथ डब्ल्यूएफआई का संबद्ध सदस्य बनने का हकदार है, लेकिन 15 नवंबर 2014 को इसकी कार्यकारी समिति की सिफारिश के बावजूद डब्ल्यूएफआई ने इसे मान्यता देने से इनकार कर दिया था। खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित किए जाने से पहले डब्ल्यूएफआई ने चुनाव की तारीख सात मई तय की थी। बतातें चलें कि खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए एक निगरानी समिति नियुक्त करने का फैसला लिया था। साथ ही डब्ल्यूएफआई को अपनी सभी चल रही गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया था। वहीं, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों से मुलाकात के बाद कहा था कि डब्ल्यूएफआई के चुनाव 30 जून तक होंगे।

## मनोकमनापूर्ति अष्टभुजी व साईं मंदिर में मनाया गया तीसरा स्थापना दिवस, विधायक ने मत्था टेका



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत नावाडीह कला स्थित मनोकामनापूर्ति अष्टभुजी और साईं मंदिर का तीसरा वर्षीय उत्सव धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में बुधवार को पूरे विधि-विधान के अनुसार विशेष पूजा हुई। गायत्री परिवार की ओर से यज्ञ और दीपोत्सव कराया गया। रुद्र महाकाल ग्रुप द्वारा आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गयी। विशेष पूजा अर्चना में बतौर मुख्य यजमान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी शामिल हुए। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा नेता टिकैत चौबे, बबन राम, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, शिवबंश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### झिलिया नदी में आयी बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों ने धनबाद के विधायक राज के नेतृत्व में की डीसी से मुलाकात

# जिन लोगों के पास खुद की जमीन है, उन्हें जल्द ही मिलेगा पीएम आवास : राज सिन्हा

**जिनके पास अपनी जमीन नहीं उनके लिए जमीन की व्यवस्था का मिला आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



ग्रामीणों की उपस्थिति में धनबाद के डीसी को मांगपत्र सौंपते विधायक राज सिन्हा।

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में चिरकुंडा के झिलिया नदी में वर्ष 2018 में आयी बाढ़ से प्रभावित लोगों ने बुधवार को डीसी से मिलकर बीसीसीएल की ओर से दी गयी राशि से जल्द प्रधानमंत्री आवास बनवाने की मांग की। प्रभावितों का कहना था कि अगर किसी गैरसरकारी कंपनी से घर बनवाया जाता तो अब तक उन्हें घर मिल भी गया होता। पर जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण वे अबतक घर से वंचित हैं। वहीं विधायक राज सिन्हा ने बताया कि डीसी ने इस बाबत कहा कि जिनके पास खुद की जमीन है उन्हें मकान बनवा कर जल्द दे दिया जाएगा। जिनके पास खुद की जमीन नहीं है उनके लिए जमीन की बंदोबस्ती की जाएगी। विधायक ने बताया कि चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में पानी की समस्या को देखते हुए वहां पानी टंकी का निर्माण कराया जाना है। पर जमीन की बंदोबस्ती नहीं होने से यह योजना अधर में लटकी है। इस समस्या को लेकर भी डीसी से बात हुई है।

**यह है पूरा मामला**

वर्ष 2018 में 26 जुलाई की मध्य रात हुई मूसलधार बारिश के कारण बीसीसीएल को झिलिया नदी को बांधना पड़ा था। जिस कारण नदी में पानी का बहाव रुक गया और नदी के आसपास के बगानधौड़ा, नीचेधौड़ा, खाड़ीधौड़ा, चपड़ाडंगाल, बाघाकुड़ी, सुभाष नगर के आधा दर्जन से ज्यादा वार्डों में नदी का पानी घुस गया था। जिससे बाढ़ की स्तिथि उत्पन्न हो गयी थी। बाद में बीसीसीएल को पार्टी बनाते हुए चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह द्वारा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में वाद संख्या 322/34/0/2022 दर्ज कराया गया था। आयोग के निर्देश के आलोक में पांच जनवरी 2023 को बीसीसीएल द्वारा बाढ़ से प्रभावितों के लिए प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दो करोड़ 49 लाख 75 हजार रुपये जिला प्रशासन के खाते में जमा कराया था। पर छह महीना से ज्यादा का समय बीत जाने के बावजूद आज तक प्रभावितों के लिए जिला प्रशासन घर नहीं बना पाया। इस कारण बाढ़ से प्रभावित लोग खुले आसमान में तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर हैं।

# रिम्स अस्पताल में पति की जान को खतरा: रागिनी सिंह



**भाजपा नेत्री ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव को लिखा पत्र**

**संजीव सिंह का इलाज धनबाद के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कराने की मांगी अनुमति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जेल में बंद झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह ने बुधवार को राज्य के स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिख कर पति संजीव का इलाज धनबाद के ही किसी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में खुद के खर्च पर कराने की अनुमति मांगी है। उन्होंने पत्र में कहा कि उनके पति संजीव 11 जुलाई को धनबाद जेल में सिर के बल गिर गए थे। जिस कारण उन्हें गंभीर चोट आई है। फिलहाल वे एसएनएमएमसीएच में इलाजरत हैं। उनकी स्थिति ऐसी बनी हुई है कि वह लोगों को ना तो पहचान पा रहे हैं और ना ही भोजन करने में सक्षम है। उनके वजन में भी काफी गिरावट आई है। मेडिकल बोर्ड की ओर से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पातल भेजने की अनुशंसा की गई है। रागिनी ने स्वास्थ्य सचिव को रिम्स में इलाज के दौरान अपने पति के जान का खतरा बताते हुए कहा कि वहां उनके साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की आशंका है। इस लिए संजीव को धनबाद के ही किसी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की मांग की है। इस दौरान इलाज में आने वाले खर्च का खुद वहन करूंगी।

# कार्मेल स्कूल में हाथ में कलावा बांधने पर शिक्षक ने छात्र को पीटा

### विहिप व बजरंग दल ने किया हंगामा



**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बोकारो थर्मल स्थित कार्मेल स्कूल हिंदी मीडियम में 9वीं कक्षा के छात्र करन कुमार को कलावा (मौली धागा) बांगने पर शिक्षक द्वारा पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यही नहीं, शिक्षक ने मौली धागा को कैंची से काट दिया। छात्र खेतको गांव का रहने वाला है। घटना मंगलवार की बताई जा रहीं हैं। उधर, घटना की सूचना पीड़ित छात्र ने अपने परिजनों को दी। इसके बाद छात्र के परिजनों के साथ बुधवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता विद्यालय पहुंच गए और खूब हंगामा किया। सभी ने घटना को हिंदू विरोधी बताते हुए आरोपी शिक्षक अमित कुमार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उपस्थित विहिप के धनबाद जोन ने मंत्री विनय कुमार ने बताया कि कार्मेल स्कूल प्रबंधन हिंदुओ की संस्कृति एवं सभ्यता के साथ खिलाफ कर रहा है। सिर्फ हाथ की कलाई में मौली धागा बांधने पर छात्र की पिटाई कर दी गई और जबरन मौली धाग भी कैंची से काट कर जमीन पर फेंक दिया। विनय ने कहा कि मौली धागा में हिंदुओं की आस्था है। वहीं बजरंग दल एवं विहिप के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्या जॉयस कुल्लू के साथ बार्ता की, जिसमें प्राचार्या ने आरोपी शिक्षक से पूछताछ के लिए एक दिन का समय मांगा। उसके बाद ही कुछ निर्णय लेने की बात कही। इस पर विहिप नेता विनय ने कहा कि गुरुवार तक अगर विद्यालय प्रबंधन ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन तेज किया जाएगा। घटना की सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य वरीय नेताओं व अधिकारियों को भी दी गई है। इस मौके पर विहिप नेता दीपक वर्मा, सौरभ सिंह, सूरज कुमार ठाकुर, विकास कुमार, सोमनाथ नायक आदि थे।

# झरिया के नवनिर्मित डिग्री कॉलेज में शुरू हुआ नामांकन

**नामांकन के पहले दिन रागिनी सिंह ने प्राचार्य व छात्र-छात्राओं का गर्मजोशी से किया स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झरिया।** झरिया के जामाडोबा स्थित नवनिर्मित डिग्री कॉलेज में बुधवार से नामांकन शुरू हो गया। इस मौके पर भाजपा नेत्री रागिनी सिंह भी मौजूद थी। उन्होंने पहले दिन नामांकन करने आये छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पहले प्राचार्य के रूप में प्रोफेसर आरपी सिंह को रागिनी सिंह ने गुलदस्ता देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। रागिनी सिंह ने कहा कि आरएसपी कॉलेज के बेलगढ़िया शिफ्ट हो जाने से यहां के छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गई थी। जिसे देखते हुए तत्कालीन झरिया विधायक संजीव सिंह ने राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक को पत्राचार किया था। आखिर पूर्व विधायक का प्रयास रंग लाया और आज नए कॉलेज में नामांकन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि पूर्व की रघुवर सरकार में तत्कालीन विधायक के अथक प्रयास और उनके अनुशंसा पर जामाडोबा में डिग्री कॉलेज का निर्माण संभव हो पाया। आज उनके पति संजीव सिंह का सपना साकार हुआ। वहीं, प्राचार्या आरपी सिंह ने कहा कि मुझे नवनिर्मित डिग्री कॉलेज के प्राचार्य की जिम्मेवारी देने के लिए कुलपति, कॉलेज प्रबंधन व जनप्रतिनिधियों का आभार। वर्तमान में थोड़ी परेशानियां है। शिक्षक, कर्मचारियों सहित फंड की कमी है, लेकिन समय के साथ इसकी पूर्ति हो जाएगी। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, नितिन भट्ट, राज कुमार अग्रवाल, अरुण साव, स्वरूप भट्टाचार्य, अखिलेश सिंह, राजकिशोर जैना, अभिषेक पाण्डेय, संतोष शर्मा आदि थे। बतातें चलें कि भगतडीह स्थित पुराने आरएसपी कॉलेज परिसर भू-धंसान क्षेत्र में आने की वजह से सुरक्षा के मद्देनजर उसे बेलगढिया शिफ्ट होने के बाद से झरिया के छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व विधायक संजीव सिंह के प्रयास से झरिया में डिग्री कॉलेज शुरू करने का प्रयास शुरु हुआ। जिसके बाद जामाडोबा में 10 एकड़ जमीन में लगभग 14 करोड़ 58 लाख की लागत से कॉलेज निर्माण कार्य का शिलान्यास 15 जनवरी 2019 को सांसद पीएन सिंह व पूर्व विधायक कुंती सिंह ने संयुक्त रूप से किया था।

**कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद**

पत्रांक–....................../ **आम–सूचना (3rd Call)** दिनांक–........................

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर पंचायत हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 25.07.2023 को नगर पंचायत हुसैनाबाद को पूर्वाह्न 01:00 PM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 02 (दो पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) | |

दिनांक 25.07.2023 को नगर पंचायत हुसैनाबाद को पूर्वाह्न 01:00 PM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 302662 District(23-24)#D

## बीजीएच में खुलेगी अमृत फार्मेसी, एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में जल्द ही अमृत फार्मेसी की सुविधा शुरू होगी। इसे मूर्त रूप देने के लिए बुधवार को बीजीएच और मेसर्स एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। एमओयू पर बीजीएच की ओर से चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ बीबी करुणामय और मेसर्स एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड की ओर से वरीय प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, सीजीएम इंचार्ज (नगर प्रशासन) बीएस पोपली, एसीएमओ डॉ वर्षा घनेकर और डॉ एनके शर्मा आदि उपस्थित थे। बीजीएच में अमृत फार्मेसी स्थित रोग विभाग के ओपीडी ब्लॉक में खोली जा रही है। अमृत फार्मेसी दरअसल भारत सरकार की प्रतिष्ठान मेसर्स एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड की इकाई है। अमृत फार्मेसी से बीजीएच के चिकित्सक के प्रेस्क्रिप्शन पर दवा, सर्जिकल कन्स्यूमेबल्स एवं इंप्लांट्स खरीदा जा सकता है जो एमआरपी से औसतन 30 फीसदी कम दाम में उपलब्ध होगा। बीजीएच के अलावा अन्य चिकित्सकों के वैध प्रेस्क्रिप्शन पर भी अमृत फार्मेसी से दवा खरीदी जा सकती है। यह फार्मेसी मरीजों की सुविधा के लिए 24 घंटे खुली रहेगी।

## ठगी के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के अंतर्गत चतरोचट्टी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सहायक अवर निरीक्षक रोजिद आलम की अगुवाई में ठगी के दो आरोपितों को उनके घर जाकर गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। इस बाबत चतरोचट्टी थाना के प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि 2017 में पूर्व थाना प्रभारी हरिऔध करमाली के कार्यकाल में हुरलुंग पंचायत के नरकंडी गांव निवासी दुःखन महतो की लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया था। लिखित आवेदन में बताया गया कि बडकी सिधावारा निवासी प्रभु महतो और चिपरी निवासी कामेश्वर सिंह ने चतरोचट्टी में स्थित कोऑपरेटिव सहकारिता बैंक खोला था। जिसमें दुखन महतो ने पैसा जमा किया था। पर भुक्तभोगी को पैसे की निकासी करनी चाही तो पैसे नहीं निकाल सका। इसके बाद ठगी के आरोप में लिखित आवेदन थाने में दिया गया था। तेनुघाट कोर्ट से वारंट नोटिस आने पर दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# झामुमो छोड़ थामा टाइगर फोर्स का दामन

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा के रंजित रवानी ने अपने साथियों के साथ विजय सिंह के नेतृत्व में बुधवार को झामुमो छोड़कर टाइगर फोर्स का दामन थामा लिया। रंजीत रवानी ने ने पत्रकारों को बताया कि झामुमो चिरकुंडा में महज दिखावे की पार्टी बन कर रह गई है। झारखंड में झामुमो की सरकार होने के बावजूद गतिविधि शून्य है। राज्य की सत्ता में काबिज रहने के बावजूद झमुमो से बेहतर अन्य राजीनीतिक पार्टियां क्षेत्र में काम कर रही हैं। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आंदोलन सभी दल कुछ न कुछ कर रहे हैं पर झमुमो की उपस्तिथि नगण्य है। झामुमो द्वारा स्थानीय मुद्दे को नकारना और अनदेखी करने का नतीजा आगामी चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। इस रवैये से आहूत होकर झामुमो छोड़ बाघमारा विधायक ढुल्लू महतों पर आस्था जताते हुए टाइगर फोर्स में शामिल हुआ हूं। वहीं, विधायक ने सभी का स्वागत किया और आग्रह किया की संगठन को मजबूत करने व लोगों की समस्याओं का निराकरण कराने की दिशा में कार्य करें।

**कार्यालय,**
**समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार**
**(अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**सूचना**

डा0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोराबादी, राँची द्वारा झारखण्ड के 08 (आठ) अति संवेदनशील जनजातीय (PVTG) समुदाय के युवकों/युवतियों के लिए झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC), झारखण्ड/कर्मचारी चयन आयोग (SSC), भारत सरकार एवं अन्य समकक्ष नियोजन (नौकरी) संबंधी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रारंभ करने का प्रस्ताव है। इसके लिए इच्छुक प्रतिभागियों (PVTG) समुदायों का आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन के लिए शर्तें निम्नवत् है :–

1. आवेदक को झारखण्ड का निवासी होना चाहिए।
2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के दिन आवेदक की आयु 21 से 40 वर्ष हो।
3. आवेदकों का चयन 10वीं, 12वीं एवं स्नातक में प्राप्त अंक के आधार पर किया जायेगा।
4. JSSC एवं SSC द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन दिए गए अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2023 संध्या 06:00 बजे तक है।
6. आवेदक अपना आवेदन संस्थान कार्यालय डा0 रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, मोराबादी, राँची अथवा ई0मेल (Email:tri.directorate@gmail.com) या पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। 30 जुलाई, 2023 संध्या 06:00 बजे के बाद के आवेदन मान्य नहीं होंगे।
7. आवेदन के साथ आवश्यक कागजात की छायाप्रति :–

I. जाति प्रमाण–पत्र।
II. सरकार द्वारा निर्गत फोटो पहचान–पत्र।
III. शैक्षणिक अंक–पत्र (10वीं/12वीं/स्नातक)।
IV. JSSC/SSC द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन का साक्ष्य (छायाप्रति)।

(आवेदन का प्रारूप अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अपने प्रखण्ड के प्रभारी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी –सह–प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।)

परियोजना निदेशक, आई०टी०डी०ए०, लातेहार।

PR.NO.302684 Welfare(23-24):D

### हुंकार : चापापुर में हुई बीसीकेयू की जनसभा

# अंडरग्राउंड खदान को बंद नहीं होने देंगे: अरूप चटर्जी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



सभा को संबोधित करते निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी।

**चिरकुंडा।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से चापापुर कोलियरी कार्यालय के समक्ष बुधवार को जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल पूर्व विधायक सह यूनियन के महामंत्री और जेबीसीसीआइ सदस्य अरुप चटर्जी का कार्यकर्ताओं-नेताओं ने फूल-माला से स्वागत किया। अपने संबोधन में अरुप चटर्जी ने कहा कि ओसीपी खोले जाने का हमलोग विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन अंडरग्राउंड खदान को चालू रखते हुए, ओपनकास्ट परियोजना खोलना होगा। धौड़ा और काटाबनी क्वार्टर में रहने वाले लोगों का समुचित पुर्नवास की व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने कहा कि कोयला मजदूरों की ताकत से ही जेबीसीसीआई बैठक में 11वेंतन पर समझौता हो सका। हमारी यूनियन बुनियादी काल से ही शोषण, अत्याचार और अन्याय के खिलाफ लड़ती रही है। आगे भी हमारी लड़ाई जारी रहेगी। वहीं यूनियन के केंद्रीय सचिव सह मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम ने कहा कि मुगमा खदान ही कोयला उद्योग का भविष्य है। यह बात राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भूगर्भ वैज्ञानिकों ने उजागर किया है। पड़ोसी देश चीन में आज भी 90 फीसदी कोयला अंडरग्राउंड से निकाला जाता है, जबकि हमारे देश में मात्र 10 फीसदी कोयला ही अंडरग्राउंड खदानों से निकाला जाता है। कहा कि कोयना उद्योग की निजीकरण और श्रम कानूनों को समाप्त करने के खिलाफ मजदूरों को लंबी लड़ाई लड़नी होगी। सभा की अध्यक्षता अमित मुखर्जी ने किया। इस मौके पर परेस सोरेन, डीवी मागन बाउरी, तापस चटर्जी, बोदीलाल सोरेन, मिट्टी लाल सोरेन, तारकनाथ रविदास, सुखलाल मराण्डी (मुखिया) और रविलाल मराण्डी आदि मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या:– RWD/SD/LATEHAR/10/2022-23/RE PR NO- 293913

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लातेहार सदर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/ चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 59531715.00 | 1191000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/ चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 58657662.00 | 1174000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3 | प्रखण्ड चन्दवा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/ चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 58711274.00 | 1175000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय:– दिनांक–21.07.2023 से दिनांक–10.08.2023 को अपराह्न **05:00** बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 11.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
   I) जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार
   II) जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
   III) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, रांची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.08.2023 अपराह्न **02:00** बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9122180770, 7061815124
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 302715 Rural Development(23-24)#D

### श्रद्धालुओं के लिए श्रीमंदिर के चारों द्वार खोलने को लेकर मांग पत्र

# प्रशासन सुने, वरना आंदोलन तेज होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर पुरी।** पुरी जिलाधिकारी कार्यालय के सामने सचेतन नागरिक मंच और विभिन्न अनुष्ठान के जागरूक नागरिक मंच ने बिक्षोभ प्रदर्शन किया है। श्रद्धालुओं के लिए श्रीमंदिर के चारों द्वार खोलने को लेकर मांग जोर पकड़ा है। पुरी विधायक जयंत षड़ंगी ने पुरी शहर के विभिन्न संगठनों की ओर से श्रीमंदिर के चार द्वार खोलने की मांग का समर्थन किया है। इसके अलावा उन्होंने पुरी जिलाधिकारी से मुलाकात की और श्रद्धालुओं के लिए चारों द्वार खोलने का मांग पत्र दिया।



हालांकि विधायक ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन सात दिनों के अंदर इस मांग को पूरा नहीं करता है तो आंदोलन में उतरेंगे। दूसरी ओर, जिलाधिकारी ने कहा कि श्रीमंदिर के मुख्य अधिकारी पुलिस प्रशासन और सेवायतों से परामर्श किया जाएगा और चारों द्वार खोलने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। श्रीजगनाथ मंदिर में भक्तों के भिड़ को देखते हुए मंदिर के चारों दरवाजे खोलने की मांग को लेकर दिया गया है। कोविड महामारी के कारण पिछले मार्च 2020 से मंदिर के चारों द्वार में भक्तों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। हालांकि, कोविड महामारी कम होने के बाद, जिला प्रशासन ने भक्तों को महाप्रभु के दर्शन के लिए केवल मंदिर के सिंह द्वार से प्रवेश करने की अनुमति दी। केवल सिंह द्वार से ही प्रवेश की अनुमति होने के कारण श्रद्धालुओं के साथ-साथ पुरी के निवासियों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खास तौर पर एक तरफ प्रवेश के लिए लंबी लाइन लगी रहती है। भीड़भाड़ के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को परेशानी हो रही है। इसी तरह, पुरी के निवासी भगवान के दर्शन के साथ थोड़ा सा महाप्रसाद लाने के लिए घंटों कतार में खड़े रहते हैं। इस कारण पुरी में बुजुर्ग लोग ने दिन-ब-दिन भगवान के दर्शन से वंचित होते जा रहे हैं। इसलिए दर्शन व्यवस्था को सुविधाजनक बनाने और आनंद बाजार से महाप्रसाद लाने के लिए जिला कलेक्टर को सभी दरवाजे पहले की तरह भक्तों के लिए खोलने के लिए एक मांग पत्र जारी किया गया है। विभिन्न संगठनों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज होगा। दूसरी ओर, जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद जल्द ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

# सम हॉस्पिटल के मनोरोग विभाग में न्यूरोमॉड्यूलेशन लैब स्थापित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** यहां चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में एक अत्याधुनिक न्यूरोमॉड्यूलेशन लैब का उद्घाटन किया गया। विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) सुरजीत साहू ने कहा, लैब में रिपिटिटिव ट्रांसक्रानियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन (आरटीएमएस) और ट्रांसक्रानियल डायरेक्ट करंट स्टिमुलेशन (टीडीसीएस) जैसी अत्यधिक उन्नत सुविधाएं शामिल हैं। यह सुविधा पहली बार राजधानी शहर के एक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थापित की गयी। उन्होंने कहा कि आरटीएमएस मशीन चुंबकीय पल्स के माध्यम से काम करती है जबकि टीडीसीएस मशीन बहुत लो करेंट पल्स के माध्यम से काम करती है। ये उपकरण अवसाद, माइग्रेन, न्यूरोपैथी दर्द, जुनूनी-बाध्यकारी विकार (ओसीडी) और कई अन्य मानसिक विकारों से पीड़ित रोगियों की मदद करते हैं। प्रोफेसर साहू ने कहा, दोनों उपचार के तौर-तरीके एनेस्थीसिया के बिना किए जा सकते हैं। प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार महापात्र शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के प्रधान सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान), प्रो. (डॉ.) संघमित्रा मिश्र, डीन आईएमएस और सम अस्पताल के प्रो. (डॉ.) पुष्पराज सामंतसिंहार उद्घाटन कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक मौजूद रहे। प्रो महापात्र ने कहा कि इन उपकरणों से मरीजों के इलाज में काफी मदद मिलेगी। प्रो. मिश्र ने कहा कि लैब में भविष्य की अधिक संभावनाएं हैं जबकि प्रो. सामंतसिंहार ने आशा व्यक्त की कि प्रौद्योगिकी मानसिक बीमारी से जुड़े भय को कम करेगी। विभाग के प्रोफेसर (डॉ.) सुवेन्दु नारायण मिश्र ने कहा कि नई सुविधाएं विभिन्न शोध संभावनाओं को खोलेंगी। समारोह का समापन मशीनों के लाइव प्रदर्शन के साथ हुआ। डॉ. राकेश महांति, डॉ. जीतेंद्रिय बिस्वाल, डॉ. स्नेहांशु डे, डॉ. सौम्य रंजन दास, डॉ. लग्नजीत दास, डॉ. हिरण्मय महापात्र, डॉ. अमिय कृष्ण साहू, डॉ. कीर्ति अनुराग और डॉ. रूपेश सेनापति उपस्थित थे।

## मेमू ट्रेन दुर्घटना से बची, दो कर्मचारी निलंबित



**भुवनेश्वर/बालेश्वर।** मेमू ट्रेन दुर्घटना से बरते ने पर कार्रवाई। घटना में 2 रेलवे कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। नीलगिरि स्टेशन मास्टर सूरज सेठी समेत एक अन्य कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। खड़गपुर डीआरएम ने इन दोनों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। खबरों के मुताबिक, मंगलवार को मेमू ट्रेन भद्रक से खड़गपुर जाते समय नीलगिरि स्टेशन के बाद गलत ट्रैक पर चली गयी। और लोको पायलट की सूझबूझ से उसने ट्रेन को अचानक ब्रेक लगाकर रोक दिया। इसके चलते राजधानी एक्सप्रेस एक घंटे से अधिक समय तक नीलगिरि स्टेशन पर रुकी रही। अब इस घटना को लेकर रेलवे ने कार्रवाई की है। नीलगिरि स्टेशन मास्टर सूरज सेठी समेत एक अन्य कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। खड़गपुर डीआरएम ने इन दोनों कर्मचारियों को निलंबित किया है।

### ब्रिक्स समिट में शामिल नहीं होंगे पुतिन

# रूस के विदेश मंत्री बैठक में भाग लेंगे

एजेंसी

**जोहांसबर्ग।** साउथ अफ्रीका में 22 से 24 अगस्त तक होने वाली ब्रिक्स समिट में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन शिरकत नहीं करेंगे। होस्ट कंट्री साउथ अफ्रीका ने बुधवार को खुद यह ऐलान कर दिया। पुतिन की जगह रूस के फॉरेन मिनिस्टर सर्गेई लावरोव समिट में शामिल होंगे।

दरअसल, ब्रिक्स समिट में पुतिन के शामिल होने को लेकर होस्ट साउथ अफ्रीका पशोपेश में था। इसकी वजह यह है कि यूक्रेन पर हमले और वॉर क्राइम्स को लेकर रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट वॉरंट जारी कर चुका है और अगर वो जोहान्सबर्ग आते तो उनकी गिरफ्तारी का खतरा था। लिहाजा, साउथ अफ्रीकी और रूसी सरकार के बीच एग्रीमेंट हुआ और इसके बाद पुतिन की गैरमौजूदगी के बारे में जानकारी दी गई।

आइसीसी ने इसी साल मार्च में पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी किया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने यूक्रेन पर हमले के दौरान गैरकानूनी तौर पर यूक्रेनी बच्चों को रूस डिपोर्ट किया। दूसरी तरफ, रूस का दावा है कि वो आइसीसी का मेंबर ही नहीं है।



**उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का प्लेटफॉर्म**

**ब्रिक्स उभरती हुई इकोनॉमीज का प्लेटफॉर्म है। इसमें पांच देश शामिल हैं और पांचों देशों के नाम के पहले अल्फाबेट को लेकर बीआरआईसीएस शब्द बना है। ये पांच देश हैं- ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और साउथ अफ्रीका। फिलहाल, ब्रिक्स की चेयरमैनशिप साउथ अफ्रीका के पास है। पुतिन के शामिल न होने के बारे में साउथ अफ्रीका ने कहा- हमने रूस सरकार से इस बारे में बातचीत की थी। दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि पुतिन इस ब्रिक्स समिट में शिरकत नहीं करेंगे। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक- इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट में पुतिन के खिलाफ वॉर क्राइम्स को लेकर केस दर्ज है और अगर वो जोहान्सबर्ग आते तो मेंबर कंट्री होने के नाते साउथ अफ्रीकी सरकार को पुतिन को गिरफ्तार करना पड़ता। लिहाजा, दोनों देशों ने यह तय किया कि पुतिन इस समिट में हिस्सा ही न लें।**

## पत्रकारों को स्वास्थ्य बीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की घोषणा की



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने घोषणा की है कि कार्यरत पत्रकारों के लिए लागू गोपबंधु स्वास्थ्य बीमा योजना में बीमा की राशि 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जायेगी। इससे राज्य के 8717 कार्यरत पत्रकारों और उनके परिवारों को लाभ होगा। गौरतलब है कि गोपबंधु स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कार्यरत पत्रकार और उनके परिवार को दो लाख रुपये तक का चिकित्सा लाभ मिल रहा था। अब इसे बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया गया है ताकि पत्रकार और उनके परिवार को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें।

# टाटा-एर्नाकुलम-टाटा एवं कोरबा-विशाखापत्तनम-कोरबा एक्सप्रेस का आंबोदला में प्रायोगिक ठहराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** यात्रियों की सुविधा और यात्रा की मांगों को पूरा करने के लिए, 18189/18190 टाटा-एर्नाकुलम-टाटा एक्सप्रेस और 18517/18518 कोरबा-विशाखापत्तनम-कोरबा एक्सप्रेस को आंबोदला स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह प्रायोगिक आधार पर 20.07.2023 से प्रभावी होगा। 18189 टाटा-एर्नाकुलम एक्सप्रेस 14.53 बजे आंबोदला स्टेशन पहुंचेगी और 14.55 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी दिशा में 18190 एर्नाकुलम-टाटा एक्सप्रेस आंबोदला स्टेशन पर 17.06 बजे पहुंचेगी और 17.08 बजे रवाना होगी। इसी तरह ट्रेनों की एक और जोड़ी 18517 कोरबा-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 01.20 बजे आंबोदला स्टेशन पहुंचेगी और 01.22 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में 18518 विशाखापत्तनम-कोरबा एक्सप्रेस आंबोदला स्टेशन पर 01.22 बजे पहुंचेगी और 01.24 बजे प्रस्थान करेगी।

# शेख हसीना के खिलाफ सड़क पर उतरे हजारों लोग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ बुधवार को हजारों की तादाद में लोग सड़कों पर उतरे। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ढाका में लोगों ने 13 किलोमीटर लंबा मार्च निकाला। वहां विपक्ष की बुलाई रैली में पहुंचे



इन लोगों ने हसीना से इस्तीफे की मांग की। ढाका समेत 16 जगहों पर रैली निकाली गई। इस दौरान हुई हिंसा में विपक्षी दल के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए। लोकल मीडिया के मुताबिक बांग्लादेश के मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने फिर से चुनाव कराने की मांग को लेकर इन रैलियों का आयोजन किया था। बांग्लादेश में विपक्ष काफी समय से सत्ताधारी पार्टी (बांग्लादेश आवामी लीग) पर करप्शन और मानवाधिकारों के हनन का आरोप लगा रहा है। इठढ के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने शेख हसीना से तुरंत पद छोड़ने, संसद को भंग करने और देश में लोकतंत्र बहाल करने में मदद के लिए एक अंतरिम सरकार (केयरटेकर गवर्नमेंट) को सत्ता सौंपने की मांग की है।

# लीड ने छोटे शहरों में शिक्षा में बदलाव रखाव लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी स्कूल एडटेक कंपनी, लीड ने भारत में निम्न शुल्क वाले स्कूल खंड में प्रवेश हेतु अपनी योजनाओं की आज घोषणा की। कंपनी का उद्देश्य पूरे 'भारत' में अपर्याप्त सुविधा प्राप्त स्कूलों में उत्कृष्ट शिक्षा के नए युग को गति प्रदान करना है। भारत के निम्न-शुल्क वाले स्कूल खंड में विस्तार का लीड का यह निर्णय भारत के अग्रणी स्कूल एडटेक के रूप में दशक भर के परिचालन से प्राप्त अंतर्दृष्टि और गहरी समझ, एवं वर्ष 2028 तक 25 मिलियन से अधिक छात्रों और 60 हजार से अधिक स्कूलों को सेवा प्रदान करने के इसके मिशन से प्रेरित है। इस महत्वपूर्ण कदम के साथ, लीड अब भारत की सबसे तेजी से बढ़ती स्कूल एडटेक कंपनी बन गई है। साथ ही, यह टियर 3-4 शहरों और गांवों के कम शुल्क वाले स्कूलों से लेकर बड़े शहरों एवं महानगरों के मध्यम शुल्क वाले एवं प्रीमियर स्कूलों तक के सभी स्कूल खंडों में सेवा प्रदान करने हेतु अच्छी तरह से सशक्त है।

वर्ष 2023 में इससे पहले, लीड ने पियर्सन इंडिया के स्थानीय के-12 शिक्षण व्यवसाय का अधिग्रहण पूरा किया। इस



अधिग्रहण के साथ, लीड के पास अब भारत के 5 लाख से अधिक निजी स्कूलों की संपूर्ण शिक्षण आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए स्कूल एडटेक उत्पादों और सेवाओं का सबसे बड़ा पोर्टफोलियो है।

लीड के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुमीत मेहताने कहा, बार-बार के सर्वेक्षणों से यह पता चला है कि भारतीय स्कूल ज्यादातर कम शुल्क वाले स्कूल हैं जो महंगे, नवीन समाधान खरीद पाने में असमर्थ हैं। इसलिए, हमें कम शुल्क वाले स्कूलों के लिए समाधान डिजाइन करना पड़ा है ताकि हर बच्चा उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर सके। इस नवीनतम नवाचार के साथ, लीड के पास अब एक समाधान है जो भारत में 1 लाख से अधिक स्कूलों की जरूरतों को पूरा कर सकेगा।

100,000 से अधिक संस्थानों वाला, भारत का कम शुल्क वाला स्कूल खंड इसके छोटे शहरों और गांवों में केंद्रित है, और यहाँ इनके भविष्य के शैक्षिक परिणामों को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध है। भारत के स्कूल एडटेक क्षेत्र के हालिया विश्लेषण से संकेत मिलता है कि सभी खंडों के स्कूल तेजी से परिवर्तन और डिजिटलीकरण के लिए तैयार हैं, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दिशानिर्देशों पर आधारित है, जिसने डाटा के बढ़ते पैठ; और कोविड के चलते त्वरित रूप में डिजिटल साधनों के अपनाने पर बल दिए जाने के साथ स्कूलों में मल्टीमॉडल शिक्षण-शिक्षण को अनिवार्य बनाया है।

लीड का इंटीग्रेटेड स्कूल एडटेक सिस्टम, एनईपी 2020 के अनुरूप है और इसमें स्कूलों के सभी क्षेत्रों के लिए अनुकूलित, एआई-सक्षम पेशकश शामिल है। शिक्षा के प्रति लीड के समग्र दृष्टिकोण में प्रत्येक शिक्षक को अंतरराष्ट्रीय स्तर के बेंचमार्क वाले टूल और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने के लिए शिक्षक क्षमता प्रणाली; पारंपरिक कक्षाओं को डिजिटल रूप से सक्षम, मल्टी-मॉडल अध्ययन-अध्यापन स्थानों में बदलने के लिए स्मार्ट क्लाससमाधान; छात्रों के सीखने की प्रवृत्ति और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत पाठ्यक्रम; और प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित करने, परिचालन दक्षता बढ़ाने और स्कूलों को कार्रवाई योग्य डेटा अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए स्मार्ट स्कूलसिस्टम शामिल हैं। लीड के साथ, स्कूल बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन और प्रवेश के सभी लाभ प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। छात्र विषयों की गहरी वैचारिक समझ हासिल करने में सक्षम होते हैं; और संचार, सहयोग और आलोचनात्मक सोच जैसे 21वीं सदी के महत्वपूर्ण कौशल अर्जित करते हैं। वर्ष 2023 में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं में, 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लीड छात्रों का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से दोगुना था।

कम फीस वाले स्कूल क्षेत्र में लीड का प्रवेश भारत के शिक्षा परिदृश्य में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है, जो छात्रों, स्कूलों और समुदायों की क्षमता को उजागर करने का वादा करता है। अपनी परिवर्तनकारी पेशकशों और अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से, लीड भारत में शिक्षा को नया आकार दे रहा है और उज्जवल, अधिक आत्मविश्वास वाले भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**